डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शुक्रवार
14.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 05
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रश्मि प्रवाह
अगर समय किसी का इंतजार नहीं करता, तो आप सही समय का इंतजार क्यों करते हो, जो समय चल रहा है वही सबसे बेहतर समय है।

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-01 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

विशेष संपादकीय

2022 : राष्ट्रीय नवीन मेल

बेमिसाल : 29वें साल में प्रवेश ...

● सुरेश कुमार बजाज

14 अक्तूबर, 94 को पलामू की धरती से पहली बार किसी दैनिक अखबार राष्ट्रीय नवीन का प्रकाशन हुआ था। तब से आज तक इसका प्रकाशन जारी है। बाद में रांची से भी इसका प्रकाशन शुरू हो गया। इस प्रकार इसके दो- दो संस्करण लगातार प्रकाशित हो रहे हैं। 28 वर्षों से अविजित योद्धा की तरह इस अखबार की यह यात्रा जारी है। इसकी कहानी भी काफी रोचक है। यह जानना भी आप सब को जरूरी है। पलामू से उस जमाने में अखबार निकालना रेत से घी निकालने के समान था। अखबार की दुनियां में इसकी चर्चा खूब हुई। कारण पलामू के एक गांव से अखबार का प्रकाशन आश्चर्य और कौतूहल की बात थी। इस जिले से कई पत्र-पत्रिकायें समय-समय पर निकलती रही और बंद होती रही। ऐसे में किसी दैनिक का प्रकाशन असंभव सा काम था। उसे संभव कर दिखाने की जिद के आगे सब हार गये। अखबार की यात्रा आज अनवरत जारी है। याद आता है वह जमाना जब इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। विकास का कोई एजेंडा नहीं था। लोगों को खबरें रोज नहीं मिल पाती थी। अखबार आते थे,लेकिन एक दिन लेट। ऐसे में यह बात मन को कचोटती थी। मैंने संकल्प लिया और आज अखबार आपके हाथों में है। इसके पीछे का अथक परिश्रम और पलामू को आगे ले जाने का अद्वितीय संकल्प ऐसे प्रमुख तत्व हैं, जो हमारे संबल हैं। मैंने प्रकाशन के समय जो वादा यहां के लोगों से किया था कि मुझ से गलतियां हो सकती हैं,लेकिन मैं बेईमानी नहीं करूंगा। मुझे संतोष है कि मैंने ऐसा आज तक नहीं किया। पलामू की सर्वश्रेष्ठ परंपरा नफरत को प्यार के स्पर्श से जीतने का भाव पैदा करती है। कारण यह धरती राजा मेदिनीराय की है। लेकिन यहां के लोगों के सपने अधूरे हैं। बेरोजगारी, अशिक्षा, पलायन, सामंतवाद ने यहां डेरा जमा लिया था। हमने प्यार के स्पर्श से समय-समय पर खबरों के माध्यम से अभियान चलाया। न केवल अपने राज्य,बल्कि देश के अन्य राज्यों को पलामू की खूबियां -खासियतें बतायी, तो सरकार को यहां की पीड़ा से भी अवगत कराया। सरकार ने भी यहां की खोज खबर लेनी शुरू कर दी। हमें खुशी है कि हमारे

इस अभियान को जबर्दस्त सफलता मिली। आज यहां के प्रति सरकार संवेदशील है। यह सफलता हमें यूं ही नहीं मिली। इसे प्राप्त करने के लिए हमने आग के दरिया पर चलने का यत्न भी किया है। कई रातें मैं सो नहीं पाया। इन वर्षो में हम निरंतर जागते रहे। ताकि हमारे अभियान को मंजिल मिले। बेशुमार मुश्किलें के उस दौर में कभी टेलीप्रिंटर खराब,तो कभी दूरसंचार सेवा ठप्प.. कभी-कभी माइक्रोवेव प्रणाली फेल। मसलन फैक्स के साथ खबर आने के सारे रास्ते बंद। ऐसे में लोग सुबह पूछते थे,आखिर आपने अखबार निकाला कैसे? मैं हंस कर कहता..देखिये हमने कोई सेंधमारी नहीं की। हमने अपने संवाददाताओं को सिर्फ इतना कहा कि अपना ध्यान वे वहां केन्द्रित करें जहां आम आदमी पीड़ित हो। हमने रेडियो का सहारा लिया,दूरदर्शन की खबरें सुनी,खबरों को जुटाने की ईमानदार कोशिश की। आप यकीन मानिये,हमने इसके अलावा कुछ नहीं किया। हमनें कलम उठायी और उस पूरे संदर्भ को ज्यों का त्यों रख दिया। हमारे इस प्रयास को लोगों ने सराहा और हम जीत गये। यही कारण है कि बेमिसाल 28 साल का सफरनामा जारी रहा। आज से यह अखबार 29 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। बहरहाल आज समय बदल गये हैं। सोशल मीडिया, इलेक्ट्रोनिक मीडिया ने अपने पांव फैलाये हैं। लेकिन प्रिंट मीडिया की विश्वसीनयता आज भी जीवंत है। मेरे संकल्प आज भी वही हैं। हम किसी कीमत पर झूठी खबरों से नफरत नहीं फैलाने का काम करेंगे। ऐसे में हम शुक्रगुजार हैं अपने पाठकों का,जिनका प्यार और स्नेह हमें मिलता रहा है। जिन्होंने मेरा साथ दिया, हमारे सुख दुख में सहभागी बने हैं, हम उनके प्रति हृदय से आभारी हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल के तमाम पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्त्ताओं और सभी सहकर्मियों को बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार।

अतीत के झरोखे से -14 अक्टूबर 1994 लोकार्पण समारोह की झलकियां।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक, दिये महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

आमजनों को योजनाओं से जोड़ें : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभाकक्ष से आज 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान के दूसरे चरण के सफल क्रियान्वयन के संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पदाधिकारी जब भी शिविर में जायें वहां आम जनता के साथ 'जोहार' शब्द का प्रयोग करें। अलग-अलग गांव तथा पंचायतों में आम जनता के साथ जब मिले तो उनके ही भाषा-संस्कृति को प्राथमिकता में रखते हुए उनसे जुड़ें। पदाधिकारी आम जनता की भावनाओं को समझते हुए उन्हें योजना से जोड़ने का काम करें। जनता का साथ और सहयोग से ही राज्य सरकार द्वारा

संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत सफल संचालन किया जा सकेगा। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान का पहला चरण बहुत ही सकारात्मक और सफल रहा है। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों पर विश्वास जताया कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान का पहला चरण से भी बेहतर दूसरा चरण का प्रदर्शन रहेगा।

प्रत्येक गांव में 5-5 योजना अविलंब स्वीकृत करें : मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के अंतर्गत 14 लाख नये किसानों को जोड़ा गया है। अभी भी करीब आठ लाख आवेदन बैंकों में लंबित हैं जिन्हें इस अभियान के दौरान निष्पादित किया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक गांव में 5-5 योजना अविलंब स्वीकृत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत मिलनेवाले ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक वृद्धि, राज्य के 35 लाख बच्चों को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ कक्षा आठवीं में अध्ययनरत बच्चियां से प्रारंभ होगी। जब तक ये बच्चियां 18 से 19 होंगी तब तक इनको स्वास्थ्य एवं शिक्षा हेतु कुल 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। यह राशि उन्हें मिलनेवाली छात्रवृत्ति के अतिरिक्त उन्हें दी जायेगी। इस योजना का लाभ राज्य के 9 लाख किशोरियों को मिलेगा। पात्र लाभुकों को शिविरों में अनिवार्य रूप से जोड़ने का प्रयास होनी चाहिए ताकि लक्ष्य को पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति योजना के तहत बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति में तीन गुना तक की वृद्धि की गयी है। राज्य के स्कूलों में अध्ययनरत 35 लाख गरीब बच्चों को छात्रवृत्ति योजना से जोड़कर उन्हें लाभान्वित करने का अलग रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। करीब 10 लाख नये लोगों को पिछले एक साल में इस योजना से जोड़ा गया है। अभी भी कई लोग छूटे हैं जिन्हें इस एक महीने के अभियान के दौरान जोड़ना है। आप यह लक्ष्य निर्धारित करें कि इस एक माह के अभियान में कम से कम पांच लाख नये पात्र लोगों को जोड़ा जा सके। सर्वजन पेंशन योजना के तहत जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन आवेदनों का निस्तारण तीव्र गति से कर लक्ष्य को पूरा करें।

राज्यपाल रमेश बैस व केंद्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने किया ग्रामीण उद्यमी दीक्षांत समारोह को संबोधित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची में गुरुवार को संसदीय संकुल विकास परियोजना के तहत ग्रामीण उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल प्रशिक्षुओं को राज्यपाल रमेश बैस ने प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर केंद्रीय उद्यमिता एवं कौशल विकास राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर समेत कई लोग उपस्थित थे। इस प्रकार का पहला शिविर मध्य प्रदेश में आयोजित हुआ था जबकि दूसरा शिविर रांची में लगा। इस दौरान राज्यपाल रमेश बैस ने उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम कि सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए साथ ही सरकार की ओर से आदिवासियों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर केंद्रीय उद्यमिता एवं कौशल विकास राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार युवाओं के कौशल प्रशिक्षण पर बल दे रहे हैं। इसी लक्ष्य को ध्यान में रख कर स्किल इंडिया कार्यक्रम चलाया जा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मोदी ने चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

शिमला (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देश की चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हिमाचल प्रदेश के ऊना रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन हिमाचल प्रदेश के अंब अंदौरा स्टेशन से नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच चलेगी। अधिकारियों ने कहा कि नयी वंदे भारत ट्रेन पहले की ट्रेन की तुलना में अधिक उन्नत और हल्की है तथा कम अवधि में तेज गति से चलने में सक्षम है। ट्रेन बुधवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी और अंबाला, चंडीगढ़, आनंदपुर साहिब तथा ऊना में रुकेगी। यह महज 52 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। इस ट्रेन की शुरुआत से क्षेत्र में पर्यटन को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कर्नाटक शिक्षण संस्थानों में हिजाब विवाद मामला

सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की अलग-अलग राय

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा राज्य में शिक्षण संस्थानों में हिजाब प्रतिबंध के खिलाफ याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय के दो जजों-जज हेमंत गुप्ता व जज सुधांशु धूलिया की पीठ ने फैसला सुनाया। लेकिन दोनों का फैसला एक-दूसरे के वितरित रहा। जिसके कारण इस मामले को भारत के मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया गया, जो इस मामले को सुनवाई के लिए ज्यादा संख्यावाली जजों की पीठ को सौंपेंगे। इस मामले में जस्टिस हेमंत गुप्ता ने हिजाब प्रतिबंध को सही ठहराया है। जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के प्रतिबंध जारी रखने के आदेश को रद्द कर दिया। मालूम हो कि जज हेमंत गुप्ता 16 अक्टूबर 2022 को सेवानिवृत हो रहे हैं। जस्टिस हेमंत गुप्ता ने हिजाब प्रतिबंध सही ठहराते हुए क्या तर्क दिया और जस्टिस सुधांशु धूलिया ने क्या तर्क देकर कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश

को खारिज किया -

जस्टिस हेमंत गुप्ता ने निम्न 11 सवाल उठाते हुए हिजाब प्रतिबंध को सही ठहराया : जस्टिस हेमंत गुप्ता ने कहा कि हमारी राय अलग है। मेरे आदेश में 11 सवाल उठाये गये हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या छात्रों को अनुच्छेद 19, 21, 25 के तहत वस्त्र चुनने का अधिकार दिया जा सकता है? अनुच्छेद-25 की सीमा क्या है? व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार की व्याख्या किस तरह से की जाये? क्या कॉलेज छात्रों की यूनिफॉर्म पर फैसला कर सकते हैं? क्या हिजाब पहनना और इसे प्रतिबंधित करना धर्म की स्वतंत्रताका उल्लंघन है (अनुच्छेद 25)? क्या अनुच्छेद-25 और अनुच्छेद-19 (भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) परस्पर अनन्य हैं? क्या कर्नाटक प्रतिबंध मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है? क्या हिजाब पहनना इस्लाम के तहत आवश्यक अभ्यास का हिस्सा है? क्या सरकारी आदेश शिक्षा तकपहुंच के उद्देश्य को पूरा करता है? क्या अपील को संविधान पीठ को भेजा जाना चाहिए? मालूम हो कि जस्टिस हेमंत गुप्ता मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में चीफ जस्टिस रह चुके हैं।

जस्टिस सुधांशु धूलिया ने क्या तर्क देकर प्रतिबंध को खारिज किया : जस्टिस धूलिया ने हिजाब पर प्रतिबंध लगाने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले पर असहमति जताते हुए कहा कि इस विवाद में आवश्यक धार्मिक अभ्यास की पूरी अवधारणा जरूरी नहीं थी। हाईकोर्ट ने इस मामले पर गलत रास्ता अपनाया। यह पूरी तरह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

आपके बोलने के तरीके से होनेवाली बीमारी का लगाया जा सकेगा पता

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित यंत्र से अल्जाइमर, कैंसर, लकवा आदि का चल सकेगा पता
- बीमारियों को आसानी से पहचानने के लिए पांच क्षेत्रों में आवाज के लिये हैं सैंपल

- आरपी सिंह

नयी दिल्ली। अमेरिका की फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के हेल्थ वॉइस सेंटर ने लगभग 30 हजार प्रकार की आवाजों पर शोध करके एक डेटाबेस तैयार किया गया है। जिसके आधार पर किसी व्यक्ति के बोलने के तरीके से उसे होनेवाले बीमारी का पूर्वानुमान किया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित यंत्र व डाटा इस टूल के मार्फत अल्जाइमर, कैंसर, लकवा व अन्य कई तरह के रोग की संभावना का पता लगाया जा सकेगा। इस शोध से जुड़े प्रोफेसर येल बेनसोयूसन का कहना है कि ऐसा व्यक्ति जिसकी आवाज धीमी हो और पिच टोन लो होती जाये, वह लकवा रोग से पीड़ित हो सकता है। इसी तरह आवाज में अचानक भारीपन होने पर हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है। अटक-अटक कर बोलना लकवा होने का संकेत हो सकता है। इसी तरह अन्य आवाजों के आधार पर बीमारियों की पहचान हो सकेगी। इसकी जांच के लिए लोगों को एप्प पर दी गयी पंक्तियों को पढ़ना होगा। दूसरी तरफ कई बड़ी आईटी कंपनियां भी इस बारे में तेजी से काम कर रही हैं। वॉइस असिस्टेंट तैयार किया जा रहा है। अमेजन का एलेक्सा आवाज में बदलाव होने पर संदेश देगा कि आपको सर्दी या जुकाम है। वह आपको किसी डॉक्टर से सलाह लेने का भी सुझाव भी दे सकता है। इस शोध में शोधकर्ताओं की टीम ने पांच क्षेत्रों में आवाज के सैंपल एकत्रित किये हैं। इसमें तंत्रिका संबंधी, आवाज संबंधी, मनोदशा संबंधी, श्वसन संबंधी और आत्मकेंद्रित व बच्चों में बोलने को लेकर हिचकिचाहट भी शामिल है। यह इसलिए ताकि बीमारियों की आसानी से पहचान की जा सके।

न्यूज गैलरी

मानसिक रोग से ग्रसित महिला दस दिनों से लापता, सनहा दर्ज

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र के झरहा गांव निवासी संजय कुमार सिंह की 30 वर्षीय पत्नी नेहा देवी पिछले दस दिनों से लापता है। इस संबंध में संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में लापता होने से संबंधित सन्हा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वह 3 अक्टूबर से ही अचानक गायब हो गई। अपने रीश्तेदारों सहित आसपास के गांवों में खोजबीन की। परंतु कुछ पता नहीं चल सका है। जबकि उसके दो बच्चे भी हैं। एक बच्चा सात वर्ष और दूसरा चार वर्ष का है,जो दोनों घर पर ही है। हुसैनाबाद थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह मानसिक रोग से ग्रसित है। उधर हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि वितंतु संवाद के द्वारा सभी थाना को अवगत करा दिया गया है। साथ ही पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

सात स्थानों पर सोलर जल मीनार का उदघाटन, लोगों में खुशी

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र के सात जगहों पर लगे सोलर आधारित जलमिनार का उद्घाटन गुरूवार को किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, सोनी देवी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। जलमिनार के उद्घाटन के बाद स्थानीय लोगों में खुशी देखी गई। लोगों का कहना था कि जलमिनार के लगने से हमलोगों को पीने के पानी के लिए काफी सहूलियत होगी। अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि वार्ड दो के सैदाबाद, वार्ड तीन के रामबिघा, वार्ड छह के रविदास नगर, वार्ड आठ के सूर्यमंदिर व पटेल चौक, वार्ड 13 के जपला चौबे, वार्ड 15 के मिजार्पुर में लगे सोलर आधारित जलमिनार शुरू होने से स्थानीय लोगों को पानी की किल्लत से निजात मिलेगी। इससे लगभग पांच सौ घरों को निर्बाध रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी। नगर पंचायत क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर मुखर है। क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ जनसमस्याओं का समाधान किया जा रहा है। हुसैनाबाद नगर पंचायत को स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे है।

एल्बेंडाजोल दवा के प्रभाव को जानने पहुंची केंद्रीय टीम,कई विद्यालयों का लिया जायजा

हुसैनाबाद। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, भारत सरकार के डॉ प्रतीक कुमार सिंह, डॉ. अवनीन्द्र द्विवेदी व अन्य की टीम के द्वारा हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय और कस्तूरबा विद्यालय में बच्चों में अल्बेंडेजोल की दवा के प्रभाव को लेकर गुरुवार को विजिट किया। इस दौरान केंद्रीय टीम के चिकित्सकों के द्वारा लगभग 150 बच्चों को सैंपल का कंटेनर दिया गया। उस कंटेनर में बच्चे कल अपना सैंपल लायेंगे। जिनका जांच केंद्रीय टीम के द्वारा शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में की जायेगी। साथ ही टीम के डॉ अवनीन्द्र द्विवेदी ने विद्यार्थियों को कृमि रोग के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। टीम के साथ डॉ. प्रतीक सिंह, डॉ. अवनीन्द्र द्विवेदी, वेंकट, एल राम एवं अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, संगीता कुमारी एएनएम और अमित कुमार उपस्थित थे

चित्रांश आईटीआई में रोजगार मेला 15 को

हरिहरगंज। स्थानीय भगत तेंदुआ स्थित एसआरएम चित्रांश प्राइवेट आईटीआई के द्वारा विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवक- युवतियां के लिए 15 अक्टूबर दिन शनिवार को रोजगार मेला लगाया जा रहा है। सुबह 8:30 बजे से शुरू होने वाले इस रोजगार मेले में युवक-युवतियों को रोजगार पाने का मौका मिलेगा। मेले में विभिन्न कंपनियां आवेदकों को परखेंगी। इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित दिन आईटीआई में पहुंचकर अपनी योग्यता और अनुभव के आधार पर विभिन्न कंपनियों के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हो सकती हैं। उक्त बात की जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य चंदन प्रजापति ने दी। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके आवेदकों के लिए नौकरी के अवसर मिलेंगे। दोपहर 3 बजे तक चलने वाले इस रोजगार मेले में प्रशिक्षण प्राप्त सभी आवेदक शामिल हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आवश्यक कागजात आईटीआई तथा मैट्रिक का सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, उम्र 18 से 32 वर्ष तक, रिज्यूम एवं पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

आर्यभट्ट मैथेमेटिक्स परीक्षा में ब्राइट लैंड स्कूल के तीन परीक्षार्थी सफल

मेदिनीनगर। आर्यभट्ट मैथेमेटिक्स ओलंपियाड परीक्षा दिन रविवार को प्लस 2 हाई स्कूल छतरपुर मनोहर यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। जिसमें ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों का चयन किया गया । जिसमें चंद्रशेखर कुमार, कासीफ खान एवं अर्थव कुमार सफल हुए। विद्यालय के संचालक अंजना मिश्रा एवं प्रधानाध्यापक पंकज कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से विद्यालय के बच्चों को सम्मानित किया और आगे नये सोच के साथ कठिन परीक्षा करने के लिए प्रेरित किया । इसमें विद्यालय के शिक्षक मनोज वर्मा , विजय कुमार , जितेन्द्र ठाकुर , तनु कुमारी , उमेश विश्वकर्मा मौजूद रहे।

आइसा दीक्षांत समारोह में भाग लेने आ रहे राज्यपाल का विरोध करेगी

मेदिनीनगर। आइसा के जिला कार्यालय लालचंद साहू भवन शांतिपुरी, मेदिनीनगर में दीक्षांत समारोह के विरुद्ध प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। जिसमें 14 अक्टूबर 2022 को नीलांबर पीतांबर में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें राज्यपाल रमेश बैस भाग ले रहे है। आइसा उसका विरोध करेगी। क्योंकि यह आयोजन लगभग छह साल बाद हो रहा है, जबकि यह हर वर्ष होना चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा 3 वर्ष का कोर्स 5 वर्ष में पूरा करके दीक्षांत समारोह में डिग्री देना सीधा शिक्षा का अपमान है। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आइसा जिला सचिव गौतम कुमार दांगी ने कहा कि दीक्षांत समारोह के नाम पर छात्रों का पैसा बेफिजूल खर्च किया जा रहा है । आइसा इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और महामहिम राज्यपाल का जोरदार तरीके से विरोध किया जायेगा। जब से नीलाम्बर पिताम्बर विश्वविद्यालय का गठन हुआ है । तब से आज तक कभी भी समय पर सत्र पूरा नहीं हुआ । जीएलए कॉलेज का गर्ल्स हॉस्टल बन करके तैयार है, लेकिन अभी तक इसको चालू नहीं किया गया। जीएलए कॉलेज में सीटों के अभाव के कारण बहुत सारे छात्रों का नामांकन नहीं हो पा रहा है। एक तरफ दीक्षांत समारोह का ढोंग रचा जा रहा है तो दूसरी तरफ छात्रों के ऊपर विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा दमन किया जा रहा है। पिछले लगभग छह साल से छात्रसंघ का चुनाव नही हुआ है। जे एस कॉलेज और योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में प्रतिष्ठा के सभी विषय उपलब्ध नहीं है। इधर जीएलए कॉलेज जो पलामू प्रमंडल का धरोहर है। उसमे नामांकन के लिए मारामारी जैसी समस्या उत्पन्न होती रहती है।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई समस्याओं का हुआ समाधान

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज । प्रखंड परिसर में गुरुवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 4 के लिए आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, सिटी मैनेजर अजमल हुसैन ने संयुक्त रूप किया। शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, होल्डिंग टैक्स, बैंक, कृषि, निर्वाचन सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। वही युवा समाजसेवी राजीव रंजन, राजद नेता कमलेश

कुमार यादव, समाजसेवी संतोष प्रजापति, पूर्व मुखिया सरोज प्रसाद, झामुमो नेता अमित कुमार सिंह आदि ने ग्रामीणों को शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने शिविर में सरकार की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनायों की जानकारी दी । वही बीडीओ ने बताया कि वार्ड 5 से 8 तक के लिए शिविर 19 अक्टूबर को लगायी जायेगी। शिविर में सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों की जांच कर ऑन स्पॉट स्वीकृति दी गयी। मौके पर सीएलटीसी संजय राणा, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, सीईओ बिचित्रा सिंह, समाजसेवी मनीष सिंह, एनसीपी नेता अखिलेश मेहता, अजय सिंह, मनोज मेहता, अनुज कुमार, काजू चौधरी, शंभू यादव, मो. आबिद उर्फ मुन्ना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को लाभ पहुंचाना हैं: जिला प्रोग्राम पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम चला रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला पंचायत सचिवालय में और नगर पंचायत के बारह वार्ड भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रमन कुमार, बीडीओ रतन कुमार, सीओ नंद राम, जिप सदस्य राजू मेहता, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, देवरी कला पंचायत के मुखिया मनोज भारती और नपं क्षेत्र में कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज, वार्ड पार्षद उमा देवी ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मौके जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रमन कुमार ने कहा की सरकार के तीन वर्ष पूरा होने पर पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से योजनाओं का लाभ जरूरमंदों को दिया जा रहा है। शिविर में हरा राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं के लिए आवेदन लिया गया। मौके पर कई लाभ जरूरतमंदों को दिया गया। साथ ही मनरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज, पंसस अनिता देवी, अजित सिंह समेत पंचायत के कई वार्ड सदस्यों के अलावा शहरी व कई ग्रामीण मौजूद थे।

दुर्घटना को लेकर सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। वाहनों के अनियंत्रित परिचालन से लोगों में आक्रोश है। यही कारण है कि सड़क दुर्घटना में लोगों की जान जा रही है। ताजा मामले की बात करें तो बैरियाडीह चराई मोड़ पर अनियंत्रित कंटेनर ने प्रवेश प्रजापति 45 वर्ष की जान ले ली। कंटेनर द्वारा कुचले जाने से मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलते ही नगर पंचायत के पूर्व और भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने घटनास्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और प्रशासन से मुआवजे की मांग की। साथ ही तत्काल संवेदनशील जगहों पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की। मौके पर लोगों से अरविंद गुप्ता ने चंदा कर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता भी प्रदान किया। साथ ही थाना प्रभारी ने भी आर्थिक मदद की। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी शेखर कुमार और नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी कामेश्वर बेदिया ने आश्वस्त किया कि सारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जायेगा। फिलहाल शहर के चार महत्वपूर्ण जगहों पर ब्रेकर लगाने की बात कही और उसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी। इस मौके पर अरविंद ने कहा कि बार बार होनेवाली दुर्घटनाओं से लोगों में उबाल है । अब हालात कंट्रोल से बाहर है। सरकार मृतक के परिजनों को मुआवजा दे। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल कंटेनर को पुलिस ने जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम को सदर अस्पताल भेज दिया है। मौके पर संतोष सिंह, सनोज कुमार, कमलेश गुप्ता, रणजीत सिंह, मुन्ना प्रजापति, रजनीश कुमार, दीपक रवि, डोमन प्रजापति, अमित, दीपू, गणेश, महेंद्र, जोगिंद्र सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में जनता ने सड़क का मामला उठाया

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सरकार द्वारा आयोजित आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम प्रखण्ड के देवरी कला पंचायत में लगाया गया। जिसमें मौके पर उपस्थित जीप सदस्य राजू मेहता,प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी,मुखिया मनोज भारती,पंचायत समिति सदस्य प्रथम एवं दूसरे अजित कुमार सिंह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी नंदकुमार राम ,एवं पंचायत सेवक के अलावा सभी लोग उपस्थित थे। जिसमें पंचायत की जनता के विभिन्न विभागों से सम्बंधित शिकायत सुना गया । कई शिकायत का ऑन स्पॉट निष्पादित भी किया गया । वहीं देवरी खुर्द की जनता ने बीते दिनों अपने पंचायत सचिवालय में जिला परिषद सदस्य से देवरी खुर्द पंचायत मुख्याल से ग्राम बनकट तक कि सड़क और ग्राम बनकट टोला सपही में सड़क नही होने का मामला उठाया। जिसको लेकर जीप सदस्य राजू मेहता ने आज प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से उक्त दोनों समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेकर कार्य पूरा कराने की मांग किया हैं उन्होंने पत्र में यह भी कहा हैं कि हमलोग आजादी के अमृत उत्सव मना रहे है।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

पंचायत में लगाया गया शिविर

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। झारखंड सरकार के 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में सरकार के महत्वकांक्षी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत पाटन प्रखंड के सेमरी पंचायत में शिविर लगाया गया। शिविर का संचालन मनरेगा के कंप्यूटर सहायक धीरज सिंह के द्वारा किया गया। शिविर मे कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के संस्कृति के मिट्टी कां दीप जलाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, सेमरी पंचायत के मुखिया सुमति देवी झारखंड मुक्ति मोर्चा जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह ने की। शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाया गया था। जिसमें वृद्धा पेंशन राशन, प्रधानमंत्री आवास, केसीसी मनरेगा, पशुधन, आधार कार्ड समेत अन्य प्रकार के स्टाल लगाये गये थे। प्राप्त आवेदन के ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया गया । इस शिविर में पंचायत के ग्रामीण पहुंचकर अपने सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना का लाभ हेतु आवेदन दिए और सरकार द्वारा चलाई गई योजना सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का मुखिया और बीडीओ द्वारा वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित मौके पर अंचलाधिकारी लालबाबू, झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह,बीपीओ रणधीर कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित चौबे, ब्लॉक बड़ा बाबू मृत्युंजय सिंह, आवास कोऑर्डिनेटर रंजन कुमार, शिव शंकर प्रसाद ,जेई, पंचायत सेवक रोजगार सेवक मौजूद थे।

सरैया आंगनबाड़ी भवन की स्थिति जर्जर,कभी भी हो सकता है हादसा

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। पिपरा प्रखंड अंतर्गत सरैया पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन काफी जर्जर हालत में हैं। यहां के भवन में बड़े-बड़े दरार स्पष्ट रूप से दिखाई देता हैं। साथ ही छत के प्लास्टर भी उखड़े-उखड़े हैं। जिसके चलते किसी भी अनहोनी की आशंका हमेशा बनी रहती है। इस वजह से भी यहां कम बच्चों की ही उपस्थिति दर्ज हो रही है। गुरुवार को विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष हरिवंश पासवान ने संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का दौरा किया। यहां के सेविका रमनी देवी तथा बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि यहां छत का प्रति दिन प्लास्टर टूटने की घटना से कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। भवन की इस खराब हालत होने के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह ने कहा कि फिलहाल

बच्चों को जर्जर भवन से बाहर बैठाकर पढ़ाया जाय। वही जर्जर भवन का पुनर्निर्माण के लिए विधायक कमलेश कुमार सिंह से बात रखेंगे। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, समाजसेवी संदीप पासवान, सहायिका शोभा देवी, मिठू सिंह, शिवनंदन राम सहित कई लोग मौजूद थे।

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक की मौत

अन्य दो लोगो की स्थिति गम्भीर

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू थाना क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की स्थिति नाजुक एक मौत। जानकारी अनुसार पहला दुर्घटना उत्तर कोयल नाहर के पास हैदरनगर जपला मुख्य सड़क पर दो मोटरसाइकिल आमने सामने जोरदार टकरा गई। जिसमें दोनो घटना स्थल पर ही बेहोश हो गये। राहगीरों और स्थानीय पुलिस की मदद से दोनो को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में लाया गया। जहां दोनो की नाजुक स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया । जहाँ एक कि मौत मेदिनीनगर ले जाने के क्रम में ग्राम लाठेया के पास रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं दूसरे की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि दोनों युवक हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। जिसमें एक मृतक चंदन शर्मा उम्र 26 वर्ष पिता संजय शर्मा ग्राम सिमरसोत एवं दूसरा सूरज कुमार चंद्रवंशी पिता लाला चंद्रवंशी ग्राम

सहारबिहरा दोनो थाना हैदरनगर के निवासी है तथा जपला से हैदरनगर नगर के तरफ आने जाने के क्रम में एक दूसरे से जोरदार टकरा गये। बताया जाता हैं कि दोनों युवक काफी तेज गति में थे । इसलिए टक्कर इतना जोरदार था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मात्र एक घण्टा के अंतराल में तीन बजे दूसरी घटना हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार ओपी अंतर्गत ग्राम नदिया के पास एक मोटरसाइकिल ने साइकिल सवार युवक को धक्का मार दिया । जिसमें दोनों गम्भीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि प्रमोद राम उम्र 25 वर्ष पिता जगन्नाथ राम नवीनगर औरंगाबाद बिहार के निवासी मोटरसाइकिल से जपला दंगवार की ओर आ रहा था। तभी नदिया के पास ओम प्रकाश शर्मा उम्र 40 वर्ष ग्राम दादरा हुसैनाबाद थाना निवासी को जोरदार धक्का मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। उन दोनों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में कराया जा रहा है । जहां पर एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जिसके बेहतर इलाज हेतु एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया गया है। दोनों घटना में मौके पर पुलिस पहुंच कर घटना की जांच में जुट गई हैं। इधर थाना प्रभारी ने मोटरसाइकिल चालकों को शक्त हेलमेट सेफ़्टी की अनुपालन करने का निर्देश दिया।

कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाषः (06526) 222932, फैक्सः 224599
ई–मेलः ssaloh@rediffmail.com
lohardagassa@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

अति अल्पकालीन निविदा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2022–23 हेतु लोहरदगा जिलान्तर्गत अवस्थित 05–कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, भण्डरा, किस्को, कुडू, लोहरदगा एवं सेन्हा, 02–झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो एवं पेशरार तथा 01–नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही में आवश्यक सामग्रियों यथा खाद्य, अखाद्य एवं अन्य सामग्री दिनांक 22.10.2022 के अपराह्न 01:00 बजे तक निविदा प्रपत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक 22.10.2022 को अपराह्न 02:00 बजे तक होगी।

पूर्ण निविदा प्रपत्र को प्राप्त करने के लिए **Jharkhand Education Project, Lohardaga** के नाम से प्रतिदेय **(Non-Refundable)** रूपये 1,000.00 (एक हजार रूपये) मात्र बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR 279818 Lohardaga(22-23)D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, गढ़वा

सूचना

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु आरक्षण का प्रावधान करने के लिए **"झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022" 12 सितम्बर 2022** को ई–गजट में प्रकाशित हुआ है एवं तदालोक में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीद्वारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी हो गया है।

अतः गढ़वा जिलान्तर्गत वैसे सभी प्रतिशठान **जिनके यहाँ 10 या 10 से अधिक** कार्यबल है, उन्हे सूचित किया जाता है कि वे झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 279805 Labour Employment and Traning(22-23)#D

e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT, JHARKHAND, RANCHI

Notice Inviting Tender
(Very Short Notice)
ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-BCD/CIR/RANCHI/Latehar,Div/2022-23 Date:-13-10-2022

1	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
(I)	CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BENDI PANCHAYAT AT BENDI, BLOCK-LATEHAR ,DIST-LATEHAR.	रू0 55,25,400.00	09 महीने
(ii)	CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT PESHRAR, PANCHAYAT - PESHRAR,BLOCK-LATEHAR,DIST-LATEHAR.	रू0 55,25,400.00	09 महीने
(iii)	CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT PAKARIPATH , PANCHAYAT - SOHARPATH, BLOCK -MAHUADANR, DIST-LATEHAR.	रू0 55,25,400.00	09 महीने
(iv)	CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT CETMA, PANCHAYAT -AKSI-BLOCK MAHUADANR, DIST-LATEHAR.	रू0 55,25,400.00	09 महीने
(v)	CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT ARKIKETHA,PANCHAYAT - BARKADIH, BLOCK-MANIKA, DIST-LATEHAR.	रू0 55,25,400.00	09 महीने

2	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	22-10-2022
3	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	27-10-2022 को अपराह्न 3.00बजे
4	हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय	28-10-2022 को दोपहर 12.00बजे तक
5	निविदा खोलने की तिथि/ समय	28.10.2022 को अपराह्न 3.00 बजे
6	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।
7	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9931152315/8987663716
8	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651-3512691

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.inपर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement CellOFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 279834 (Building Dept Circle - 2) 22-23 (D)

प्रज्ञा केंद्र खुलने से डिजिटल सेवा हुआ सुलभ : मुखिया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पंचायत सचिवालय पोलपोल में प्रज्ञा केंद्र खुलने से जनहित से जुड़े डिजिटल कार्यों में सहूलियत होगी। उक्त बातें पोलपोल कला पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी ने कही। वे गुरुवार को पोलपोल पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र के उद्घाटन समारोह में बोल रही थी। उन्होंने प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। विदित हो कि पंचायत के लोगों के सुविधाओं के लिए पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र खोला गया है। पंचायत सचिवालय में पंचायत वासियों के लिए इसका शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय में ऑनलाइन एवं डिजिटल सेवा से जुड़े कार्यों के निष्पादन की सुविधा नहीं होने के कारण पंचायत का कार्य बाधित हो रहा था। इसे देखते हुए पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र खोला गया है। प्रज्ञा केंद्र संचालक को मुखिया ने हर संभव सहयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी प्रकार के अवैध वसूली कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने का बात कही। कार्यदिवस के पहले दिन आराध्या गुप्ता का आधार पंजीकरण किया गया। इस संबंध में प्रज्ञा केंद्र संचालक अभिमन्यु कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिदिन कार्य दिवस में 10 बजे से पांच बजे शाम तक प्रज्ञा केंद्र खुला रहेगा । वहीं रविवार व अवकाश के दिन बंद रहेगा । मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुशील सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ शमीम अंसारी, उप मुखिया आशा कुमारी, पूर्व मुखिया सचिंद्र कुमार, अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय, भरदुल कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, अखिलेश सिंह, धर्मराज सिंह ,महेंद्र सिंह ,महेश प्रसाद ,अरविंद गुप्ता ,लाल बिहारी सिंह ,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

राजेश कुमार महतो

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष
फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स
दक्षिणी छोटानागपुर, लोहरदगा।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

एक शुभचिंतक
लोहरदगा।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

शशांक सुमन

अध्यक्ष
पलामू युवा इंटक।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मां मेडिसिन

आरपी सिन्हा कैंपस,
नावाटोली डालटनगंज,
पलामू (झारखंड)।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विजयानंद पाठक

जिलाध्यक्ष
भाजपा, पलामू।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मणिकांत सिंह

उपाध्यक्ष
युवा कांग्रेस, पलामू।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

गुरुदयाल उर्फ

गोलू कुमार
पांकी पूर्वी पंचायत युवा समाजसेवी।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

पंचम प्रसाद

प्रमुख
पांकी, प्रखंड, पलामू।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रेम प्रसाद गुप्ता

पांकी पूर्वी मुखिया
पांकी, पलामू।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राजकुमार प्र. गुप्ता

प्रसिद्ध व्यवसाई सह युवा
समाजसेवी, पांकी, पलामू।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अनारीक राम

पांकी पूर्वी के उप मुखिया
पांकी, पलामू।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार के 29वां स्थापना दिवस पर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

इंद्रजीत लकड़ा (संतोष)

अध्यक्ष
केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, लोहरदगा।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

प्रकाश नगेसिया

उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सोनवार।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

शमशुल अंसारी

जिलाध्यक्ष
झारखंड राज्य दफादार पंचायत
जिला शाखा लोहरदगा।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार के 29वां स्थापना दिवस पर समस्त लोहरदगा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

शशि शेखर कुमार

थाना प्रभारी
जोबांग थाना, किस्को, लोहरदगा।

स्पाइसी विलेज परिवार की ओर से राष्ट्रीय नवीन मेल की 29वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई।

राष्ट्रीय नवीन मेल

स्पाइसी विलेज परिवार

" राष्ट्रीय नवीन मेल " दैनिक अखबार के 29 वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियो को हार्दिक शुभकामनाएं

लक्ष्मी नर्सिंग होम

शंति नगर, किस्को मोड़, लोहरदगा – 835302
Mo. 9155100075, 9386984445
24 HOURS EMERGENCY

Dr. S. KUMAR
M.B.B.S, M.D(MEDICINE)

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

वशिष्ठ नारायण सिंह

अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी
लोहरदगा।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

डा. वाघमारे पसाद कृष्ण

उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लोहरदगा।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त लोहरदगावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार के 29वां स्थापना दिवस पर समस्त लोहरदगा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

Registration No.- 2035600307

SUNRISE HOSPITAL

Mathura Das Lane Opp. Menka Hall, Lohardaga
Mob.- 7061119525, 8298499174, 9693965886

- बेवी इन्क्यूवेटर एवं फोटो थेरेपी की व्यवस्था।
- वार्मर की सुविधा उपलब्ध ।
- ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध ।
- पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध।
- ऑपरेशन थियेटर की सुविधा उपलब्ध।
- नेबुलाइजर की सुविधा उपलब्ध।
- जनलर सर्जन एवं फिजीशियन की सुविधा।
- नस से सम्बंधीत इलाज के लिए सेवा उपलब्ध ।
- टुटी हुई हड्डी का प्लेटिंग एवं रॅड लगाने की व्यवस्था।
- एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध।
- ECG की विशेष व्यवस्था ।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त लोहरदगावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

लोहरदगा दन्त चिकित्सा केन्द्र

एमएम मार्केट, पीएनबी बैंक के नीचे, राणा चौक, लोहरदगा।
मो. 8709100412, 9471171359

राष्ट्रीय नवीन मेल

Dr. T. Sahu
डा. टी. साहु
D.D.H.(AFMCPune)
रिटायर्ड आर्मी सह
समाजसेवी, लोहरदगा।

Dr. Arti Kumari
डा. आरती कुमारी
BDS banglore MDS (ITS-CDSR)
Delhi PROSTHODONTICS &
ORAL IMPLANTOLOGIST

कार्यालय नगर परिषद्, लोहरदगा।

" शुभकामना संदेश "

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त लोहरदगावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

श्रीमती अनुपमा भगत अध्यक्ष नगर परिषद्, लोहरदगा।	श्री रउफ अंसारी. उपाध्यक्ष नगर परिषद्, लोहरदगा
कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर परिषद्, परिवार लोहरदगा ।	वार्ड पार्षदगण नगर परिषद्, लोहरदगा।

न्यूज गैलरी

कठौतिया गांव में एक ही रात में दो घरों में हुई चोरी

चिनियां। थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव में बीती रात दो घरों में अज्ञात चोरों ने खपरैल छत फांदकर कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। तो वही भुक्तभोगी कठौतिया गांव निवासी अशोक कुमार साव ने चिनिया थाने में लिखित आवेदन दिया है कि बुधवार की रात्रि घर में रखें एक सोने की अंगूठी एक सोने की नथिया गैस चूल्हा नगद 5000 तथा कुछ जरुरी कागजात अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है। साथ ही अशोक ने बताया कि उसका दो जगह पर घर है। जिसके चलते रात में दूसरे घर में था। जब सुबह आया तो देखा कि घर में रखे सामान व पैसा नहीं है। वही इस बात को चर्चा अगल बगल किया तो पता चला कि उसी रात्रि में ही शिव शंकर यादव के दुकान मे भी चोरी हुआ है दुकान में कुछ किराना सामान तथा ?3500 अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है मामले में थाना प्रभारी विरेंद्र हासदा ने बताया कि चोरी की घटना की लिखित आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है जल्द ही वह अज्ञात चोर पुलिस के गिरफ्त में होगा।

मनरेगा योजना में जेसीबी चलाने का मामलाः 20 सूत्री अध्यक्ष ने कार्रवाई के लिए दिया डीडीसी को आवेदन

डंडई। प्रखंड के रारो पंचायत में मृत मनरेगा मजदूर के खाते में मजदूरी भुगतान करने और टीसीबी योजना में जेसीबी का उपयोग कर मजदूरी भुगतान करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी ने मामले की लिखित शिकायत कर उप विकास आयुक्त से कार्रवाई करने की मांग की है । उप विकास आयुक्त को दिए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि मुखिया और अधिकारियों की मिलीभगत से टीसीबी योजना में जेसीबी का उपयोग कर फर्जी मजदूरों के खाते में उसकी राशि हस्तांतरित की गई है। उक्त योजना का वर्क कोड 48 178 है । वही दिए आवेदन में उन्होंने उप विकास आयुक्त को जानकारी दिया है कि रूबी देवी बहुत पहले ही मृत्यु हो चुकी है जबकि उसका जॉब कार्ड संख्या 1484 में मुखिया और अन्य पदाधिकारियों के सांठ गांठ से उसके खाते में राशि डालकर मनरेगा की राशि को बंदरबांट की गई है । 20 सूत्री ने आवेदन की प्रतिलिपि मनरेगा आयुक्त रांची, उपायुक्त गढ़वा के साथ-साथ मनरेगा लोकपाल गढ़वा के पास भी प्रेषित कर इसकी जानकारी दी है।

सोन व पंडा नदी से अवैध रूप से बालू लोड करते हुए दो ट्रैक्टर को किया गया जब्त, मालिकों पर केस दर्ज

खरौंधी(गढ़वा)। बुधवार की रात्रि में सोननदी तथा पंडा नदी से अवैध बालू लोड करते दो ट्रैक्टर को भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने पकड़ा। दोनो ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना को सुपुर्द किया। जिससे बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने बताया दर्जनों बालू माफिया प्रखंड के पंडा नदी, डोमनी नदी तथा सोननदी से अवैध बालू उठाकर यूपी तथा प्रखंड के क्षेत्रों में बेचते है। जिसकी शिकायत ग्रामीण मुझसे लगातार कर रहे थे। इसी के आलोक में बुधवार की रात्रि में सोननदी तथा पंडा नदी में छापेमारी किया। खोखा सोननदी बालू घाट से एक ट्रैक्टर तथा अरंगी पंडा नदी बालू घाट से एक ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू लोड करते हुये मिला। दोनो ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना को सुपुर्द कर दिया है। इसके अलावे पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने कहा खरौंधी प्रखंड में व्यापक पैमाने पर बालू माफिया सोननदी, डोमनी नदी तथा पंडा नदी से बालू उठाकर बेचते हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों से हमेशा मिलता रहता है। बालू माफिया को धरपकड़ के लिए प्रशासन द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी के आलोक में बुधवार की रात्रि में सोन नदी से एक ट्रैक्टर तथा पंडा नदी से एक ट्रैक्टर अवैध बालू लोड करते हुये पकड़ कर थाना को सुपुर्द किया है। अंचल पदाधिकारी गणेश महतो ने दोनो ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर मालिक पर प्राथमिक के लिए थाना में आवेदन दिया। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी अभय कुमार ने केश दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया है।

कर्मी के मिलीभगत से पुराने बिरसा आवास को दिखा कर प्रधानमंत्री आवास का पैसा निकासी किया गयाः प्रमुख

भवनाथपुर। प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी ने बीडीओ से बिरसा आवास दिखा कर प्रधानमंत्री आवास का पैसा निकासी के जांच में सही पाए जाने पर किस-किस कर्मियों पर कारवाई किया गया का रिपोर्ट मांगी है। प्रमुख शोभा देवी ने कहा है कि समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हुआ था कि पंडरिया पंचायत के करमाही टोला में विभाग के कर्मी के मिलीभगत से पुराने बिरसा आवास को दिखा कर प्रधानमंत्री आवास का पैसा निकासी किया गया है। जिसके बाद बीडीओ के द्वारा जांच के क्रम में पाया कि लाभुक बुधनी कुंवर 125000, नन्हकू कोरवा के 130000 एवं अनिल कोरवा के 130000 रुपये के नाम से निकासी किया गया है। इस मे शामिल किन-किन कर्मी पर क्या कारवाई किया गया है अगर नही किया गया है तो मैं इसकी जानकारी उपायुक्त को लिखित रूप से अवगत करूंगी।

कूकर फटने से किशोरी झुलसी

गढ़वा। भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी असमुद्दीन अंसारी की पुत्री सबीना खातून गुरुवार की सुबह भोजन बनाने के दौरान झुलस गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सबीना खातून अपने घर में भोजन बना रही थी। इस दौरान चूल्हे पर रखा कूकर में दाल बनाया जा रहा था। इस दौरान अचानक कूकर फट गया। इस घटना में सबीना खातून का चेहरा व शरीर का कई अन्य हिस्सा झुलस गया। सदर अस्पताल में इलाजरत सबीना खातून की हालत स्थिर बनी हुई है।

बाईपास सड़क के रैयतों ने मुआवजा वितरण में गड़बड़ी करने का लगाया आरोप

पतरिया-हुर सिवाना पर एप्रोच सड़क नहीं बना तो होगा आंदोलनः सत्येन्द्रनाथ तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि सदर प्रखंड के पतरिया-हुर सिवाना स्थित बाइपास सड़क में मिलाने के लिए अगर एप्रोच सड़क नहीं बना तो आंदोलन करेंगे। उक्त स्थल पर अगर एप्रोच सड़क नहीं बनाया जाएगा तो ग्रामीणों को बाइपास सड़क पर जाने के लिए 10 से 15 किमी की दूरी तय करना पड़ेगा। वह गुरूवार को ग्रामीणों के शिकायत के आलोक में उक्त सिवाना पहुंचे थे। डुमरिया, मसूरिया, पतरिया, कुड़ी, कमता सहित गोवावल क्षेत्र के अन्य गांव और डंडा प्रखंड के ग्रामीणों का मांग है कि पतरिया-हुर सिवाना पर एप्रोच सड़क बनाया जाए। ताकि अगल-बगल के सभी ग्रामीणों का बाइपास सड़क का लाभ मिल सके। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीणों का एप्रोच सड़क की मांग पूरी तरह से जायज है। इस मामलें में वह डीसी से मिलकर पूरी जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक के उदासिनता के कारण ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का भी लाभ से वंचित होने की संभावना बढ़ गई है। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक से बाइपास सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित किए गए भूमि के मुआवजा में भी गड़बड़ी करने का आरोप लगाया।

भू-अर्जन के गाइडलाइन का भी नहीं हुआ है अनुपालन

पूर्व विधायक ने कहा कि बाइपास सड़क के ठेकेदार स्थानीय मंत्री से साठगांठ कर सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित किए रैयतों का जमीन का मुआवजा का आकलन में ही घालमेल कराया है। इसमें ग्रामीणों को करोड़ो रूपए का नुकसान उठाना पड़ा है। इस खेल में भू-अर्जन विभाग के अधिकारी से लेकर कर्मी तक संलिप्त है। साथ ही बाइपास सड़क में मुआवजा के दौरान भू-अर्जन कार्यालय की ओर से कई गाइडलाइन का अनुपालन किए बगैर मामलें को निष्पादित कर दिया गया। बाइपास सड़क के किसी भी रैयत को बाजार भाव के दर से मुआवजा का भुगतान नही किया गया है। स्थानीय मंत्री के सहभागिता के कारण सभी रैयतों के जमीन को सिर्फ कृषि योग्य भूमि के रूप चिन्हित करते हुए सरकारी दर से मुआवजा का भुगतान होने से रैयतों को करोड़ो रूपए का नुकसान कराया गया है। उन्होंने कहा कि पतरिया-हुर सिवाना पर अगर एप्रोच सड़क नही बनेगा तो आने वाले दिनों में उक्त स्थल लूटपाट का अड्डा बन जाएगा। मौके पर अगल-बगल गांव के काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत योजनाओं का लाभ उठाएंः विजयालक्ष्मी

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक व दो में आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना ,वृद्धावस्था पेंशन, जल नल योजना, महिला स्वयं सहायता समूह का उत्थान तथा सभी जरूरतमंद लोगों के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने इन योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत वार्ड वासियों को लेने की अपील किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित कर जनता की मूलभूत सुविधाओं को दिलाना है मुख्य उद्देश्य है। नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सभी वार्डों में पीसीसी पथ, नाली का निर्माण का कार्य पहले ही कराया जा चुका है। आवश्यकतानुसार और भी कार्य किए जाएंगे। नल जल योजना का शुभारंभ आगामी 2 सप्ताह के अंदर सभी वार्डों में किया जाएगा। मौके पर नगर पंचायत कर्मी नंदन कुमार, हसीब खलीफा सहित वार्ड वासी उपस्थित थे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 99 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 36 व विभिन्न प्रकार के पेंशन के 63 आवेदन शामिल है।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 142 आवेदनों का हुआ त्वरित निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखंड के चपरी पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का पंचायत भवन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ जय पाल महतो, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, मुखिया शैलेश चौबे, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बीडीओ जयपाल महतो ने सरकार कि महत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना कि जानकारी ग्रामीणों को दी।

शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। शिविर में आवेदन मिले 585 एवं का निष्पादन 142किया गया' कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक जयराम पासवान ने किया। ' इस मौके पर पशुपालन विभाग के डा सत्येंद्र नारायण, पेयजल विभाग से संजय कुमार, अशोक कुमार, बीपीओ दयानंद प्रजापति, पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद, भुनेश्वर सिंह,अजीत सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

श्री बंशीधर नगर में बीडीओ श्रवण राम ने की बैठक, कहा

सभी आवेदनों का निष्पादन जल्द करें

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने बुधवार को कुंबाखुर्द पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर प्रखंड कर्मियो सहित सभी विभाग के प्रतिनिधियो के साथ समीक्षा बैठक किया। उन्होंने उपस्थित सभी विभाग के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मिले सभी आवेदनों का निष्पादन जल्द से जल्द करें। उन्होंने बैठक के दौरान बताया कि बाल विकास परियोजना के सीडीपीओ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का वेतन रोकने की अनुशंसा अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्य क्रम में मुख्य मंत्री रोजगार सृजन योजना में सबसे खराब प्रदर्शन को लेकर कल्याण पदाधिकारी से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मियो तथा उपस्थित विभाग के प्रतिनिधियो को सख्त निर्देश दिया कि अपने अपने विभागों से संबंधित कार्यो का निष्पादन आयोजित कार्यक्रम में ही हो जाना चाहिए। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार,प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार,प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना स्नेहा सिंह, महिला पर्यवेक्षिका शोभा कुमारी, जेएसपीएल के धनंजय कुमार, पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, प्रशांत कुमार, रोजगार सेवक आलोक राज, अम्बिका प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार, साधना कुमारी,विक्रम कुमार सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

दो मोटरसाइकिल की टक्कर में 70 वर्षीय वृद्ध का कटा पैर

सिमडेगा। सिमडेगा सदर अस्पताल गेट के समीप गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे के करीब दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल में सवार सलडेगा निवासी 70 वर्षीय इंद्रजीत मांझी नामक वृद्ध व्यक्ति का पैर कट गया और वहीं पर बेसुध हो गया ।जबकि दूसरा मोटरसाइकिल सवार घटनास्थल से फरार हो गया। वही रास्ते से गुजर रहे हैं न्यायालय कर्मियों की मदद से इंद्रजीत मांझी को इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया जहां पर डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रही है बताया गया कि घटना के कारण पैर का वेन कट गया है और पैर में गंभीर चोट है।

ग्रामीणों ने जल नल योजना के तहत पानी आपूर्ति की उठाई मांग

किनकेल। केरसई प्रखंड के किनकेल पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया था जहां ग्रामीणों ने विभिन्न तरह की मांगों को रखा ।वही भाजपा मंडल अध्यक्ष मानकीलाल की अध्यक्षता में किनकेल के ग्रामीणों ने अधिकारियों को आवेदन देते हुए कहा कि सरकार द्वारा हर घर नल जल योजनाके तहत किनकेल में योजना की सुरुवात हुई एवं काम पूर्ण हुए लगभग 8 महीने हो गए,ट्रायल भी कर लिया गया फिर भी किनकेल में पानी की आपूर्ति नही हो रही है ।शिविर में प्रशासन से ग्रामीणों ने आग्रह किया की जल्द से जल्द किनकेल में नियमित रूप से पानी की सप्लाई हो, ताकि आम जनता को सरकार की योजना का लाभ मिल सके। मौके पर रामविलास राणा, गौरी शंकर दास, राजकुमार बेसरा ,जितेंद्र सिंह, शांति देवी, ललिता देवी ,सुनीता तिर्की सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे

प्यार में मिला धोखा तो युवती ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट बरामद

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। थाना क्षेत्र के रानी चेरी गांव में निवासी लालबाबू कोरवा के 19 वर्षीय पुत्री संगीता कुमारी ने थाना क्षेत्र के छतैलिया गांव के पीडंरा दामर महुआ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है । वही ग्रामीणों ने शव को लटका हुआ देखा तो हल्ला किए उसके बाद यह घटना पूरे आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर सैकड़ों लोग पहुंच गए तथा इसकी सूचना पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव द्वारा चिनिया थाना को दी गई। वही मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है ।

दूसरी लड़की से ऐसा धोखा कभी मत करना....

जांच के क्रम में लड़की के घर रानीचेरी से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लड़की ने लिखा है कि तुम मुझसे शादी नहीं की लेकिन जाओ मैं तो जा रही हूं लेकिन किसी दूसरी लड़की से ऐसा धोखा कभी मत करना। वही लड़की के पिता ने बताया कि मेरी लड़की संगीता कुमारी छतैलिया गांव निवासी अवधेश कोरवा के पुत्र मनोज कोरवा के साथ शादी करना चाहती थी तथा मनोज भी हमारी लड़की के साथ शादी करना चाहता था। लड़का पक्ष वाला भी दशहरा के नवमी को मेरे घर आए थे तथा हम लोग भी गए थे लेकिन वहां जाने के बाद लड़का शादी करने से इनकार कर दिया लड़का और लड़की में 6 महीना से प्रेम प्रसंग चल रहा था । मामले में चिनिया थाना प्रभारी वीरेंद्र हासदा ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रहा है पिता के आवेदन के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है । पिछले 7 अक्टूबर को ही पिता के द्वारा प्रेम प्रसंग मामले में चिनिया थाना को एक आवेदन दिया गया था जिसकी जांच पुलिस के द्वारा चल रहा था इधर घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस सब इंस्पेक्टर जैन शर्मा ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया गया है।

गुणवत्तापूर्ण गृहभ्रमण समेत सभी दायित्वों को ले रहें सजग : सीएस

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बीटीटी का मासिक समीक्षात्मक आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने की। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि कहा कि बीटीटी को प्रत्येक स्वास्थ्य सहिया के क्षेत्र में हर माह नियमित रूप से पीएलए बैठक का आयोजन करना है। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं की जानी चाहिए। साथ ही इसकी भी मानिटरिंग करें कि स्वास्थ्य सहिया द्वारा गुणवत्तापूर्ण गृहभ्रमण हो। कम वजन या अत्यधिक जोखिम वाले नवजातों का विशेष ध्यान रखने, गर्भवती महिलाओं का प्रसब पूर्व जांच, नियमित टीकाकरण, गृहभ्रमण का डाटा समय पर सहिया इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट एप्प पर अपलोड कराए जाने का भी ध्यान रखें।

सजग होकर कार्य करें बीटीटी : सिविल सर्जन

सीएस नें कहा कि समुदाय के आभा कार्ड बनवाने के साथ साथ सभी स्वास्थ्य सहियाओं के प्रोत्साहन राशि का समय पर भुगतान होना चाहिए। इसके लिए बीटीटी सजग होकर कार्य करें। बैठक में सिविल सर्जन द्वारा सभी बीटीटी को पल्स आक्सीमीटर प्रदान किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, सहिया कार्यक्रम के डीपीसी जेवियर एक्का, एकजुट के क्षेत्रीय समन्वयक अजीत कुमार सिंह, एसटीटी सुभाष पासवान, रंजू मिश्रा समेत जिले के सभी बीटीटी उपस्थित थे।

भंडार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन, बोले एसडीओ

समस्याओं का समाधान करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। प्रखंड के भंडार पंचायत में गुरूवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार व विससुत्री अध्यक्ष ओवैधदुल्लाह अंसारी , बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया।

जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाये गये। उस मौके अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करने एवं समस्याओं का समाधान करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती-लुंगी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाये गये स्टॉल की जानकारी दी। उस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। वही विससुत्री अध्यक्ष ओबैधदुल्लाह हक अंसारी ने भंडार पंचायत पहुंच कर कार्यक्रम का जायजा लिया तथा कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर सभी विभाग के पदाधिकारी गण व गांव के ग्रामीण लोग मौजूद थे।

नदी पार कर रहा युवक कनहर नदी की तेज धारा में बह गया

धूरकी। थाना क्षेत्र के कनहर नदी के बाल चौरा घाट से छत्तीसगढ़ के एक युवक को नदी पार करने में बह जाने की खबर मिल रही है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के बैलगाडा गांव के एक व्यक्ति बुधवार को झारखंड आया था। वह कल नदी पार कर रहा था जो कनहर नदी की तेज धारा में बह गया। बताया गया कि वह शराब पी रखा था उसे नशा में पानी का अनुभव नहीं हो सका। जिस वजह से वह पानी में बह गया। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने दी है। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी तक लिखित रूप में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे ग्रामीणों के सूचना के अनुसार हम लोग इसकी जानकारी ले रहे हैं, पर उन्होंने कहा कि अगर परिजन की ओर से अभी तक कोई लिखित सूचना नही दी गयी है।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, लोगों ने दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

डंडई। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को प्रखंड के करके पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मुखिया बिंदा देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो सोमा उरांव सीओ चुनाराम हेमब्रम, कल्याण पदाधिकारी बलदेव कृष्ण शर्मा, जेई मुकेश कुमार दुबे, एई राहुल कुमार, अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव इत्यादि अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिरकत किये पंचायत भर के लोगों ने दर्जनों से भी अधिक विभागों के विभागवार लगे स्टालों पर अपना अपना आवेदन जमा किया । शिविर में ग्रामीणों की ओर से पशु शेड व सिंचाई कूप के लिए बड़ी संख्या में मनरेगा के स्टॉल पर आवेदन जमा किया गया। उसके बाद सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल पर भी बड़ी संख्या में छात्रों ने अपना अपना आवेदन जमा किया । इसी तरह पीएम आवास, पेयजल विभाग के स्टॉल पर भी ग्रामीणों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई । समाचार लिखे जाने तक पीएम आवास के स्टॉल पर150 आवेदन ग्रामीणों के द्वारा जमा किया गया जिसमें 50 लोगों के आवेदन को सरकार के पोर्टल पर निबंध कर दिया गया । किशोरी समृद्धि योजना के लिए 115 आवेदन छात्राओं की ओर से जमा की गई उनमें 51 छात्राओं की आवेदन को भी अपलोड करने का काम किया गया ।

आज राष्ट्रीय नवीन मेल का स्थापना सह एनपीयू का दीक्षांत समारोह

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एनपीयू का दूसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन शुक्रवार को स्थानीय जीएलए कॉलेज के परिसर में आयोजित होगा। जिसमें राज्य के महामहिम राज्यपाल मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू किया जाएगा। दो दिन पूर्व ही आयुक्त और डीआईजी ने संयुक्त रूप से दीक्षांत समारोह स्थल का निरीक्षण किया। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर आयुक्त जटाशंकर चौधरी और डीआईजी राजकुमार लकड़ा ने समारोह स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया था। आयुक्त ने दीक्षांत समारोह स्थल पर पेयजल, टॉयलेट, साफ- सफाई एवं विश्वविद्यालय से जुड़ी सड़क की सफाई करने के लिए नगर आयुक्त को निर्देश दिया। गौरतलब है कि 2018 में एनपीयू प्रशासन ने पहला दीक्षांत समारोह का आयोजन किया था। जिसमें तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि बनी थी। इस बार दूसरे दीक्षांत समारोह में करीब 20 हजार विद्यार्थियों को डिग्री देने की तैयारी है। दीक्षांत समारोह मे 2020 में पास आउट हो चुके स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। एनपीयू में 18 स्नातकोत्तर डिपार्टमेंट, स्नातकोत्तर स्तर पर तीन वोकेशनल कोर्स और स्नातक के तीनों फैकल्टी यथा साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स के टॉपर को गोल्ड मेडल देने का निर्णय लिया गया। वही, आज राष्ट्रीय नवीन मेल के 29 वां स्थापना दिवस भी मनाया जायेगा। पलामू का एकमात्र प्रेस आज से 28 वर्ष पहले आज ही के दिन प्रेस की स्थापना प्रधान संपादक सुरेश बजाज के द्वारा किया गया। तब से लेकर आज तक निरंतर प्रेस के द्वारा समाचार प्रकाशन का कार्य किया जा रहा है। यहां से कई नामचीन पत्रकार आज देश के अलग अलग क्षेत्रो में कार्य कर रहे है। पूर्व में यहां के ब्लैक एंड व्हाइट पेपर का प्रकाशन किया जाता था । लेकिन समय के बदलते दौर में अब रंगीन पेपर का भी प्रकाशन होने लगा है। समाज के हर तबके की आवाज और समाचार के विश्वनीयता के मामले में राष्ट्रीय नवीन मेल की कोई सानी नही है।

न्यूज गैलरी

मानव तस्करी से मुक्त बालिका को वार्ड आयुक्त ने की मदद

मेदिनीनगर। मानव तस्करी से मुक्त बालिका काल्पनिक नाम राधा कुमारी उम्र 17 वर्ष को फरवरी 2022 को बाल कल्याण समिति लातेहार द्वारा उज्जवला गृह पलामू को सौंपी गई थी। लातेहार सीडब्ल्यूसी के आदेश से उनकी भाभी लातेहार जिला महुआडांड प्रखण्ड अंतर्गत चुटिया पंचायत के द्रोपदी देवी गुरूवार को उज्जवला गृह पहुंची। उनकी भाभी ने बताया कि महुआदांड जाने के लिए उनके पास बस किराया नहीं है। विदाई समारोह में पहुंचे वार्ड 33 के वार्ड आयुक्त चंचला देवी ने अपने स्तर से 600 नगद बस भाड़ा दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर समाज सेवी विजय चंद्रवंशी ,ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच के सचिव मो. हशमत रब्बानी ,उज्जवला गृह के वार्डेन निशा रानी, काउंसलर अंजली कुमारी,सामाजिक कार्यकर्त्ता डैजी टोपनो उपस्थित थी।

उप विकास आयुक्त ने विभिन्न लाभुकों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण

मेदिनीनगर। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस दौरान पांच महिलाओं के गोद भराई की गयी एवं कई बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत शिविर में 8 महिलाओं को लाभान्वित किया गया.वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना के तहत चार छात्राओं को लाभान्वित किया गया.इसी तरह चार लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री आवास पूर्णता प्रमाण पत्र वितरण किया गया.मनरेगा के तहत पांच लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया.वहीं जेएसएलपीएस के तहत मूंगा के पांच लाभुक एवं शरीफा के 5 लाभुकों के बीच भी परिसंपत्तियों का वितरण किया गया.आज के इस चैनपुर के खुराकला में आयोजित शिविर में 550 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिसमें अधिकांश का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।

चुनाव से पहले ही समाजसेवी कर रहे है लोगों की सेवा

मेदिनीनगर। समाजसेवी इसराफिल अपनी पत्नी अख्तरी बेगम के साथ शहर के वार्ड नंबर 26 में जनता के लिए काम कर रही है। इनके काम से वार्ड के लोग काफी खुश है। समाजसेवी इसराफिल ने बताया कि इस बार वे मेदिनीनगर नगर निगम पार्षद का चुनाव लड़ेंगे। मेरी उम्मीदवारी वार्ड नम्बर 26 से होगी। वे लगातार दो वर्षों से ये अपने वार्ड में लोगों की समस्या को सुनकर उसका समाधान करने में जुटे हुए हैं। किसी भी व्यक्ति की कोई भी समस्या हो ये उनके लिए हमेशा खड़े रहते हैं। यहां तक कि उन्होंने अपने निजी खर्च से वार्ड नंबर 26 में नाले की सफाई,नाली का निर्माण, बिजली का खंम्भ लगवाना,विजली के तार को कौभर करवाने सहित अन्य काम किया है। मौके पर उपस्थित समाजसेवी इसराफिल ने कहा कि इस बार जेनरल सीट होने पर पुरुष उम्मीदवार ही वार्ड से खड़े हो सकते है। यदि बीच मे महिला उम्मीद की घोषण होती है। तो मेरी पत्नी अख्तरी बेगम वार्ड 26 से जनता के अधूरे काम को पूरा करने के लिए चुनाव लड़ेगी। चुनाव जीतने के बाद वार्ड में बचे सभी कार्यों को पूर्ण रूप से कराने का काम करेगी। इसराफिल ने कहा कि वार्ड में गंदगी ना फैले इसके लिए वार्ड के सभी गली मोहल्ले में और घर-घर लोगों को डस्टबिन उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने वार्ड 26 के तमाम जनता से आग्रह किया है कि भारी मतों से विजयी बनाकर एक बार वार्ड में सेवा करने का मौका आवश्य दें।

आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन

मेदिनीनगर। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिले के हुसैनाबाद के देवरी कला,छतरपुर के काला पहाड़,चैनपुर के खुराकला,पाटन के सेमरी,लेस्लीगंज के पूणार्डीह,पांकी के आसेहार पंचायत व हुसैनाबाद नगर पंचायत के 2 वार्डों,हरिहरगंज नगर पंचायत के 4 वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया। आज आयोजित किये गये शिविर में शाम चार बजे तक विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 5883 प्राथमिक आवेदन प्राप्त किये गये। जिले में 14 अक्टूबर को 16 पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त मेदिनीनगर नगर निगम के गांधी मैदान में वार्ड 21 व 23 के लाभुकों के लिए शिविर लगाया जायेगा।वहीं नगर परिषद विश्रामपुर के अंबेडकर भवन में वार्ड 13 एवं 14के लाभुकों के लिए शिविर लगाया जायेगा। नीचे तस्वीर के माध्यम से 16 पंचायतों में लगने वाले शिविर की सूची देखी जा सकती है।

एनसीसी के छात्र आठ दिवसीय शिविर के लिए रवाना

मेदिनीनगर। एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के एनसीसी के 40 छात्र 12 अक्टूबर को ए सर्टिफिकेट की परीक्षा के लिए गोपीनाथ महिला इंटर कॉलेज गढ़वा के लिए रवाना किया गया। इस शिविर में फायरिंग, कसरत , पथ संचलन इत्यादि का प्रशिक्षण देकर उन्हें आपदा के समय सेवा तथा दैनिक जीवन में सेवा , सुरक्षा हेतु तैयार किया जाता है। यह परीक्षा छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी है तथा इस प्रमाण पत्र के आधार पर उन्हें आगे की पढ़ाई एवं नौकरी में आरक्षण की सुविधा प्राप्त होती है। यह शिविर 12 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक 8 दिन चलने वाला है। इस शिविर में मुख्य रूप से प्रत्यय पांडे, प्रनीत सिंह, वैभव राज , खुशी कुमारी, नीशू समेत 40 छात्रों को भेजा गया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जीएन .खान ने इस अवसर पर यह आशा प्रकट किया है कि छात्र शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बहुत कुछ सीखेंगे तथा अपने जीवन में इसका लाभ उठाएयेंगे। उन्होंने छात्रों को बहुत-बहुत शुभकामना दी। छात्रों के साथ विद्यालय के शिक्षक एएनओ एनसीसी डॉ. राजेंद्र राणा भी गए हैं।

जेएसएससी ने निकाला प्रमाण पत्रों के जांच की तिथि

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2 अगस्त को पारित आदेश के आधार पर हाई स्कूल शिक्षकों की रुकी हुई नियुक्ति प्रक्रिया फिर से शुरू की है। इसके तहत आयोग ने बुधवार की शाम गणित व भौतिक विषय के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। इन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच 01 से 02 नवंबर तक दो पालियों में होगी। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील संख्या 4038/2022 झारखंड राज्य मामले में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 में गठित राज्य स्तरीय मेघा सूची के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। इसके तहत 192 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए बुलाया गया है। आयोग के अनुसार प्रमाण पत्रों की जांच के लिए आमंत्रित किया जाना उम्मीदवार का अंतिम चयन नहीं है।आवश्यकता अनुसार के विरुद्ध मेघा सूची में अंकित अनुक्रमांक से अन्य अभ्यर्थियों को भी प्रमाण पत्रों की प्रारंभिक जांच हेतु आमंत्रित कर सकता है। वैसे अभ्यर्थी जो किसी कारण निर्धारित तिथि को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए नहीं आ सकेंगे, उन्हें 09 नवंबर को इसके लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जायेगा।

पलामू में श्रद्धा के साथ मनाया गया करवा चौथ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में गुरुवार को करवा चौथ का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर का उपवास रखा। बाजारों में भी पर्व को लेकर चहल पहल रही। दुकानो में महिलाएं खरीददारी को लेकर जुटी रही। कपड़ो के दुकान,आभूषण ,और श्रृंगार के दुकानो में ज्यादा भीड़ रही। करवा चौथ हर वर्ग, आयु , जाति के हिन्दू सुहागिन महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला प्रमुख त्योहार है। जो कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। जिसे कर्क चतुर्थी भी कहते है। इस दिन सुहागिन महिलायें अपने पति की लंबी आयु और वैवाहिक जीवन सुखमय होने की कामना पूर्ति के लिये निर्जला व्रत रखती हैं। ओम पाठक ने बताया कि व्रत रखने का अर्थ ही है संकल्प लेना। वह संकल्प चाहे पति की रक्षा का हो , परिवार के कष्टों को दूर करने का या कोई और।

चांद के निकलने का किया इंतजार : शाम होते ही महिलाओं ने चांद के निकलने का इंतजार किया। ज्ञात हो कि व्रत चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद पूरा होता है। इसलिये चांद निकलने का व्रत रखने वाली सभी महिलाओं की नजर आसमान की ओर रहती है । सबको चांद का बेसब्री से इंतजार रहता है। चांद दिखने का समय हर जगह के लिये अलग-अलग होता है। कहीं कुछ समय पहले चांद दिखाई देने लगता है , तो कहीं पर थोड़ा इंतजार भी कराता है। इस व्रत में कहीं सरगी खाने का रिवाज है, तो कहीं नही भी है। किवदंती के अनुसार महाभारत काल से यह व्रत किया जा रहा है । भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर द्रौपदी ने अर्जुन के लिये इस व्रत को किया था। आज के दिन सभी सुहागिन स्त्रियाँ सोलह श्रृंगार करके अपने पति की लम्बी उम्र, स्वास्थ्य , सौभाग्य एवं सुखद दांपत्य की कामना के लिये यह व्रत रखती हैं ,जो बहुत ही कठिन होता है। इस व्रत में कुछ नियम है जिनका कड़ाई से पालन किया जाता है।

चलनी से पति को देखने की परंपरा : करवा चौथ के दिन महिलायें चलनी से अपनी पति को देखती हैं। चलनी से चांद देखने की इस परंपरा की कल्पना चंद्रमा और भगवान ब्रह्मा से की गई है। चंद्रमा को भगवान ब्रह्मा का स्वरूप माना गया है। साथ ही चांद में शीतलता , शालीनता , प्यार , जगत प्रसिद्धि जैसे गुण समाहित हैं। इसलिये करवा चौथ पर सभी महिलायें चलनी से चांद को देखकर ये कामना करती हैं कि उनका पति भी चांद जैसे गुणों से परिपूर्ण हो।

दसवीं पास युवकों को रोजगार दिलाने के लिए आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बसपा पलामू जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता और डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी ने पलामू उपायुक्त के माध्यम से झारखंड सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक आवेदन देकर कहा है कि झारखण्ड सरकार द्वारा पिछले वर्ष से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पलामू जिला समेत पूरे झारखण्ड राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्गों के लिए, खुशहाल जीवन व्यतिति कराने के उदेश्य से सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत इन सभी वर्गों को 18 से 45 तक, 10 वॉ पास सभी युवक युवतियों के लिए अपने इच्छा अनुसार व्यापार करने के लिए 40 प्रतिशत अनुदान सरकारी राशि के अनुपात मे देने के वादा के तहत पलामू जिला अन्तर्गत इन वर्गों के हजारो हजार की संख्या में लोगों ने समुचित दस्तावेज के साथ सम्बन्धित विभाग में अपना आवेदन किया है। लेकिन विड़मना यह है कि एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी झारखण्ड सरकार द्वारा संबंधित विभाग को धन राशि उपलब्ध नही कराये जाने के कारण इन हजारों आवेदकों ने प्रतिदिन संबंधित विभाग के चक्कर लगाते लगाते उनके अन्दर निराश हतास होते हुए आक्रोश का महौल व्याप्त है। जिसको लेकर बहुजन समाज पार्टी जिला ईकाई पलामू द्वारा कभी भी इन वर्गों के सभी आवेदको के साथ लेकर सड़क पर उग्र आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगी। इसलिए मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार व उपायुक्त पलामू से आग्राह किया है कि पलामू जिले को प्राप्त आवेदन के अनुपात में समुचित धन राशि उक्त विभाग को उपलब्ध कराया जाये। मौके पर डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सहित कई लोग शामिल थे।

राज्य सरकार की योजना का जरूरतमंदों तक पहुंचाना प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता है। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि झारखंड सरकार की योजनाओं को घर-घर में जरूरतमंद लोगों को पहुंचाना है। कांग्रेस जेएमएम राजद गठबंधन सरकार की 3 वर्ष पूरे होने पर एक बार फिर पंचायत स्तर पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को लाभ दिया जा रहा है। इसी के तहत यह कार्यक्रम 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक आयोजित होगी। शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लाभान्वित किया जायेगा। झारखंड में पहली बार महागठबंधन की सरकार ऐसी कार्यक्रम लाया है कि लोगों की समस्याओं को समाधान करने के लिए उनके घर तक सरकार पहुंच रही है।

ठेकही के ग्रामीणों ने बाकी नदी पुल के पास की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पांडू प्रखंड के ग्राम सिलदीली ठेकही के ग्रामीणों की बैठक बाकी नदी पुल के पास हुई। जिसमें बाकी नदी से बालू उठाकर बाहर बेच रहे बालू ट्रेक्टर मालिको के साथ पंचायत के मुखिया के उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि आज से ठेकही के किसी घाट से कोई बालू नही उठायेगा और गांव वालों को कोई गाली गलौज नही करेगा । ऐसा करने पर 15000 हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया जायेगा । उपस्थित लोगों ने स्थानीय थाना प्रभारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित किया। लोगों को कहना है कि एक महीना पूर्व दोनों को लिखित शिकायत दिया गया था पर आज तक कोई करवाई नही हुई। बल्कि और ज्यादा गाड़ी से बालू उठाव किया जाने लगा। जिसे देख गांव के महिला एकजुट होकर ट्रेक्टर को रोकने का प्रयास किया। जिससे नाखुश ट्रेक्टर वालो ने स्थानीय महिलाओं को गाली गलौज कर झगड़ा पर उतर गए । जिसको लेकर गांव के ग्रामीण जमा होकर दोनो पक्षों को आपसी समझौता कराया । ऐसा नही होने पर जान माल की खतरा होने की संभावना थी।

सरकार ओबीसी के अस्तित्व को मिटाने के लिए तत्पर : सतीश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्य के 54 प्रतिशत पिछड़ा आबादी के अस्तित्व को समाप्त करने के लिए कोई कसर छोड़ने के लिए सरकार पीछे नही है। पिछड़ो के बदौलत सरकार आज सत्ता सुख भोग रही हैं। विधान सभा चुनाव के पूर्व पुरे झारखण्ड में पिता-पुत्र ने गला फाड़ फाड़कर पिछड़ा वर्ग को गुमराह किया कि हमारी सरकार बनेगी, तो पहली कैबिनेट में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया जायेगा। मगर कथनी और करनी में फर्क साफ नजर आने लगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ये सरकार ने पिछड़ा वर्ग के पीठ में छुरा घोपने का काम किया। 10 हजार लोगों को अपने हक अधिकार से वंचित करा दिया। वगैर आरक्षण के चुनाव कराकर पिछड़ा वर्ग के अरमान को सरकार ने रौंद डाला। हमारी पार्टी लगातार आरक्षण को लेकर सड़क से सदन तक मांग उठाती रही है। पिछले सत्र में विधायक डा0 लम्बोदर महतो ने पुरे सत्र के दौरान विधान सभा में धरना प्रदर्शन किया। सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन करे व ट्रिपल टेस्ट कराकर रिपोर्ट दे। इस ओर अब तक कोई चर्चा नहीं कर कैबिनेट में नगर निकाय चुनाव वगैर पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए कराने का प्रस्ताव पारित करा दिया। संविधान में प्रदत्त अधिकार अनुच्छेद 243 टी व डी आरक्षण संवैधानिक अधिकार को भी दरकिनार कर दिया। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सरकार ने ट्रिपल टेस्ट करा कर पिछडा वर्ग के आरक्षण को बचा लिया। बिहार सरकार भी ट्रिपल टेस्ट करा रही है। जब भ्रष्टाचार मे लिप्त सरकार के माथे पर काल मंडराने लगा तो आनन फानन में 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पारित किया।अब इनकी लोक लुभावन नारा - आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार की खुब ढोल पीटी जा रही है। मगर सच्चाई बहुत जल्दी ही सामने आ जाएगी। झारखंडी सरकार की सब योजना भ्रष्टाचार की बलि चढेगी। सुदूरवर्ती इलाकों में आज तक पीने का पानी मुहैय्या नहीं करा पाई है। पेन्शन, पीडीएस का अनाज और आवास कैसे पहुँचेगा गरीबों और जरूरत मंदो तक। पिछड़ा वर्ग के 200 जातियां करवट ले रही है। सरकार के पुनः सत्ता में आने का सपना चकनाचूर होगा। अगामी बिधान सभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग से वोट मांगने का नैतिक अधिकार खो देगें।

विधायक ने रोजगार मेला का किया उद्घाटन

बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता: पुष्पा

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। प्रखंड में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के जेएसएलपीएस के अंतर्गत वृहस्पतिवार को दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत पाटन प्रखंड परिसर में एक दिवसीय यूथ मोबिलाइजेशन कैम्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवक एवं युवतियों का प्रशिक्षण हेतु रजिस्ट्रेशन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पाटन छतरपुर विधानसभा के विधायिका पुष्पा देवी, व पूर्व सांसद मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार पहुंचे। उन्होंने बताया कि आज के युग में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है । उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी । कार्यक्रम में पहुंचे पाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ,थाना प्रभारी प्रकाश कुमार विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ,समाजसेवी अशोक तिवारी जेएसएलपीएस जिला प्रबंधक विपिन चंद्रा एवं संदीप शुक्ला पाटन प्रखंड के बीपीएम अमित कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए नौकरी युक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न ट्रेडों में कराया जाता है । इस कार्यक्रम में विभिन्न ट्रेड जैसे इलेक्ट्रिशियन मोबाइल रिपेयरिंग सिलाई एवं नर्स प्रशिक्षण के लिए स्टॉल लगाया गया था। विभिन्न ट्रेड में मिलाकर कुल 115 का रजिस्ट्रेशन किया गया,बीपीएम अमित कुमार गुप्ता ,बीपीओ प्रमोद कुमार सोनी, सीसी धर्मेंद्र कुमार सिंह ,सुनील कुमार चौधरी, अजीत सिंह ,अजीत सिंह, हरिओम सिंह, राजाराम पांडे, उमेश कुमार पाल ,किरण कुमारी, जय राम प्रजापति ,एफटीसी प्रदीप कुमार चंद्रा एडमिन हरिशंकर नाथ वर्मा अकाउंटेंट विनोद कुमार सभी सीएलएफ के पदाधिकारी आईपीआरपी यशोदा मुंडा एवम कैडर उपस्थित हुए । कार्यक्रम में सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

सरकार की लोककल्याण नीति को सफल बनाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का लक्ष्य पूरा करने की जिम्मेदारी जेएमएम के हरेक कार्यकर्ता की है। जिसके लिए प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आम आवाम को शिविर तक पहुंचाना एवं उनके जरूरतों के हिसाब से संबंधित कर्मचारी तक पहुंचाना होगा। आसेहार पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पांकी प्रभारी ने दर्जनों कार्यकर्ता के साथ शामिल होकर परिसंपत्तियों का वितरण किया । इस दौरान कहीं छाया में कहीं शिविर से दूर बैठे वृद्ध असहाय के पास जाकर उनसे समस्या जाना एवं उन्हें उचित लाभ दिलाने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं को साथ ले जाकर लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया। इतना ही नहीं सभी बुजुर्ग को धोती-साड़ी का वितरण भी करवाया। उन्होंने राजस्व विभाग के स्टाल पर पहुंचकर जायजा लिया और जमीन संबंधित दस्तावेजों को जांच कर न्याय देने की हिदायत दी। बीडीओ सह सीओ निर्भय कुमार यादव की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए खानापूर्ति से बचने के लिए कर्मियों को नसीहत दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि सरकार गरीब, दलित, पिछड़ों, असहायों की सरकार है। शिविर में उमड़ता भीड़ बताने के लिए काफी है कि वंचितों को लेकर सरकार की मुहिम कारगर है। जिसे सफल बनाने के लिए प्रशासन के भरोसे छोड़ने के बजाय हरेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक की जिम्मेदारी है। मौके पर इकबाल अहमद, जितेंद्र प्रसाद सिन्हा, उपाध्यक्ष राजेंद्र ओझा, कोषाध्यक्ष सुनील यादव, बीस सूत्री सदस्य राजेंद्र कुमार रवि , गुलाम रशीद खलीफा, समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

उपायुक्त ने किया प्रचार रथ को किया रवाना

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा के दो प्रचार-रथ को गुरुवार को सुदूरवर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ सभी 66 पंचायतों के सभी गांवों में माईकिंग के जरिये प्रचार प्रसार और पंपलेट का वितरण के लिए समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। इन प्रचार रथों के जरिये लोहरदगा जिला के सभी सात प्रखण्डों के सभी 66 पंचायतों के सभी गांवों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके सरकार के कार्यक्रम अंतर्गत लगनेवाले शिविर की जानकारी दी जायेगी। साथ ही, पम्पलेट का वितरण किया जायेगा। ज्ञात हो कि जिला में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व से जिला जनसम्पर्क कार्यायल, लोहरदगा द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है और पम्पलेट का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस नेता लाल धनु नाथ शाहदेव का कुशल क्षेम जाना

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव लाल धनु नाथ शाहदेव कुछ दिनों से बीमार थे इनका इलाज रांची में चल रहा था। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू , लोहरदगा जिला कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कुणाल अभिषेक, कांग्रेस नेता लाल पप्पू नाथ शाहदेव आज कुडू पहुंचकर लाल धनु नाथ सहदेव से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना तथा ईश्वर से जल्द स्वस्थ लाभ होने की कामना की।

थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक संदेही का पुलिस ने जारी किया सीसी टीवी फुटेज

कुडू - लोहरदगा। कुडू थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी का सीसी टीवी फुटेज जारी कर लोगों से पहचानने और इनके बारे में सूचना मिलने पर जानकारी देने की अपील की है। पुलिस इस तस्वीर को सोशल मीडिया में शेयर करने की बात कही है। थाना प्रभारी अविनव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में हुई एक चोरी की वारदात में एक सीएटीवी फुटेज हाथ लगा है, लेकिन फुटेज में चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। जिस कारण इस फुटेज के आधार पर अब तक आगे कोई सुराग सामने नहीं आए हैं। इसकी गिरफ्तारी हेतु संदेही की तस्वीर सार्वजनिक की गयी है। ताकि उनकी पहचान व सुराग तलाशने में आसानी हो। पहचान होने पर कोई भी व्यक्ति इस नंबर 88253 59494 पर सूचना दे सकते हैं।

तनाव के कारण 68 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंनमेंजरा गांव में बीती रात तनाव में आकर 68 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति ने बगीचा में पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने सुबह पुलिस को दी जिसके बाद घटनास्थल पर सब इंस्पेक्टर मैथ्यू एक्का दल बल के साथ पहुंचे एवं शव को पेड़ से उतारने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान कोंनमेंजरा निवासी हगरु केवट के रूप में हुई। जो विगत कुछ दिनों से पत्नी की मृत्यु के बाद तनाव में रहता था और बुधवार की देर शाम अपने घर के पास बगीचा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इधर पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

लोहरदगा जिले में मजदूरों के जान के साथ हो रहा खिलवाड़

पानी टंकी निर्माण करने वाली एसएस एंटरप्राइजेज कंपनी बरत रही लापरवाही

नवीन मेल संवाददा

लोहरदगा । जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के तोराड़ में बड़े पानी टंकी जलमीनार का निर्माण पीएचडी विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया कर कराई जा रही है जिसमे निर्माण कार्य कर रहे कंपनी द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिले में बड़े पानी टंकी का निर्माण रांची के कंपनी एसएस एंटरप्राइजेज बॉस जी के द्वारा कराई जा रही है जिसमे गुणवत्ता के साथ साथ मजदूरों के जान से लापरवाही के साथ खेलवाड़ करने की वीडियो सामने आई जो हैरान करने वाली है, 70 फिट ऊंचे मीनार पर मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के कार्य कर रहे हैं और बास के टहनी से इधर उधर आ जा रहे हैं किसी तरह हाथ छूटा और इस लापरवाही के कारण मजदूरों की जान भी

जा सकती है। वही निर्माण कार्य देख रहे सरकारी पीएचडी विभाग के जेई लखीराम मांझी के पास कई बार मजदूर ने एसएस एंटरप्राइजेज कंपनी के खिलाफ सुरक्षा को लेकर शिकायत कर चुके है लेकिन जेई की ओर से कोई पहल नहीं की गई वही जब पीएचडी विभाग के जेई लखीराम मांझी से बात की गई तो जेई ने साफ शब्दों में कहा आपलोग कुछ भी लिख सकते है हमने कंपनी को कहा है लेकिन बॉस जी का कंपनी इसपर कार्य नहीं की तो हमलोग क्या करे। एक सरकारी जेई का इस तरह के जवाब कार्य के प्रति लापरवाही को साफ दशार्ती है। वही जब मीडिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पानी टंकी निर्माण कार्य स्थल पर पहुंची तो तस्वीर देख हैरान रही, वाक्य में एसएस एंटरप्राइजेज कंपनी के द्वारा गुणवाता में कमी के साथ मजदूरों के जान के साथ खेलवाड़ की जा रही है और बिना सुरक्षा के 70 फिट ऊंचे मीनार पर मजदूरों से कार्य कराई जा रही है। इस तरह की लापरवाही से कभी भी बड़ी घटना घट सकती हैं और इस लापरवाही से मजदूरों की जान भी जा सकती हैं। जब कंपनी के मुंशी समीम से बात की गई तो मुंशी ने भी माना की कंपनी द्वारा बड़ी लापरवाही बरती गई है लेकिन सुरक्षा उपकरण उपलब्ध है मजदूर नहीं पहने है, खैर मीडिया की कैमरे पर न तो सुरक्षा उपकरण नजर आए और न ही मजदूरों के लिए कोई सुरक्षा का इंतजाम। वही जब मीडिया ने कंपनी की लापरवाही पर लोहरदगा उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण से बात की तो उन्होंने कहा इस तरह की लापरवाही अगर बरती जा रही है तो करवाई आवस्यक होगी। विभाग के इंजीनियर की जिम्मेदारी बनती हैं की सुरक्षा मानकों का ध्यान रखें, एसडीओ से स्थल निरीक्षण करवा कर इसपर करवाई की जाएगी।

कंपनी को सुरक्षा के लिए ये क्या करना चाहिए ?

इस तरह से ऊंचे मीनार के कार्यों के लिए कंपनी को सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना चाहिए और मजदूरों के लिए हेलमेट, बॉडी बेल्ट और पानी टंकी के नीचे नेट लगाना चाहिए जिससे जानलेवा घटना न घटे। बड़े प्रोजेक्ट पर इंजीनियर की उपस्थिति में कार्य कराया जाय ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। लेकिन एसएस एनरप्रिजेज सभी तरह की मानकों की अनदेखी कर कार्य कर रही हैं। हालांकि लोहरदगा उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मीडिया के सवालों पर जांच कर करवाई करने का भरोसा दिया है, लेकिन ऐसे अनदेखी और लापरवाही पर करवाई कब ?

सिमडेगा के मजदूर का गोवा में ट्रेन से कटकर मौत, परिजनों ने प्रशासन से शव लाने की लगाई गुहार

सिमडेगा। सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत कुलुकेरा निवासी 50 वर्षीय नान्हू पाइक नामक व्यक्ति की गोवा के वास्कोडिगामा रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे से कटने से उसकी मौत हो गई घटना की सूचना रेलवे पुलिस के माध्यम से ही परिवार को मिली जिसके बाद परिवार के अंदर दुखों का पहाड़ टूट गया।जानकारी देते हुए पत्नी बसंती देवी ने बताया है कि उसका पति उसके बेटे के साथ गोवा में रहकर काम करता था और सोमवार को कुलुकेरा से निकल कर गोवा काम करने जा रहा था इसी दौरान वास्कोडिगामा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरने से कटकर उसकी मौत हो गयी इधर रेलवे पुलिस के द्वारा परिवार को सूचना दिया इधर परिवार वालों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि मृतक के शव को प्रशासन उनके पैतृक गांव कुलुकेरा तक लाने में मदद करें ताकि परिवार अंतिम दर्शन कर सकें वहीं इस मामले में संज्ञान लेकर सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने जिला के उपायुक्त श्रम अधीक्षक से बात करते हुए इस मामले में पहल करने की बात कही है।

बानो थाना में साइबर क्राइम जागरूकता को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी की बैठक

बानो। बानो थाना के सभागार में साइबर क्राइम से बचने के लिये स्थानीय जनप्रतिनिधियों व दुकानदारो की बैठक हुई । बैठक में थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने सभी लोगो से आग्रह किया कि साइबर क्राइम से बचे आज लोग ऑनलाइन कार्यो में ज्यादे जोश के साथ काम करने लगे हैं।साइबर क्राइम से कई लोग अपनी जमा पूंजीगवाँ चुके।इसके लिये सावधानी आवश्यक है।बिना जान पहचान वालो से बात न करें। अपनी कोई जानकारी न दे ।अनजान लोगों को अपना ओटीपी नम्बर न दे । बैंक के आवश्यक मैसेज जरूर देखें पर सावधानी आवश्यक है। दुकानों में सावधानी बरतें। ऑनलाइन पेमेंट व आदि कार्य से युवा वर्ग जल्द आकर्षित होते हैं। सोसल साइट में अपनी फर्जी नाम से मदद के रुपये की मांग की जाती है इससे बचें।एटीएम का पासवर्ड दुसरो को न

दे।अपने गाँव घर मे कोई घटना हो जाय तो इसकी जानकारी हेल्पलाइन नम्बर 1930 तथा 100 नम्बर पर कॉल कर इसकी जानकारी तुरंत दे सम्भव हो तो इसकी जानकारी तुरंत प्रशासन को दे ताकि समय पर समाधान किया जा सके।समर्थ दुकानदारो से अपील है कि अपने अपने दुकानों में जरूर सीसी टीवी लगवाए।बैठक में एसआई देव कुमार, एसआई चन्दन कुमार , एस आई शैलेन्द्र शर्मा, गोपाल सिंह ,राजेश बड़ाई क ,चूड़ामणि यादव ,आंनद चौरसिया, सन्दीप साहू ,बिजय उपाध्याय, विकी सिंघल ,संजय बड़ाईक, आदि लोग उपस्थित थे।

पुलिस द्वारा कुरडेग में छात्रों के बीच साईबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक

नवीन मेल संवाददात

कुरडेग। एसएस प्लस -2 कुरडेग और रा० म० बिधालय घाघमुण्डा के छात्रों को गुरुवार को दीपावली नुक्कड़ नाटक दल पाकरटांड़ सिमडेगा के कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साईबर अपराध के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई ।नाटक के माध्यम से बताया गया कि किस तरह से चालबाज आपके बैंक खाते से पैसा निकाल लेते हैं, युवाओं एवं महिलाओं को ठग किस प्रकार अपने जाल में फंसाते हैं इसकी विस्तृत जानकारी दी गई , यह बताया गया कि आए दिन लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं इसमें बैंक , एटीएम की जानकारी मांगी जाती है इसके बाद आपके खाते से पैसा गायब हो जाता है कभी लॉटरी तो कभी नौकरी लगने की बात कही जाती है इस लिए इस प्रकार के ठगों से सावधान रहे ।कार्यक्रम में उपस्थित एसआई अजीत प्रकाश एवं जेएसआई उपेन्द्र कुमार यादव ने छात्रों को संवोधित करते हुए कहा कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का फोन आने

पर अपने वित्तीय मामले की डीटेल कभी भी शेयर नहीं करें किसी भी अन्जान ब्यक्ति को अपने अकाउन्ट का विवरण , एटीएम कार्ड नम्बर , पिन नम्बर , ओटीपी नम्बर को शेयर नही करें गुगल पर कभी भी कस्टमर केयर का नम्बर सर्च नही करें सोशल साइट के माध्यम से या ऑन लाइन मदद के नाम पर रुपए मांगने वालों को बिना पहचान किए कोई भी धन राशि नहीं दें अपने ए टी एम कार्ड की सुरक्षा बिशेष तौर पर करें अपना पासवर्ड नियमित रूप से बदलतें रहे ऑन लाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्प लाइन न० 1930 या 100 पर कॉल करें तत्पश्चात थाना , बैंक, साइबर सेल को सूचना जरूर दें साइबर अपराध से बचने के लिए आप जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करें।

इस बार काली पूजा में आएगी भव्यता, मंदिर निर्माण होगा शीघ्र : डॉ टी साहू

लोहरदगा। जय मां काली पूजा समिति निगनी नीचे टोली पूजा के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। जिसमें आजीवन संरक्षक डॉ टी साहू विशेष रूप से मौजूद थे। जिसमें पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव नीरज साहू तथा कोषाध्यक्ष नरेश साहू एवं सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे। इस बार काली पूजा एवं दीपावली धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया तथा मां काली पूजा का भव्य मंदिर निर्माण के विषय में चर्चा किया गया तथा नागपुरी प्रोग्राम दिनांक 25 अक्टूबर समय 1:00 दिन से रात्रि 10:00 बजे तक बगडू बैंक ऑफ इंडिया के सामने चलाया जाएगा।संरक्षक डॉ टी साहू ने बताया कि इस बार काली पूजा भव्य तरीके से मनाया जाएगा। मंदिर निर्माण में भव्य रूप दिया जाएगा। इस बार का मां काली पूजा ऐतिहासिक होगा। मां काली पूजा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने। इस बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति कृष्णा साहू, मुकेश प्रसाद साहू, रामसहाय साहू,दीपक साहू, राहुल कुमार साहू, नंदलाल साहू, रामविलास साहू, राजकुमार साहू, संदीप साहू, बजरंग साहू, लखन साहू, गौतम साहू, सुख साहू , विजय साहू , बलवीर कुमार देव, द्वारिका साहू, अमुज कुमार, अनुज कुमार, लकी साहू, श्याम साहू, हरीनाथ साहू , रंजीत साहू, पंकज साहू,तरुण कुमार, सरोज कुमार इत्यादि मौजूद थे।

कुडू में सभी बैंक, पेट्रोल पंप जेवर दुकानों में सीएटीवी लगाने का निर्देश

कुडू/ लोहरदगा। लोहरदगा एसपी आर कुमार के निर्देश पर कुडू थाना पुलिस ने गुरुवार 13 अक्टूबर को सभी बैंकों और पेट्रोल पंप, जेवर दुकान सहित अन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। थाना प्रभारी अविनव कुमार ने बताया कि खासकर बैंक प्रबंधन, पेट्रोल पंप संचालकों और जेवर दुकानदारों को सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने के साथ गार्ड रखने के निर्देश दिये गये हैं। आज झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, एस्टेट बैंक के अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड, इंटर-एग्जिट पांइट की बारीकी से जांच की गयी है। बैंक प्रबंधकों और पेट्रोल पंप संचालकों को अंदर तथा सामने एवं परिसर को कवर करते हुए कैमरे लगाने के निर्देश दिये गये। खासकर बैंक के सुरक्षाकर्मी को बैंक के मुख्य गेट पर ड्यूटी करने तथा बैंक के आसपास अनावश्यक खड़े संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति पर शक होने पर थान के नंबर व नंबर पर कॉल कर सूचना देने की हिदायत दी गयी है।

हमदर्द क्लब के द्वारा एसपी से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

सिमडेगाः- सिमडेगा के मुस्लिम युवाओं के द्वारा बनाए गए हमदर्द क्लब के सदस्यों के द्वारा गुरुवार को सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की लत युवाओं के प्रति मैदानी खेल तथा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन करना साइबर क्राइम के बारे में लोगों को जागरूक करना बच्चों को मुफ्त ट्यूशन देना। इन सभी चीजों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की सभी बातों को सुनने के बाद एसपी ने हमदर्द क्लब के लोगों के इस कार्य के लिए पूरा सहयोग देने की बात कही। साथ ही हमदर्द क्लब ने जिला में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिमडेगा एसपी का आभार व्यक्त किया।

कोलेबिरा प्रखंड कांग्रेस की हुई बैठक कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मेलन

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड कांग्रेस कमेटी कोलेबिरा की बैठक तथा कार्यकर्ता सम्मेलन गुरुवार को किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष रावल लकडा ने कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों के बारे में बताया साथ ही कहा कि हमारे विधायक नमन बिक्सल कोन गाड़ी जो वर्तमान में सीआईडी जांच के क्रम में कोलकाता में हैं कोर्ट ने उन्हें 3 महीने पहले ही राहत दे बहुत ही जल्द इस महीने के अंत तक वह वापस अपने कोलेबिरा विधानसभा में आपकी सेवा के लिए आएंगे उन पर कोई भी आरोप सही नहीं पाया गया है तथा कोर्ट उन्हें जल्द ही कोलकाता से वापस आने का परमिशन देगी।वर्तमान में जो भी विरोधी पार्टियां भोले भाले जनताओ को की जाने की बात कर रहे हैं वह लगातार उन को गुमराह कर रहे हैं भारतीय जनता पार्टी का बी टीम पूरा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में आ चुका है इसलिए तमाम कार्यकर्ता और कोलेबिरा का जनता सावधान रहें और साथ ही साथ यह हमारा वोट का विभाजन

कर भारतीय जनता पार्टी को जिताने के लिए यह एक मुहिम छेड़ा है चढ़ा है ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है ।प्रखंड अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को बनाने वाली पार्टी है इसमें हर कार्यकर्ता को मान सम्मान दी जाती है। हर जाति धर्म और समुदाय के लोगों को लेकर चलने वाली एकमात्र कांग्रेस पार्टी ही है, आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव भी लड़कर जीतेगी जनता भी इसके लिए तैयार है।बैठक में मुख्य रूप से जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम 20 सूत्री अध्यक्ष लूथर मिंज, ग्रेस तोपनो पौल विल्सन पूरे प्रखंड के पंचायतों के अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ओमप्रकाश पाण्डेय को मिला 50 हजार रुपए का केसीसी ऋण

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। किस्को प्रखण्ड के अरेया पंचायत के निरहु खेल मैदान में आज आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें युवा किसान ओम प्रकाश पाण्डेय को 50 हजार रुपए का केसीसी ऋण मिला। ओम प्रकाश पाण्डेय वैसे तो किसान के रूप में काफी युवा हैं लेकिन किसान के रूप में अनुभवी हैं। ओम प्रकाश बताते हैं कि पूरा परिवार किसानी कार्य से जुड़ा है। मानसून के समय ओम प्रकाश पाण्डेय के सभी सदस्य मिलकर धान की खेती करते हैं। लेकिन अन्य मौसम में आलू, मटर आदि फसलों की खेती करते हैं जिससे काफी मुनाफा होता है। पूर्व में जब खेत में फसल लगाने के लिए पूंजी की आवश्यकता होती थी तो निजी बैंकों में 8.5 प्रतिशत से अधिक दर पर ऋण मिलता था। उससे काफी नुकसान होता था। माननीय मुख्यमंत्री के प्रयास से किसानों को काफी कम

ब्याज पर ऋण दिया जा रहा है जो काफी सराहनीय हैं। इससे ना सिर्फ किसान अपने कृषि कार्य के लिए पूंजी प्राप्त कर सकता है बल्कि इससे अपनी आय भी बढ़ा सकता है। ओम प्रकाश ने बताया कि 50 हजार रुपए का केसीसी ऋण उन्होंने मटर की खेती के लिए लिया है। मटर के लिए खेत तैयार किया जा रहा है और तैयार होते ही वे इसमें मटर लगायेंगे। इससे होनेवाली आय को पुनः कृषि में लगायेंगे और ऋण समय से चुकायेंगे। ओम प्रकाश ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम झारखंड सरकार की बहुत ही सराहनीय पहल है। यह ऐसा कार्यक्रम है जहां ग्रामीणों के सुविधानुसार आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन कर लोगों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। ऐसे कार्यक्रम के लिए झारखंड सरकार को धन्यवाद कहा।

किस्को में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

मनरेगा की 18 योजनाओं का डीपीओ ने किया शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर गुरुवार को किस्को प्रखण्ड के अरेया पंचायत के निरहु खेल मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड के वरीय प्रभारी के रूप में जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह द्वारा मनरेगा के 18 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, महिला, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग की ओर से योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा द्वारा हरा राशन कार्ड बनवाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, यह अपील की गई कि जो भी परिवार अब तक राशन कार्ड से अच्छादित नहीं हैं वे आवेदन कर सकते हैं। राज्य

सरकार ने निर्णय लिया है कि कोई भी परिवार भूखा ना रहे। हर परिवार को अन्न उपलब्ध कराना है। श्री बेसरा द्वारा हिट एंड रन में मृत्यु होने पर सरकार की ओर से मुआवजा राशि की जानकारी दी गई। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा जिला में एससीए मद से ली जा रही योजनाओं और विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड में नियमित रूप से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इन शिविरों में आप शामिल होकर सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें। सरकार आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से जन-जन से जुड़ रही है। आप इन कार्यक्रमों में अवश्य पहुंचे।बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,कन्यादान योजना,मातृ वंदना योजना की जानकारी दी।पशुपालन विभाग की योजनाओ मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में 16 विभिन्न विभागों से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे।कार्यक्रम में पशुपालन पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य किस्को प्रखंड संदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष बीस सूत्री किस्को प्रखंड सामुल अंसारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अनिल मिंज, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं जिला/प्रखण्ड के सभी विभाग के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण किया गया जिसमें सर्वप्रथम मनरेगा के तहत प्रति ग्राम 05-05 योजना का शुभारंभ किया गया। साथ ही 18 योजनाओं के स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

जिला कृषि कार्यालय में उर्वरक विक्रेताओं के बीच पोस मशीन का किया वितरण

सिमडेगा। जिला कृषि कार्यालय में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित करते हुए जिले के 29 उर्वरक विक्रेताओं के बीच पोस मशीन का वितरण किया गया ।मौके पर मुख्य रुप से कृभको कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार एवं झारखंड राज्य उर्वरक समन्वयक चंदन कुमार तथा जिला कृषि कार्यालय के कृषि निरीक्षक विनोद कुमार साहू उपस्थित रहे ।जहां पर क्षेत्रीय प्रबंधक के द्वारा 29 उर्वरक अनुज्ञप्तिधारियों के बीच विस्तार पूर्वक पोस मशीन के संचालन रखरखाव सहित सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।मौके पर उन्होंने सभी उर्वरक विक्रेताओं को बताया कि सरकार सभी चीजों पर मॉनिटरिंग कर रही है ऐसे में उर्वरक की खपत एवं कुल उपयोग सहित अन्य सभी प्रकार की चीजों की जानकारी लेने के लिए पोस मशीन सभी विक्रेताओं के बीच दी जा रही है ताकि सरकार के बीच समय पर डाटा पहुंच सके।

चाइनीज झालरों की रोशनी में विलुप्त हो रहे मिट्टी के दीये

मिट्टी के दीये व खिलौने बनाने में जुटे कुम्हार, इस वर्ष बेहतर कमाई की आस के साथ दिखी मायूसी

नवीन मेल संवाददाता

केरसई। दीपावली का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, मिट्टी के दीये व मूर्ति बनाने वाले कुम्हार समाज के लोग भी अपना कार्य पूरा करने में जुट गये हैं, साथ ही महंगी मिट्टी मिलने से लागत नहीं निकलने का संकट भी सता रहा है, दीपावली पर्व में अधिक से अधिक मिट्टी के दीये बनाने के लिए सभी आतुर दिखायी पड़ रहे हैं, क्योंकि लॉकडाउन के समय जो नुकसान इन लोगों को उठाना पड़ा है, उसकी भरपाई के लिए दीपावली पर्व उनके लिए महत्वपूर्ण अवसर हैप्रखंड अंतर्गत बाघडेगा पंचायत के ग्राम मिचुटोली समेत अन्य स्थानों पर कुम्हार समुदाय के लोग दीये तैयार कर रहे हैं,उनलोगों ने कहा कि

पिछले वर्ष कोरोना के कारण दुर्गा पूजा के समय पंडालों में माता की प्रतिमा की स्थापना नहीं होने से मिट्टी के बर्तनों की उपयोगिता नहीं थी। लॉकडाउन एवं कोरोना काल में जीविकोपार्जन चलाना मुश्किल हो गया था। कारीगरों का कहना कि दीये बनाने के लिए हम विशेष प्रकार की मिट्टी का उपयोग करते हैं जो कि बहुत ही कम एवं सुदूर स्थानों से मुहैया कराया जाता है जो कि बहुत ही महंगा साबित होता है। आज हमलोगों की कला को जीवित रखना भी हमारे समाज के लिए बड़ी चुनौती है। क्योंकि आज के परिवेश में युवा पीढ़ी इस व्यवसाय से दूर हो रहे हैं, क्योंकि आज यह व्यवसाय किसी प्रकार से लाभप्रद साबित नहीं हो रहा है। इस वर्ष दीपावली में बेहतर कमाई की उम्मीद में दीये व खिलौने बनाये जा रहे हैं, कुम्हार समाज के लोगों को कहना है।

भारत की ऊर्जा रणनीति में प्रतिबद्धताओं का संतुलन रखा जाता है : पुरी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत की ऊर्जा रणनीति में साझा वैश्विक हितों और हरित संक्रमण के प्रति प्रतिबद्धताओं, सभी के लिए ऊर्जा की उपलब्धता, मुनासिब दाम और देश की ऊर्जा सुरक्षा पर उचित ध्यान रखा जाता है। श्री पुरी ने अमेरिका में पेट्रोलियम उद्योग के गढ़ ह्यूस्टन में ह्यभारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में अवसर पर एक गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा मांग में वृद्धि का 25 प्रतिशत भारत से आने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत ने कम कार्बन उत्सर्जन के साथ विकास की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिसमें हाइड्रोजन और जैव ईंधन जैसे उभरते ईंधन शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान चुनौतीपूर्ण ऊर्जा वातावरण के बावजूद, ऊर्जा संक्रमण और इसके जलवायु शमन लक्ष्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता कम नहीं होने वाली है। मंत्री ने कहा कि भारत देश में खनिज ईंधन की खोज और निकासी के लिए नो-गो (वर्जित) क्षेत्रों को 99 प्रतिशत तक कमी करके लगभग 10 लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में खोज और उत्पादन को युक्तिसंगत बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए बड़े सुधार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे राष्ट्रीय डिपॉजिटरी रजिस्ट्री के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता वाला भूवैज्ञानिक डेटा उपलब्ध हो सकेगा। श्री पुरी ने एक के बाद एक कई ट्वीट के जरिए कहा कि जैव ईंधन, गैस आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन, पेट्रोकेमिकल्स और अपस्ट्रीम क्षेत्रों के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अपार संभावनाएं स्पष्ट हैं और इसे निजी क्षेत्र की कंपनियों के सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के सुधार उपायों के कारण, वैश्विक तेल कंपनियों द्वारा भारतीय ईएंडपी में अभूतपूर्व रुचि दिख रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि अन्वेषण और उत्पादन क्षेत्र के लिए भारत सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता का संकेत देते हुए श्री पुरी ने दुनिया की तेल और गैस राजधानी (ह्यूस्टन) में विशेष कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) और अपतटीय क्षेत्र में तेल खोज और निकासी के लिए नीलामी के दौर का शुभारंभ करने की घोषणा की। इसके तहत 2.3 वर्ग किमी से अधिक क्षेत्र की पेशकश की गयी है। इससे पहले सरकार ने 10 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक नो गो क्षेत्रों में नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गयी थी। श्री पुरी ने वहां यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। गोलमेज सम्मेलन में ऊर्जा की बड़ी कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्व सहित 35 कंपनियों के 60 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भारतीय ऊर्जा सार्वजनिक उपक्रमों ने भी भाग लिया।

विप्रो का दूसरी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 9.27 प्रतिशत घटा

बेंगलुरु। देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 9.27 प्रतिशत घटकर 2,659 करोड़ रुपये रहा। एक वर्ष पूर्व समान माह में यह 2,930 करोड़ रुपये था। विप्रो के प्रबंध निदेशक और सीईओ थियरी डेलापोर्टे ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, परिचालन मार्जिन के कारण कंपनी का दूसरी तिमाही में लाभ घटा है। विप्रो ने आलोच्य तिमाही में वार्षिक आधार पर 14.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 22,539.7 प्रतिशत का परिचालन से राजस्व अर्जित किया जो वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में 19,667.4 करोड़ रुपये था।

झारखण्ड सरकार पथ निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ प्रमण्डल, लोहरदगा, झारखण्ड।
अति-अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

(प्रथम निविदा)

ई-टेण्डर रिफ्रेंस नं॰ : **RCD/LOHARDAGA-710/2022-23**

दिनांक : 11.10.2022

1.	कार्य का नाम	**Installation of Yellow Blinker with Voice.**
2.(क)	निविदा की राशि	रू॰ 55,58,555.00 (पचपन लाख अनठावन हजार पाँच सौ पचपन)।
(ख)	अग्रधन राशि	रू॰ 1,12,000.00 (एक लाख बारह हजार)
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	02 (दो) माह।
4.	वेब-साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	26.10.2022 मध्याह्न 12:00 बजे तक।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	17.10.2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे से।
6.	वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि	28.10.2022 पूर्वाह्न 12:30 बजे से।
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम और पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।
8.	प्रोक्योरमेंट ऑफिसर का सम्पर्क नं॰	8709320541
9.	ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं॰	0651-2401010

नोट :-कृपया विस्तृत जानकारी के लिए वेब-साईट https://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 279809 Lohardaga(22-23)D

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

नाम-छोटकेश्वर भगत, उम्र-42वर्ष, रंग-गोरा, ऊँचाई-5 फीट 5 ईंच

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि लापता पुरूश छोटकेश्वर भगत, पे0-स्व0 तुलसी भगत, सा0-मसमानो, थाना-भण्डरा, जिला-लोहरदगा है जो दिनांक 22.09.2022 को घर से बिना बताए निकला जो आजतक अपने घर वापस नहीं आया जिसके संबंध में तुपुदाना ओ0पी0, सनहा संख्या-11/22, दिनांक-25.09.2022 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलता हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,हटिया राँची। -9431706143
थाना प्रभारी,तुपुदाना ओ0पी0 राँची। -9431706167

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 279837 (Police) 22-23 (D)

नेतरहाट आवासीय विद्यालय,नेतरहाट सी.बी.एस.ई. से संब) +2 विद्यालय

संबद्धसंख्या-3420006, विद्यालय संख्या- 69558

संख्याः 1833 **विज्ञप्ति** दिनांकः13.10.2022

नेतरहाट प्रवेश परीक्षा सत्र-2021-22 के परीक्षाफल के आधार पर प्रतीक्षासूची से मेधाक्रम में आये 34 (चौंतीस) रिक्त सीटों के विरूद्ध निम्न अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की मेधासूची विद्यालय के वेबसाइट **www.netarhatvidyalaya.com** पर भी उपलब्ध है। चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सीय जांच हेतु असैनिक शल्य चिकित्सक-सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,सदर अस्पताल,रांची के द्वारा तिथि निर्धारित की गयी है,तदनुसार अभ्यर्थियों के क्रमांक की सूची निम्नानुसार हैः-:-

दिनांक-21.10.2022(शुक्रवार),समयः-प्रातः10 बजे से स्थानः- सदर अस्पताल,रांची(झारखण्ड)

1	NET-2080134	2	NET-2020008	3	NET-4180082	4	NET-2110014	5	NET-2140020
6	NET-3050033	7	NET-2040089	8	NET-2110045	9	NET-2080115	10	NET-2080107
11	NET-2040024	12	NET-2020001	13	NET-4150001	14	NET-1200088	15	NET-2080018
16	NET-1160020	17	NET-2110047	18	NET-3050067	19	NET-3090019	20	NET-2080035
21	NET-1160023	22	NET-2020074	23	NET-2040018	24	NET-2190007	25	NET-1160124
26	NET-1160007	27	NET-2020119	28	NET-5220031	29	NET-5220019	30	NET-1160008
31	NET-2040098	32	NET-2140003	33	NET-1160047	34	NET-1100046		

नोटः

1. चिकित्सीय जांच के समय सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।इसके अभाव में चिकित्सीय जांच नहीं हो सकेगी तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की सूचना अलग से नहीं भेजी जाएगी।
2. यदि निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी की चिकित्सीय जांच किसी कारणवश नहीं हो पाती है तो उन्हें अगली तिथि के लिए रूकना पड सकता है।
3. पहचान हेतु आधार कार्ड की मूल प्रति लेकर आना होगा तथा अनुमडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत राज्य का स्थायी /स्थानीय प्रमाण पत्र,जाति/EWS प्रमाण पत्र और जन्म एवं मृत्यु पंजीयन अधिनियम 1969 के तहत जन्म मृत्यु निबंधक कार्यालय/नगर निगम /पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति भी साथ में लायें।

प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

PR 279796 (Human Resource Developement)22-23*D

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

प्रथम आमंत्रण

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : DWSD/Lohardaga/11/2022-23 दिनांक : 12.10.2022

1	कार्य का नाम -	Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, 72 Mtr. Long & 3.50 Mtr. Wide Gangway 7.70 MLD capacity Conventional Water TreatmentPlant, RCC Elevated Service Reservoir - 5 Nos., Staff Quarter, Compound wall, Infiltration Gallery,Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection-12457 Nos., Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, Railway Crossing, Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for Chitri Dandu and Adjoining villages Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Lohardaga on turnkey basis."
2	प्राक्कलित राशि	8930.32 लाख रूपये
3	अग्रधन की राशि	89.31 लाख रूपये
4	परिमाण विपत्र का मूल्य	0.10 लाख रूपये
5	कार्य पूरा करने की अवधि	30 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.)
6	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	03.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न से
7	प्री बीड मिटिंग की तिथि	दिनांक 10.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची
8	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	14.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक
9	बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान	16.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला का कार्यालय 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची का कार्यालय
10	निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की तिथि एवं समय	17.11.2022, 11:30 बजे पूर्वाह्न से
11	निविदा के वित्तीय बीडों को खोलने की तिथि	बाद में सूचित किया जाएगा।
12	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
13	ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0	9431516030

नोटः प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है। तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 279852 Lohardaga(22-23).D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR
E-Procurement Notice
(5th Call)

Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-10/2022-23
Dated : 13-10-2022

1	Name of the Department	**Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi**
2	Date of publication of Tender on Web site	**17.10.2022 / 12.30 P.M.**
3	Date of Pre-bid Meeting	**20.10.2022 / 12.30 P.M.** Office of the Engineer-In-Chief, D.W.S.D, Nepal House, Ranchi
4	Last date / Time for receipt of Bid	**01.11.2022 / 05.00 P.M.**
5	Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy)	**02.11.2022 / 05.00 P.M.** 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar
6	Date & time of Opening of Tender	**03.11.2022 / 04.00 P.M.**
7	Name & Address of Office inviting tender	Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar
8	Name & Address of Tender Opening officer	Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar
9	Contact No. of Procurement office	9835068475
10	Help No. of e-Procurement Cell	0651-2490920
11	**Detailed survey, designing and drawi ng, construction of 8390 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2021-22.**	

SL. No.	Group No.	No. of Panchayat	No. of Village	No. of Scheme	Estimated Cost (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Cost of BOQ (In Rs.)	Time of Completion
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	SVS/CLUSTER-1(A)	6	30	65	618.61	6.19	10000.00	9 Months

- **Estimated Cost & EMD Cost may vary.**
- **Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar

PR 279817 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

Govt. of Jharkhand
Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa

Notice Inviting Tender

e-Tender Reference No. : GNP/03/2022-23 Dated : 11.10.2022

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

S. No.	Name of the Work	Estimated Cost(in Rs.)	Earnest Money (in Rs.)	Cost of tender paper (Rs.)	Time of completion	Name of the Concerned Office
1	2	3	4	5	6	7
1	Construction of RCC drains with slab for Vidya Enclave in Ward No. -15	2231500.00	45000.00	5000.00	03 माह	Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa
2	Construction of RCC drain with slab from Kuldeep houses to Harijan school in Ward No.- 10	2089100.00	42000.00	5000.00	03 माह	Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa
3	Construction of RCC drain with slab from Binod keshri houses to Kanhayalal keshri houses in Ward No.- 04	931800.00	19000.00	5000.00	03 माह	Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa
4	Construction of PCC road from Shiv Dhoda Road vaya Munna Singh Houses to Krishna Yadav Houses in Ward No.-04	2383400.00	48000.00	5000.00	03 माह	Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa
5	Construction of PCC road from Shahsi Dwiwedi Houses to Babulal Dubey Houses, Sujit Singh Houses to Ramnath Baitha Houses, Ojha Ji Houses to Alakh Dwiwedi Houses, Uday Verma Houses to Girdhari Singh Houses and Navin Tiwari Houses in Ward No 16 & 17. Dwiwedi Houses houses to ..... houses in Ward No.-	2477900.00	50000.00	5000.00	03 माह	Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa
6	Construction of RCC drain with slab From Shahsi Dwiwedi Houses to Babulal Dubey Houses, Sujit Singh Houses to Ramnath Baitha Houses, Ojha Ji Houses to Alakh Dwiwedi Houses, Uday Verma Houses to Girdhari Singh Houses and Navin Tiwari Houses in Ward No 16 & 17.	2498500.00	50000.00	5000.00	03 माह	Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa

Note : Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

Sl. No.	Procurement Officer	Place of Opening	Availability of tender on line for bidding		Document Submission Date	Place, Date & time of opening bid.
A	B	C	D	E	F	G
1.	Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa	Place of the Executive officer ,Nagar Parishad,Garhwa	From Date-17.10.2022 Time 11:00 A.M	To Date-27.10.2022 Time 5:00 P.M.	01.11.2022 Time 02:30 P.M.	N.P.G , Garhwa Date 02.11.2022 Time 11:00 A.M

Note : 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
   (i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
   (ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 9113726492, 8409053313

EXECUTIVE OFFICER
NAGAR PARISHAD GARHWA

PR 279769 Urban Development(22-23)#D

औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 0.8 प्रतिशत गिरा

नयी दिल्ली। विनिर्माण और खनन क्षेत्र की गतिविधियों में समुचन के कारण भारत की औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन अगस्त 2022 में सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत घट गया। अगस्त 2021 में अनुकुल तुलनात्मक आधार की बदौलत औद्योगिकी वृद्धि दर में 13 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि अगस्त 2022 में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में पिछले वर्ष इसी माह की तुलना में 0.7 प्रतिशत और खनन क्षेत्र में 3.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। हलांकि इस दौरान विद्युत उत्पादन में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुयी। अगस्त 2022 में आईआईपी (आधार वर्ष 2011-12) 131.3 अंक रहा जो एक वर्ष पूर्व समान माह में 132.4 अंक था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के बीच औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही है।

कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, लातेहार

आम सूचना

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 2276 दिनांक 30.09.2022 के आलोक में आगामी नगरपालिका आम निर्वाचन-2023 के निमित लातेहार नगर पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) का गठन, परिसीमन एवं संख्यांकन से संबंधित प्रपत्र-A का प्रारूप प्रकाशन कर आम जनों से आपत्ति या सुझाव प्राप्त करना है।

एतद् द्वारा नगर पंचायत, लातेहार के सभी सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह प्रपत्र-A जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) के कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय एवं प्रत्येक वार्ड हेतु चिन्हित मतदान केन्द्र के सूचना पट्ट पर दिनांक 12.10.2022 से अगले सात दिनों यथा दिनांक 19.10.2022 तक प्रकाशित रहेगा।

इस प्रकाशित प्रपत्र-A में प्रकाशित मतदान केन्द्र के विरूद्ध किन्हीं हो आपत्ति या सुझाव देना है तो जिला निर्वाचन कार्यालय, लातेहार में प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिनों के अन्दर कार्यालय अवधि में अपना लिखित सुझाव/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त हुए आपत्ति एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)
-सह-उपायुक्त, लातेहार

PR 279749 Latehar(22-23)D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,लातेहार

भर्ती कैम्प दिनांक : 18.10.2022

सूचना

जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक 18.10.2022 को जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन 03:00 बजे तक **भर्ती कैम्प** का आयोजन किया जाना है। जिसमें **Utkarsh Small Finance Bank Ltd.** के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो निम्नवत है :-

S. No.	Name of Company	Name of Post	Qualification	Gender	Pay Scale	No. of Post	Age	Others Benefits
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	Utkarsh Small Finance Bank Ltd.	TCO	12 pass or Graduate	Male	10000-12000	100	18-28	Incentive+Residence
2		TCSO	Graduate + Dip. in Computer (6 months)	Male + Female	10000-12000	10	18-28	Incentive+Residence
3		TRO	Graduate	Male	10000-12000	100	18-28	Incentive+Residence
4		TSE	Graduate	Male	10000-12000	100	18-28	Incentive

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, रोजगार निबंधन कार्ड एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र (Private Sector) की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड-19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें।

नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, लातेहार

PR 279764 Labour Employment and Traning(22-23).D

सम्पादक की कलम से...

आपकी योजना व आपकी सरकार

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हर गांव-पंचायत को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ चुके हैं। नया और सशक्त झारखंड बनाने के संकल्प को विशाल रूप देने के उदेश्य से इनका प्रयास सराहनीय है। राज्यवासियों के विकास और खुशहाली के लिए आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर राज्य में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब देखना है इस योजना को धरातल पर कैसे उतारा जाता है। इसके लिए प्रत्येक जिले के अधिकारियां की भागीदारी महत्वपूर्ण होने जा रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री ने सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का शुभारंभ कर दबी कुचली बेटियों को सम्मान देने का कार्य किया गया है। अब जरूरत है इसे जमीन पर उतारने की। इस दूसरे चरण की निगरानी पोर्टल के माध्यम से करने की योजना है। इस पोर्टल पर हर जिले के पंचायतों में लगनेवाले शिविर की जानकारी हर दिन अपलोड होगी और हर सप्ताह में इसकी समीक्षा की जायेगी। इसके लिए शिविर में मिले आवेदनों व उसके निष्पादन की समीक्षा आवश्यक है। पहले चरण में पिछले वर्ष आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत छह हजार पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं से जोड़ा गया था, इसमें समस्याओं को लेकर जितने आवेदन मिले हैं उसका 99 प्रतिशत का कागजी तौर पर समाधान मानती है सरकार। लेकिन ऐसी बात नहीं है। हाल के दिनों में कई ऐसी शिकायतें मिली हैं,जिसमें लोग आज भी मकड़जाल में उलझे दिखलाई पड़ रहे हैं। दूसरी तरफ राज्य सरकार को पहले की गलतियों से सबक लेने की जरूरत है। सरकार हर वर्ग और हर तबके को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाएं बना रही हैं और उसे सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में इन योजनाओं की जानकारी की भारी कमी देखने को मिल रही है। इसलिए जरूरी है कि दूसरों को भी इससे अवगत करायी जाये। तभी लोग और हर व्यक्ति इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकता है। यहां की समस्या समय पर वर्षा का नहीं होना प्रमुख माना जाता है। किसान हर समय परेशान रहते हैं। खेती के लिए किसान भगवान भरोसे नहीं रहे, इसके लिए सिंचाई योजनाओं पर विशेष कार्य करने की जरूरत है। हर खेत में सालोंभर पानी रहे, ताकि हमेशा खेतों में फसलें लहलहाती रहे। इसके साथ किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध करायी जाये। झारखंड की एक बड़ी आबादी गांवों में रहती है। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देकर ही राज्य को विकास के रास्ते पर आगे ले जाया जा सकता है। इन योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे। तथा दूसरों को भी इन योजनाओं से जोड़ कर राज्य का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। दूसरी तरफ आज विकास की दौड़ में पर्यावरण के साथ निरंतर छेड़छाड़ जारी है। ऐसे में पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। अगर पर्यावरण को बचाना है तो हमें प्रकृति से प्रेम करना होगा। आदिवासियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। शहरों में एक पेड़ लगाने पर पांच यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा का अनुपालन जरूरी है। ऐसे में यहां की जनता को भी आगे आकर अपने अधिकार और कर्तव्य को समझने की जरूरत है।

आज का इतिहास

1998 : भारत और पाकिस्तान आणविक खतरे रोकने के लिए सहमत हुए।
2000 : श्रीलंका में पहली बार विपक्षी सदस्य अनुरा भंडारनायके को संसद अध्यक्ष बनाने की सहमति।
2004 : कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन मारा गया।
2005 : पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने नियंत्रण रेखा को भूकम्प राहत कार्य के लिए खोलने का सुझाव दिया।
2007 : पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की मोटरकार रैली में हुये आत्मघाती हमले 139 लोगों की मौत और 450 अन्य घायल हुये। इस हमले में श्रीमती भुट्टो बाल बाल बच गयी थी।
2012 : सीरिया ने मारेत अल नुमान में सैन्य हवाई हमलों 40 लोग मारे गये।
1605 : मुगल शासक अकबर का निधन।
1817 : इस्लामिक सुधारक और नेता सर सैयद अहमद खां का दिल्ली में जन्म।
1870 : कलकत्ता बंदरगाह को एक संवैधानिक निकाय प्रबंधन के तहत लाया गया।
1973 : अमेरिका के मशहूर अर्थशास्त्री वैसिली लिओन्टीफ को अर्थव्यवस्था के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित।
1976 : विलियम एन लिप्सकोंब जूनियर को रसायन का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
1980 : पहली हिमालय कार रैली को बम्बई (मुंबई) के ब्रेबोर्न स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
1985 : संपूर्ण विश्व में व्यापक विरोध के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी सरकार द्वारा अश्वेत कवि बेंजामिन मोलोइस को फांसी।
1991 : दक्षिण पश्चिम एशिया और दक्षिणी पूर्वी यूरोप के मुहाने पर स्थित अजरबैजान ने तत्कालीन सोवियत रूस से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
1995 : कोलंबिया के काटार्जेना में गुट निरपेक्ष देशों का 11वां शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।

भारत की आर्थिक उपलब्धियां कम नहीं

> अर्थव्यवस्था के कुछ पहलू तो ऐसे भी हैं जो देश के एक वर्ग को यदि फायदा पहुंचाते हैं तो एक अन्य वर्ग को नुक्सान पहुंचाते नजर आते हैं, जैसे, ब्याज की दर। ब्याज दर में यदि वृद्धि की जाती है तो बैंकों के जमाकर्ता तो प्रसन्न होते हैं क्योंकि उनकी ब्याज की आय में वृद्धि होती है परंतु ऋण प्राप्तकर्ता नाराज होते हैं क्योंकि उन्हें ब्याज के रूप में अधिक राशि का भुगतान करना होता है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज की दरों को अक्सर बढ़ाया अथवा घटाया जाता है। इससे देश के नागरिकों का एक वर्ग प्रसन्न होता है तो एक दूसरा वर्ग नाराज होता है, जबकि केंद्र सरकार एवं बैंकों को तो देश और अर्थव्यवस्था के हित को ध्यान में रखकर ही इस प्रकार के निर्णय करने होते हैं।

2021-22 में भारत से वस्तु एवं सेवा निर्यात 67,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है। जिसे 2030 तक 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए विभिन्न देशों से मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किये जा रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि अर्थशास्त्र एक जटिल विषय है। जिस प्रकार शरीर की विभिन्न नसें, एक दूसरे से जुड़ी होकर पूरे शरीर में फैली होती हैं और एक दूसरे को प्रभावित करती रहती हैं, उसी प्रकार अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलू (रुपए की कीमत, ब्याज दरें, मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, वित्त की व्यवस्था, विदेशी ऋण, विदेशी निवेश, वित्तीय घाटा, व्यापार घाटा, सकल घरेलू उत्पाद, विदेशी व्यापार, आदि) भी आपस में जुड़े होते हैं और पूरी अर्थव्यवस्था एवं एक दूसरे को प्रभावित करते रहते हैं। विषय की इस जटिलता के चलते अक्सर कई व्यक्ति अर्थव्यवस्था सम्बंधी अपनी राय प्रकट करने में गलती कर जाते हैं। जैसे, केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले आम बजट पर विपक्षी नेताओं द्वारा अक्सर यह टिप्पणी की जाती है कि इस बजट में तो आंकड़ों की जादूगरी की गई है और वित्त मंत्री तो आंकड़ों के बाजीगर हैं। दूसरे, अर्थशास्त्र की जटिलता के चलते ही देश के कई नागरिक भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति को कमतर आंकते हैं। वैसे, अर्थशास्त्र के बारे में एक और बात कही जाती है कि कुछ अर्थशास्त्री, आधी अधूरी (हाफ कुकड/बेक्ड) जानकारी के आधार पर जितना बताते हैं उससे कहीं अधिक छुपाते भी हैं। अर्थव्यवस्था के कुछ पहलू तो ऐसे भी हैं जो देश के एक वर्ग को यदि फायदा पहुंचाते हैं तो एक अन्य वर्ग को नुक्सान पहुंचाते नजर आते हैं, जैसे, ब्याज की दर। ब्याज दर में यदि वृद्धि की जाती है तो बैंकों के जमाकर्ता तो प्रसन्न होते हैं क्योंकि उनकी ब्याज की आय में वृद्धि होती है परंतु ऋण प्राप्तकर्ता नाराज होते हैं क्योंकि उन्हें ब्याज के रूप में अधिक राशि का भुगतान करना होता है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज की दरों को अक्सर बढ़ाया अथवा घटाया जाता है। इससे देश के नागरिकों का एक वर्ग प्रसन्न होता है तो एक दूसरा वर्ग नाराज होता है, जबकि केंद्र सरकार एवं बैंकों को तो देश और अर्थव्यवस्था के हित को ध्यान में रखकर ही इस प्रकार के निर्णय करने होते हैं। इसी प्रकार एक और उदाहरण दिया जा सकता है कि वैश्विक स्तर पर जब अमेरिकी डॉलर महंगा होकर रुपए की कीमत कम होती है तो ऐसे में निर्यातक तो प्रसन्न होते हैं परंतु आयातक नाराज होते हैं क्योंकि आयातक को अमेरिकी डॉलर खरीदने के लिए अधिक रुपयों का भुगतान करना होता है और निर्यातक को अमेरिकी डॉलर के एवज में अधिक रुपए मिलने लगते हैं। इसके ठीक विपरीत यदि अमेरिकी डॉलर सस्ता होने लगता है एवं रुपए की कीमत बढ़ने लगती है तो आयातक प्रसन्न होने लगते हैं एवं निर्यातक नाराज होने लगते हैं। जबकि भारतीय रिजर्व बैंक लगातार यह प्रयास करता है कि भारतीय रुपए की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं होकर वह स्थिर बना रहे ताकि विदेशी निवेशकों का विश्वास भारतीय रुपए पर बना रहे। उक्त कारणों के चलते ही कई बार विपक्षी दल भी भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं के सम्बंध में प्रशन्न खड़े करते रहते हैं। परंतु, यह देश के हित में होगा कि आर्थिक विकास के सम्बंध में सही सही स्थिति से नागरिकों को अवगत कराया जाये और इस सम्बंध में प्रस्तुत किये जाने वाले आंकड़े सदैव प्रामाणिक रहें और इन आंकड़ों का विश्लेषण भी सटीक एवं सही हो। न कि, केवल चूंकि आलोचना करनी है इसलिए इन आंकड़ों को अपने तर्कों के फायदे के लिए इस्तेमाल किया जाये। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सीएमआईई, विश्व बैंक, आईएमएफ, एडीबी, विश्व व्यापार संगठन, आदि संस्थानों के वेब साइट्स से इस संदर्भ में सही आंकड़े लिए जा सकते हैं। भारत में अभी हाल ही में कई क्षेत्रों में अतुलनीय विकास हुआ है। परंतु, इसकी पर्याप्त चर्चा देश में होती नहीं दिखती है, जबकि नागरिकों को भी पूर्णतः यह जानने का हक है। भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जिस गति से भारत का आर्थिक विकास हो रहा है इसे देखते हुए वर्ष 2030 तक भारत, अमेरिका एवं चीन के बाद, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा।

■ प्रह्लाद सबनानी

दवाखाना बनाम शराबखाना

हम दो दोस्त साझेदारी में खरीदी गई जमीन दान करना चाहते थे। मैंने अपने दोस्त से कहा - यदि रोगियों को इलाज के लिए दवाखाना न मिला तो रोगी पीड़ा से कराह उठेंगे। उसने कहा - यदि शराबखाना खोलने के लिए जगह न मिली तो लोग वैसे भी मर जायेंगे। इसलिए जगह तो उसी के लिए दी जानी चाहिए। मैं कुछ कहता मित्र आगे कहने लगा - जिद छोड़िये। हमारे घरेलू नुस्खे कई बीमारियों के इलाज घर बैठे कर सकते हैं, लेकिन जो न दिखाई देने वाली पीड़ा है उसका इलाज तो एक ही स्थान पर हो सकता है। और वह है शराबखाना। सोचकर तो देखो शराबखाना समाज के मिलने जुलने की सही जगह। यहाँ पीड़ा तो मिटेगी ही साथ सभी तरह के लोगों से जिंदगी के तजुर्बे सीखने को मिलेंगे जो कि आईआईटी-आईआईएम भी नहीं सिखाते। मैं ने कहा - यह सब तो ठीक है। लेकिन शराबखाना आने वालों में कौन अच्छा है और कौन बुरा इसकी पहचान कैसे की जायेगी। अच्छे-बुरे लोगों की परिभाषा भी तो होती है। या यूँही जिससे मुँह लगाया वही अच्छा आदमी हो गया। कम से कम इस मामले में अस्पताल तो सही है। यहाँ बिस्तर पर पड़ा आदमी कुछ भी बोल सकता है लेकिन झूठ कतई नहीं। उसने कहा, 'भाई मेरे मैं कई शराबखानों में गया हूँ। वहाँ जो आता है बड़ी सच्चाई और ईमानदारी से आता है। वह घर में रुपए-पैसे देना भूल सकता है या चुरा सकता है लेकिन शराबखाने में उसकी जितनी ईमानदारी और सच्चाई कहीं ओर देखने को नहीं मिलेगी। पैसा देकर शराब खरीदेगा और मिल बैठकर यारों के साथ पीयेगा। अपने दुखों को साझा कर मन हल्का करेगा।' तो क्या अस्पताल में मन हल्का नहीं होता। क्या अपने दुख-सुख नहीं बाँट सकते। वहाँ तो ऐसा करने से किसी ने मना तो नहीं किया है न। उल्टे डॉक्टर खुद कहते हैं कि जो भी कहो खुल के कहो। वहाँ जितना सुना जाता है, भला कहीं ओर होता है? इसलिए फिर से सोचकर देख लो शराबखाने की जगह दवाखाना ही ठीक रहेगा। - मैंने कहा। शराबखाना शराबखाना होता है। जैसा नाम वैसा काम। वह धर्म, जात-पात, लिंग, भाषा, प्रांत, ऊँच-नीच का अंतर नहीं करता। सभी को एक समान दृष्टि से देखता है। वहाँ ऐसी पीड़ाओं का भी इलाज हो जाता है जो दवाखाना जाने पर भी नहीं होता। दवाखाना ऊँचे लोगों के लिए अलग तो नीचे तबके लिए अलग होते हैं। सरकारी दवाखाना होगा तो उपचार भी सरकार की तरह ही बेकार होगा। निजी दवाखाना तो बढ़िया होता है, लेकिन इतना महंगे में भर्ती कौन होगा। जेब में पैसा होगा तभी तो लोग यहाँ आ पायेंगे।'- मित्र ने कहा।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

सड़क हादसे व चुनौतियां

सड़क हादसों में होने वाली मौतें और अपंगता की बढ़ती संख्या ने यह सोचने पर विवश किया है कि क्या विकास की धुरी मानी जानी वाली सड़कें मौत का प्रमुख कारण और जगह बनती जा रही हैं? जिस सड़क से सारा यातायात संचालित होता है, क्या वे जीवन छीनने का कारण बनती जा रही हैं? सड़कें अर्थव्यवस्था की वृद्धि की आधार हैं, तो क्या सड़कों पर हो रही मौतें अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं पहुंचा रही हैं? पिछले कुछ सालों में केंद्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क सुरक्षा संबंधी कई उपाय किये हैं। उनमें सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्रोत्साहित करना, जागरूकता पैदा करना, सुरक्षा कानूनों का प्रवर्तन, सडक सुरक्षा सूचना का डेटाबेस तैयार करना जैसे उपाय शामिल हैं। इसके कुछ सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। मगर बढ़ती सडक दुर्घटनाओं ने इन सारे उपायों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। वजह है कि इन उपायों का पालन ठीक से नहीं कराया जा रहा है। कठोर कानून के बावजूद लोगों को उसका भय नहीं सताता, जिसका परिणाम प्रतिदिन सैकड़ों सड़क हादसों के रूप में सामने आता है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के मकसद से 2019 में मोटर वाहन अधिनियम को बेहद कठोर बना दिया गया। साथ ही, वाहन सुरक्षा के लिए नये तकनीकी मानक भी लागू किये गये। इसके बावजूद यातायात नियमों का सरेआम उल्लंघन किया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहनों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। देखा गया है कि गड्ढे वाली और टूटी-फूटी सड़कों पर लापरवाही या जानबूझ कर गलत तरीके से वाहन चलाने से हुई दुर्घटनाओं से कोई सबक नहीं लेता। शहरों में लालबत्ती पार करने, अधिक रफ्तार से गाड़ी चलाने और आगे निकलने की प्रवृत्ति आम है। यह दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। इससे सैकड़ों लोग घायल होते और मरते हैं। इसमें यातायात पुलिस की लापरवाही कम जिम्मेदार नहीं है। वहीं हादसा होने के बाद घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में हुई देरी घायल व्यक्ति की मौत का बड़ा कारण है, मगर आम लोग घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे नहीं आते। राज्य सरकार की तरफ से घायल को तत्काल चिकित्सा और राहत पहुंचाने वाली सुविधाएं भारत में बहुत कम हैं। इससे भी घायल व्यक्ति की मौत असमय हो जाती है। एक सर्वेक्षण के अनुसार दुपहिया वाहनों पर दुर्घटना का शिकार होने वाले पचहत्तर फीसद लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं करते। अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण गुणवत्तापूर्ण ड्राइविंग स्कूलों की बेहद कमी भी है। आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली अस्सी फीसद मौतों के लिए वाहन के चालक प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होते हैं। विडंबना ही कही जायेगी कि जो सुझाव सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात विशेषज्ञों द्वारा दिये जाते रहे हैं उन्हें मुस्तैदी के साथ पालन कराने के लिए यातायात पुलिस कुछ दिन तो काम करती है, लेकिन धीरे-धीरे फिर वही पुराना ढर्रा कायम हो जाता है। वरना क्या कारण है कि भारत में ही सबसे अधिक सड़क हादसे होते हैं? हाल में केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की खास वजह तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना और सड़क नियमों का पालन न करना है। गौरतलब है कि 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2011 से 2020 के दशक को 'सडक सुरक्षा पर सहमति का दशक' घोषित किया था। उसका असर दुनिया के देशों में तो हुआ, लेकिन भारत में कोई असर दिखाई नहीं दिया। पिछले एक दशक में सड़क दुर्घटनाएं कम होने के बजाय बढ़ती गई हैं। चीन के बाद सडक दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती हैं। आंकड़े बताते हैं कि दुर्घटनाओं में 12.42 फीसद प्रतिवर्ष तथा सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौतों में 29.16 फीसद प्रति वर्ष की दर से वृद्धि हो रही है। ये आंकड़े सरकारी हैं। गैर-सरकारी आंकड़ों में मौतों का आंकड़ा इससे पांच गुना ज्यादा है। आंकड़े के मुताबिक दुनिया में बारह लाख से ज्यादा लोग सड़क हादसों में मारे जाते हैं, जबकि इससे पांच गुना से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल होते हैं, जिनमें ज्यादातर अपंग हो जाते हैं। इनमें युवाओं की तादाद तीन चौथाई से ज्यादा है। विश्व के कुल वाहनों का महज दो फीसद भारत में हैं, पर सड़क हादसों में होने वाली मौतें बारह फीसद से ज्यादा हैं। दुनिया के तमाम देशों ने अपने कड़े सड़क कानून और जनजागरूकता अभियानों के जरिये सड़क हादसों में वृद्धि नहीं होने दी, लेकिन पिछले बीस सालों में सड़क दुर्घटनाओं की वजह से भारत में पचहत्तर फीसद से ज्यादा की वृद्धि हो चुकी है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि भारत में कितना सड़क कानूनों का पालन किया और कराया जाता है। सड़क सुरक्षा पर जारी की गई विश्व स्थिति रिपोर्ट ने सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामले की मुख्य पांच वजहें बताई हैं। इनमें सीमा से ज्यादा तेज गाड़ी चलाना, नशे में गाड़ी चलाना, सुरक्षा पेटी न बांधना, दुपहिया चलाते वक्त हेलमेट न पहनना और बच्चों की सुरक्षा के उपायों की अनदेखी शामिल है। गौरतलब है कि जिस रफ्तार से विकास का आधार मानी जाने वाली सड़कों का निर्माण हो रहा है, उस अनुपात में सड़क सुरक्षा के उपाय न होने की वजह से सडक दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। यह भी सच है कि वाहन चालक सड़क यातायात नियमों का पालन भी नहीं करते।

■ आयुष पांडेय

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

जलचरोंके अधिपति करुणासिन्धु वरुणदेवने वहाँ आकर स्तुति करते हुए उस ब्राह्मणपुत्र शुनःशेपको छुड़ा दिया और राजाको रोगमुक्त करके वे वरुणदेव अपने लोकको चले गये। विश्वामित्रने उस बालकको मृत्युसे मुक्ति प्रदान कर दी ॥ 28-29 ॥

राजाने महात्मा विश्वामित्रको बात नहीं मानी, अतः वे गाधिपुत्र विश्वामित्र मन-ही-मन राजाके ऊपर बहुत कुछ हुए ॥ 30 ॥

एक समय राजा घोडेपर सवार होकर वनमें ये वे सूअरको मारनेको इच्छासे ठीक दोपहरके समय कौशिकी नदीके तटपर पहुँचे ॥ 31 ॥

वहाँ विश्वामित्रने वृद्ध ब्राह्मणका वेश धारण करके छलपूर्वक उनका सर्वस्व माँग लिया और उनके हान राज्यपर अपना अधिकार कर लिया ॥ 32 ॥

जिससे [वसिष्ठके] यजमान राजा हरिश्चन्द्र अत्यन्त कष्ट पाने लगे। एक बार संयोगवश वनमें ये हुए विश्वामित्र से वसिष्ठने कहा- हे क्षत्रियाधम! दुर्बुद्धे! तुमने व्यर्थ ही ब्राह्मणका वेश बना रखा बगलेके समान वृत्तिवाले हे दाम्भिक तुम व्यर्थमें क्यों करते हो? ॥ 33-34 ॥

हे जाल्म! तुमने मेरे यजमान नृपश्रेष्ठ हरिश्चन्द्रको ना अपराधके महान कष्टमें क्यों डाल दिया ? ॥ 35 ॥

तुम बगुले के समान ध्यानपरायण हो। अतः तुम क' (बगुला) हो जाओ। वसिष्ठके द्वारा इस र शापप्राप्त विश्वामित्रने उनसे कहा- हे आयुष्मन ! बतक मैं बक रहूँगा, तबतक तुम भी आडी पक्षी कर रहोगे ।। 36 ॥

व्यासजी बोले- इस प्रकार क्रोधसे व्याकुल उन होंने एक-दूसरेको शाप दे दिया और एक सरोवरके प वे दोनों मुनि 'आडी' और 'बक' के रूपमें डोंसे उत्पन्न हुए। दिव्य मानसरोवर के तटपर एक पर घोंसला बनाकर बकरूपधारी विश्वामित्र और 'दूसरे वृक्षपर उत्तम घोंसला बनाकर आडीरूपधारी ष्ठ परस्पर द्वेषपरायण होकर रहने लगे। वे दोनों आविष्ट होकर प्रतिदिन घोर क्रन्दन करते हुए सभी के लिये दुःखदायी युद्ध करते थे। वे दोनों चोंच पंखोंके प्रहार तथा नखोंके आघातसे परस्पर चोट आते थे। रक्तसे लथपथ वे दोनों खिले हुए किंशुकके -जैसे प्रतीत होते थे। हे महाराज! इस प्रकार रूपधारी दोनों मुनि शापरूपी पाशमें जकड़े हुए बहुत वर्षोंतक पड़े रहे ॥ 37-42 ॥

राजा बोले- हे विप्रर्षे! वे दोनों मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ विश्वामित्र शापसे किस प्रकार मुक्त हुए, यह बताइये, मुझे बड़ा कौतूहल है ॥ 43 ॥

व्यासजी बोले- लोकपितामह ब्रह्माजी उन दोनोंको युद्ध करते देखकर समस्त दयापरायण देवताओंके साथ वहाँ आये। सृष्टिकर्ता ब्रह्माजीने उन दोनोंको समझाकर युद्धसे विरत करके परस्पर दिये गये शापसे भी मुक्त कर दिया ॥ 44-45 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

सही शब्द का प्रयोग करें

हम किसी भी शहर में चले जायें, वहां पर लोग आपस में बातचीत में धड़ल्ले से गाली का प्रयोग करते हैं। यह हमारे लिए काफी शर्म की बात है। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपना एक भी वाक्य बिना गाली की नहीं करते हैं। कई शहरों में किसी खास गाली का प्रचलन रहता है। इन गालियों में मां-बहनों को अपमानित किया जाता है। गाली देने से ही हम समझ जाते हैं कि वह व्यक्ति कैसे परिवार से संबंध रखता है। उसमें अच्छे संस्कारों की कमी है। कई जगहों पर तो महिलाओं को भी बेधड़क गाली देते देखा जा सकता है। गाली देने वालों को कभी भी सभ्य नहीं कहा जा सकता है। इस बारे में ना तो सामाजिक संस्था पहल करती है और ना ही सरकारी पहल होती है। अगर हमारी जुबान ही गंदी होगी तो हम अपने शहर व समाज को साफ कैसे रखेंगे? मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से लोगों से अपील करता हूं कि अपनी बातचीत में गाली का प्रयोग नहीं करें। ना ही किसी को करने दें। इस तरह की गाली से हमारे आसपास की महिलाओं को शर्मिंदा होना पड़ता है। गाली देकर हम अपनी बहादुरी प्रकट करने की कोशिश करते हैं जो शर्मनाक है। कई जगहों पर कई तरह की गालियों का प्रयोग किया जाता है,जिसकी चर्चा करना भी शर्मनाक है। इन गालियों के प्रयोग से महानगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हैं । जिस प्रकार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है । उसी प्रकार जुबान की गंदगी को भी साफ करने का अभियान चलाना चाहिए,जिससे की आम बातचीत में लोग गाली का प्रयोग नहीं करें। वहीं कई पढ़े-लिखे लोग भी गाली प्रयोग अंग्रेजी में कर अपने को पढ़ा लिखा साबित करने की कोशिश करते हैं,लेकिन गाली तो गाली है। इनको कहने व सुनने से हमें दूर रहना चाहिए और इसे सामाजिक बुराई मानकर इसे खत्म करना चाहिए।

■ महेश शर्मा , मेदिनीनगर।

जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है...

आसमान में हेलीकॉप्टर की आवाज व बच्चों के दौड़ते हुए शोर की एक मिश्रित आवाज सुनाई देने का मतलब था कि अब हेलीकॉप्टर उतर रहा है, तो घर के पीछे वाली खिड़की पर पहुँचकर खड़ा हो जाया करता था। कुछ देर में हेलीकॉप्टर उतरता, धूल उड़ती, पंखे थमते फिर पायलट उतरकर दरवाजा खोलता और सामने से मुलायम सिंह यादव जी कदम जमीन पर पड़ते और जोर से नारों का शोर सुनाई देने लगता 'जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है।' मेरा जन्म और प्रारंभिक शिक्षा दोनों ही जिला इटावा में हुई, मेरा घर कानपुर विश्वविद्यालय के एक प्रतिष्ठित महाविद्यालय के साथ अपनी बाउंड्री साझा करता था। उसका मैदान आस पास के सभी मैदानों से बड़ा और सुरक्षा दृष्टि से भी फिट है। इसलिए वह नेताओं के हेलीकॉप्टर का स्थायी हैलीपेड भी है। अन्य नेताओं का तो आगमन अक्सर चुनाव के समय ही होता था लेकिन उत्तर प्रदेश के 'नेताजी' और इटावा के लिए 'धरती पुत्र' मुलायम सिंह यादव जी का तो गृह क्षेत्र ही था, वो यहाँ के रेगुलर विजिटर या यूँ कहें कि परमानेंट विजिटर थे। नेताजी के इटावा आने के कारणों में चुनावी रैली बहुत कम ही याद आती है। नेताजी तो किसी के मुंडन संस्कार, किसी के जन्मदिन में, किसी के शादी-समारोह में, किसी बीमार का हालचाल जानने या फिर किसी की तेरहवीं या अंतिम संस्कार के वक्त आते थे। यह नेताजी के 'धरती पुत्र' हो जाने का सूत्र था। कभी-कभी तो पहले से भनक भी नहीं लगती थी, अचानक से सफेद एंबेसडर कार का काफिला सड़क से गुजरता तो ब्लैक कैट कमांडो को देखकर लोग अंदाजा लगा लेते कि नेताजी जा रहे हैं। पता पड़ता कि नेताजी सैफई आए थे उन्हें अचानक फलाने के दिवंगत हो जाने या बीमार होने का पता चला तो निकल पड़े। जब कोई संकोच के कारण नेताजी को आमंत्रित नहीं करता तो कई शादियों, जन्मदिनों में तो नेताजी बिना बुलाये पहुंचकर हक से डाँटते थे कि मुझे बुलाया क्यों नहीं? नेताजी जब लखनऊ में होते तो और कोई उनके पास काम लेकर जाता तो वे अनेक लोगों का नाम लेकर उस गाँव के और आसपास के हालचाल ले लेते थे, ऐसे थे नेताजी..नेताजी सड़क चलते कभी भी रुककर लोगों से क्षेत्र का माहौल पूछ लेते थे, यही उनका ओपिनियन पोल होता था। नेताजी के पास कोई भी काम लेकर जाता, वे कभी उसे निराश नहीं करते थे। तुरंत सचिव को बुलाकर कहते थे कि नियम नहीं है तो क्या हुआ? नियम कौन बनाता है? तो नियम बनाओ और ये काम करो। जैसा कि राष्ट्रीय कवि डॉ. कुमार विश्वास कहते हैं कि मुलायम सिंह यादव जी उत्तर प्रदेश के लिए एक इमोशन हैं, लेकिन इटावा के लिए वे एक 'पहचान' थे। कोई भी इटावा का छात्र/छात्रा किसी अन्य प्रदेश में उच्च शिक्षा या नौकरी के लिए जाता तो 'मुलायम सिंह जी के जिले से हैं' ये उसका विजिटिंग कार्ड होता था। नेताजी कई बार किसी रिपोर्टर, कवि इत्यादि से नाराज भी हो जाते थे तो अगले दिन फोन लगाकर अधिकार भाव के क्षमा माँगते। लेखकों, साहित्यकारों को नेताजी ने बहुत प्रोत्साहित करने का काम किया। हम बच्चे जब हेलीकॉप्टर देखने वाली उम्र को पार किये तो मुलायम सिंह जी के बारे में जानना, समझना चाहते थे, इसलिए अपने बड़ों से अक्सर उनके बारे में पूछा करते। मेरा ननिहाल तो सैफई के और करीब है। नानी बताती हैं कि जिन दिनों समाजवादी आंदोलन अपने चरम पर था नेताजी साइकिल चलाकर गांव में पर्चे बाँटने आते थे, उन दिनों वे शिक्षक थे। मेरे बड़े नाना पहलवानी करते थे, तो नेताजी उनके अखाड़े के मित्र भी थे। नेताजी ने अपना पहला विधानसभा चुनाव जसवंतनगर से अभावों में लड़ा था, लोगों से पैसे माँगकर जीप ली, फिर चुनाव प्रचार किया। एक किसान से शिक्षक, पहलवान, विधायक, मुख्यमंत्री से लेकर देश के रक्षामंत्री तक का सफर नेताजी को एक 'संस्थान' के रूप में खड़ा करता है। नेताजी का नाम तो मुलायम था, लेकिन अपने संकल्प के प्रति दृढ़ थे। जो बात एक बार ठान लेते थे, फिर उस पर अडिग रहते थे, सिर्फ सत्ता को बचाये रखने की चाह में नेताजी ने समझौते नहीं किये। नेताजी ने अपने विरोधियों को कभी दुश्मन नहीं माना, सबको गले लगाया लेकिन चुनावी अखाड़े में अपने दांव से चित्त किया।

■ आयुष पांडेय

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

न्यूज गैलरी

नगर पंचायत सफाई कर्मी राजेश राम का आकस्मिक निधन

लातेहार। नगर पंचायत लातेहार के सफाई कर्मी राजेश राम का आकस्मिक निधन गुरुवार की दोपहर हो गया है। जानकारी के अनुसार राजेश राम विगत कई महीने से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा था। गुरुवार की दोपहर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ जाने पर परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल ले गये, वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेश राम के निधन पर नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, कार्यपालक पदाधिकारी शेखर कुमार, वार्ड पार्षद संतोष रंजन, संयुक्ता कुंवर, बेबी देवी, जितेंद्र पाठक, विरेंद्र पासवान, कनीय अभियंता संदीप कुमार, सिटी मैनेजर जया कुमारी, डा आनंद किशोर दांगी, रणधीर कपूर व राजू प्रसाद ने शोक प्रकट किया है।

लातेहार जांबाज ने लातेहार रॉयल्स को 10 विकेट से धोया

लातेहार। लातेहार प्रीमियर लीग के तीसरा मैच लातेहार जांबाज ताथा लातेहार रॉयल्स के बीच खेला गया । जहां लातेहार रॉयल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 61 रन बनाए । जिसमें न्यूटन आनंद ने 19, प्रभात सिंह 12 ताथा आनंद सिंह ने 12 रनो का योगदान दिया। वही लातेहार जांबाज की ओर से अकाश कुमार महतो 2 , लवकुश ताथा प्रीत ने एक एक विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार जांबाज ने 6 ओवर में ही बिना विकेट खोए 62 रन बनाकर मैच को जीत लिया जिसमें निशु कुमार यादव नाबाद 29 ताथा कुमार शानू ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया । लातेहार रॉयल के किसी गेंदबाज को कोई विकेट नहीं मिला । मेन ऑफ द मैच अकाश कुमार महतो को चुना गया ।

सड़क दुर्घटना में दो महिला सहित एक पुरूष घायल

महुआडांड़। नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम चोरमुण्डा गिरजाघर के समीप बोलोरो और मोटरसाइकिल बाईक में टक्कर होने से मोटरसाइकिल सवार दो महिला सहित एक पुरूष घायल हुए। सभी लोग मेहमान घर चोरमुण्डा से सखुवाटोली अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान चोरमुण्डा गिरजाघर के समीप खड़े बाईक सवार को विपरीत दिशा आ रही बोलोरो ने सीधे टक्कर मार दि। जिससे शौनियारो बाई पति स्व सुखराम, फुलमेत ईदवार पति स्व रामनायक राम लोदाम कोनबीरा जशापूर छत्तीसगढ़ एंव सुरज कुमार पिता बिरबल नायक ग्राम सखुवाटोली थाना गुरदरी गुमला निवासी घायल हुए। जिन्हें नेतरहाट थाना प्रभारी दिवाकर देबू द्वारा इलाज के महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां फुलमेत ईदवार और सुरज कुमार को सिर, आंख हाथ में गंभीर चोट लगी है। सभी का इलाज महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चल रहा है।

मनिका मे भीम आर्मी एकता मिशन की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

मनिका (लातेहार)। मनिका प्रखंड के स्थित लोहिया भवन में दिन गुरुवार को प्रमोद राम की अध्यक्षता में भीम आर्मी एकता मिशन बैनर तले एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कुमार के उपस्थित मे प्रखंड कमेटी विस्तारपूर्वक चर्चा कर निर्णय लिया गया। जिसमें मनिका प्रखंड के सभी पंचायत के सक्रिय सदस्य के अपना उपस्थित दर्ज कर कमेटी गठन का निर्णय लिया। पंचायत के सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर हस्ताक्षर किया। मौके पर अवधेश कुमार बरवैया। मोहन कुमार रवि कोपे। तुलसी कुमार रवि दुंदु। कमलेश्वर राम दुंदु। मनदीप राम कोपे। अरविंद राम रेवत कला। बीरबल राम रेवत कला। मुद्रिका राम रेवत कला। विमल उराव मटलौंग। अखिलेश कुमार बरवैया। संतोष कुमार बरवैया। मुकेश राम बयांग। गोविंद राम रेवत कला। विजय राम रेवत कला। सुरेंद्र सिंह सेवन एवं अन्य लोगों का उपस्थिति मौजूद रहा।

उपायुक्त ने बस स्टैंड का किया निरीक्षण, मूलभूत सुविधाएं बहाल करने का दिया निर्देश

चतरा। गुरुवार को उपायुक्त अबु इमरान ने बस स्टैंड का निरीक्षण करते हुए मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने इस क्रम में मूलभूत सुविधाएं यथा पेय जल, साफ-सफाई, शौचालय एवं अन्य व्यवस्था को लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया। वहीं यात्री पड़ाव को देखते हुए विश्रामगृह का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जबकी स्टैंड के समीप संचालित दाल-भात केंद्र का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता समेत अन्य की जांच करते हुए प्रत्येक दिन केंद्र का संचालन एवं भोजन की गुणवत्ता, मात्रा में सुधार करने का निर्देश दिया। दुसरी ओर उपायुक्त ने प्राप्त शिकायत के आधार पर स्टैंड स्थित ओम साई अल्ट्रासाउंड का औचक निरीक्षण कर लिंग परीक्षण, सर्टिफिकेट, संचालक, अल्ट्रासाउंड करवाने वालो से ली जाने वाली राशि समेत अन्य की जानकारी लेते हुए मौके पर सिविल सर्जन को नियमानुसार विस्तृत जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

नावाडीह-डमौल में आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

सरकारी योजनाओं पर दी गयी विशेष जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

पत्थलगडा(चतरा)। गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह-डमौल पंचायत सचिवालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रमुख मनीषा कुमारी, बीडीओ मोनी कुमारी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, जिप सदस्य रामसेवक दांगी आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। आपके द्वारा कार्रूक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। वहीं इस दौरान नावाडीह, डमौल, बाजोबार, चौथा, मरंगा आदि गांव से काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच कर राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, कृषि ऋण, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन दिया। बीडीओ ने लोगों को सरकार द्वारा

संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कई लाभुकों के बीच वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, केसीसी ऋण, जेएसएलपीएस के द्वारा महिला समूहों के बीच ऋण वितरण किया गया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल, धोती-साड़ी का वितरण किया गया। दुसरी ओर गैस एजेंसी व कुछ विभागों द्वारा स्टॉल नहीं लगाया गया था, जिससे लोगों को बगैर आवेदन जमा किए वापस लौटना पड़ा। मौके पर मुखिया कंचन देवी, पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी, मीना कुमारी, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, एसबीआई शाखा प्रबंधक प्रकाश पांडेय, बीओआई शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष जितेंद्र दांगी, पंचायत सचिव राणा प्रताप सिंह, पूर्व मुखिया मेघन दांगी, रोजगार सेवक नरेश दास, राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव, जेएसएलपीएस सीसी नीता कुमारी, रवि कुमार आदि शामिल थे।

ग्राम पंचायत विकास के तहत ग्राम सभा का आयोजन

गिद्धौर(चतरा)। गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु पंचायत के गांगपुर में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा का आयोजन पंचायत के मुखिया डेगन गंझू के नेतृत्व में किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने गांव के विकास के लिए मनरेगा से तालाब, कूप, डोभा सहित अन्य योजनाओं का चयन किया। जबकि बीआरजीएफ योजना के तहत पीसीसी पथ, नाली, चबूतरा, पुल पुलिया बकरी सेड, मुर्गी पालन व गोशाला सहित अन्य योजनाओं का ग्रमीणों ने चयनित किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य रहमती परवीन, पंचायत सेवक महेश मिस्त्री, रोजगार सेवक सुनील कुमार, राजू दास, सबीहा खातुन महिला समुह की गुड़िया देवी, बबिता देवी सहित कई कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों के शिकायत पर डीसी ने पीडीएस दुकानदार का लाइसेंस किया निलंबित

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत जबड़ा पंचायत के ग्रामीणों की शिकायत पर पीडीएस दुकानदार अवधेश कुमार सिंह का लाइसेन्स 03/1989 निलंबीत कर दिया है। ग्रामीणों द्वारा पीडीएस दुकानदार द्वारा अनाज नहीं दिये जाने की शिकायत उपायुक्त से की गई थी। जिसपर उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्वयं उस दुकान का निरीक्षण किया और जांच के क्रम में पाया गया कि बगैर किसी पूर्व सूचना के दुकान स्थल बदल दिया है तथा अवैध जगह पर अनाज का भंडारण किये हुए है। इससे कालाबाजारी की संभावना से इनकार नही किया जा सकता है। वहीं पुछताछ के क्रम में दुकान संचालक का जवाब संतोषजनक नहीं था साथ ही उसने अपने पक्ष में गवाह के रूप में अवैध कार्डधारी का नाम बताया। पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा राशन वितरण में अनियमितता

के लिए उक्त पीडीएस दुकानदार की शिकायत उपायुक्त से की गई थी। जिसके आधार दपर उपायुक्त ने दुकानदार का लाइसेन्स तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं जिले के अन्य कालाबाजारी और अनियमितता करने वालों को उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि सुधर जाएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गरीबों का निवाला छिनने वालों को कतई बक्शा नहीं जाएगा।

मोटरसाईकिल दुर्घटना की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित कुल्ही नाला के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में मोटरसाइकिल में सवार तीनों लोग घायल हो गए,जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल तीनों लोग स्थानीय बताए जा रहे हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह दो मोटरसाइकिल सवार मुकेश कुमार एवम रोशन कुमार बरवाडी से कुटमु की ओर जा रहे थे। वही अजय कुमार कुटमू से बरवाडी की ओर आ रहे थे। इसी बीच कूल्ही नाला के पास दोनो मोटरसाइकिल में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें तीनों घटनास्थल पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों ने इसकी सूचना 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दी जहां से तत्काल एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचकर अगल-बगल के लोगों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर सभी घायलों का इलाज किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल अजय कुमार को एम एमसीएच मेदेनीनगर रेफर किया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर बरवाडी थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को जप्त कर थाना परिसर में जमा किया है। वही इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दिया।

स्वास्थ्य सहिया ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक

अपनी मांगे पूरी होने तक चरणबद्ध तरीके से होगा आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को प्रखंड के स्वास्थ्य सहिया ने मानदेय बढ़ाने समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक बैठक की। बैठक अध्यक्षता स्वास्थ्य सहिया लाल मुनी देवी ने की। बैठक में कार्यरत सभी स्वास्थ्य सहिया मांगों के समर्थन में अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाएं। वही सरकार द्वारा पूर्व में किये गये आंदोलन पर अब तक किसी तरह करवाई नहीं किए जाने पर सरकार विरोधी नारे भी लगाए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अपनी मांगे पूरी होने तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। इसके प्रथम चरण में 14 अक्टूबर को झारखंड सरकार प्रदेश सचिवालय का घेराव किया जाएगा। जिसमे सभी स्वास्थ्य सहिया को रांची चलने की अपील किया गया। निर्णय लिया गया कि सभी साथी रांची चलकर सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। वही इसके बावजूद भी अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत सभी सहिया स्वास्थ्य ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आशीष रंजन को अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन भी दिया। जिसमें सभी स्वास्थ्य सहिया को 18000 रुपए मानदेय देने,सहिया साथी को 24000 रुपए मानदेय, बीटीटी को 13200 रुपये,एसटीटी को 35000 रुपये मासिक मानदेय, सामाजिक सुरक्षा, दुर्घटना बीमा करने जिसमे दस लाख मुआवजा देने , साथ ही साथ रिटायरमेंट बेनिफिट के रूप में 500000 का भुगतान करना व इपीएफ एवं इएसआई का लाभ प्रदान करना मुख्य रूप से शामिल है।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग)
कार्यालय : जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

-:"शिक्षित बेरोजगार युवकों हेतु आम सूचना":-

कृत्रिम गर्भाधान एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित प्रशिक्षण हेतु जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। केन्द्रीय योजना **राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत** "Establishment of MAITRI" योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में लातेहार जिला के 70 शिक्षित बेरोजगार युवकों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध **MAITRI (Multipurpose Artificial Insemination Technicians of Rural India)** प्रशिक्षण दिया जाना है। आवेदन एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया निम्नवत् है:–

1. प्रशिक्षणार्थियों का चयन वैसे स्थानों पर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोलने हेतु किया जायेगा जहाँ पूर्व से कार्यरत् कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र न हो।
2. **प्रशिक्षण अवधि** :– तीन माह (क) सैद्धांतिक– 30 दिन, (ख) प्रायोगिक– 60 दिन
3. **आवेदक की आयु** :– 18 वर्ष से 45 वर्ष तक।
4. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** :– मैट्रिक (इंटरमीडिएट जीव विज्ञान को प्राथमिकता)
5. **नामांकन शुल्क** :– 2000/– (दो हजार) रुपये मात्र।
6. **सुविधाएँ** :– निःशुल्क 30 दिवसीय सैद्धांतिक (Classroom) प्रशिक्षण।
7. **उपकरण** :– 90 दिवसीय प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रमाण–पत्र एवं उपकरण (क्रायोकंटेनर, ए.आई. किट आदि) उपलब्ध कराया जाए गा।
8. **कार्य एवंमानदेय** :– प्रशिक्षित MAITRI का चयन जे०एस०आई०ए० अन्तर्गत स्थापित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र हेतु किया जा सकता है। उनके द्वारा विभिन्न केन्द्रीय/ राज्य योजनाओं अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान, गर्भजाँच, वत्स उत्पत्ति, टीकाकरण, पशु चिन्हितीकरण एवं निबंधन आदि का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित मानदेय प्रदान किया जायेगा।

विशेष जानकारी हेतु अपने प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी/ जिला पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

PR 279859 Animal Husbandry(22-23)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 05/2022–23 (1st Call) गैर–योजना मद

1.	विभाग का नाम	पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।
2.	विज्ञापनदाता का नाम	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।
3.	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	19.10.2022 एवं 21.10.2022 – अपराह्न 3:00 बजे तक।
4.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	28.10.2022 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
5.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	28.10.2022 को अपराह्न 3:30 बजे।
6.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	(क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची–834004. (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची–834001. (ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा–835302.
7.	निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान	क्रमांक 6 के अनुसार।

8. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	पथ प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय परिसर में बाऊँड्री वॉल का निर्माण कार्य।	30,00,000.00	60,000.00	5,000.00	02 Month.

1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है जो कि परिमाण–विपत्र की बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. बिना कारण बताये विभाग को किसी या सभी निविदा को रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 279814 (Lohardaga)22-23*D

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सी.बी.एस.ई. संबद्ध .2 विद्यालय
संबद्धता सं०–3420006, विद्यालय संख्या–69558

(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटी निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित स्कूलीशिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एवं स्वायत्तशासी संस्था एच.ई.सी. एम.डी.आई भवन,धुर्वा, राँची–834004, निबंधन संख्या : 688/2009–2010 के द्वारा संचालित)

नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2022–23

विज्ञापन सं०–1834 दिनांक–13.10.2022

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट की कक्षा–6 में 10 से 12 वर्ष के स्वस्थ बालकों के सत्र–2022–23 में नामांकन हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् है:–

1. प्रवेश परीक्षा एक स्तरीय होगी जो एक पाली (2:30 घंटे) में प्रमंडल स्तर पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधा क्रमानुसार आरक्षण का पालन करते हुए **अंतिम रूप से चयनित 100 (एक सौ) छात्रों की चिकित्सीय जाँचोपरान्त सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात् ही उनका नामांकन लिया जायेगा।**
2. परीक्षा आवेदन कार्यक्रम :–

क्रम सं0	विवरणी	निर्धारित तिथि
1.	विज्ञप्ति/आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ	15.10.2022
2.	ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/भरा हुआ आवेदन नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पहुँचने की अंतिम तिथि	30.11.2022
3.	ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि	10.01.2023 से प्रारम्भ
4.	प्रवेश परीक्षा की तिथि	29.01.2023 (रविवार)

3. **प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यताएँ/शर्तें निम्नांकित हैं :–**
(क) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में सक्षम प्राधिकार (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
(ख) 01 अगस्त 2022 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म दिनांक–**01.08.2010 से 31.07.2012** के बीच हुआ हो (दोनों तिथियाँ शामिल)। जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
(ग) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा–5 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके प्रमाण स्वरूप अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षरित कक्षा–5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।
(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षित वर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र यथाः–अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
(ड.) **उपरोक्त सभी प्रमाण पत्र अनिवार्य है। प्रमाण पत्रों के अभाव में आवेदन स्वतः रद्द माना जाएगा।**
ध्यातव्य हो कि नामांकन के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति को उपस्थापित करना अनिवार्य होगा।
4. सामान्य निर्देशः–
(i) प्रवेश परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् है:–

परीक्षा की तिथि :–29.01.2023 (रविवार) स्थान–प्रमंडल मुख्यालय (10.00 पूर्वाह्न से 12.30 अपराह्न)

क्रम सं०	विषय	अंक	प्रश्न स्वरूप
01	मानसिक योग्यता	20	वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 20 अंक
02	हिन्दी	20	वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 5 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति– 15 अंक
03	गणित	20	वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 5 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति– 15 अंक
04	विज्ञान	20	वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 5 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति– 15 अंक
05	सामान्य ज्ञान	20	वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 5 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति– 15 अंक
	कुल अंक	100	

(ii) लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी, जिसकी सूची निम्नवत् है :–

प्रमण्डल	प्रमण्डल मुख्यालय	जिला
कोल्हान	चाईबासा	पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां
उत्तरी छोटानागपुर	हजारीबाग	बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़
दक्षिणी छोटानागपुर	रांची	गुमला, खुँटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा
पलामू	मेदिनीनगर	गढ़वा, लातेहार, पलामू
संथाल परगना	दुमका	गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़

(iii) प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पाँचवीं कक्षा तक का होगा।
(iv) यह सूचना नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।
(v) आवेदन जमा करने की विधि : आवेदन online एवं offline मोड में उपलब्ध है:–
a) Online Mode:- विद्यालय के वेबसाइट Online आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर Online आवेदन के दिशा–निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।
b) Offline Mode:- आवेदन हेतु आवेदन पत्र नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com से डाउनलोड कर सुलभ रूप से प्राप्त कर सकते हैं।
भरे हुए आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः सभी अनुलग्नकों यथा–आवासीय प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/ आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र (यदि आरक्षित वर्ग के हों), कक्षा–5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वाभिप्रमाणित प्रति को स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि आवेदन निम्न पते पर दिनांक–30.11..2022 को शाम–5.00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाए। आवेदक भरा हुआ आवेदन हाथों–हाथ, पावती लेकर भी दिनांक–30.11.2022 तक निम्न पते पर जमा कर सकते हैं। दिनांक–30.11.2022 के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
आवेदन पत्र भेजने/जमा करने का पता :–
प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, पोस्ट–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218
(vi) अभिभावक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा दिए गये प्रमाण पत्रों में किसी भी प्रकार का असत्य पता चलने पर विद्यार्थी एवं अभिभावक के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।
(vii) आवेदन शुल्क :–आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है।
(viii) प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाएं नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर समय–समय पर उपलब्ध रहेगी।

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय,नेतरहाट

PR 279806 Human Resource Developement(22-23).D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए **50%** की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

स्पाइस जेट विमान के केबिन में भरा धुआं, हुई इमरजेंसी लैंडिंग

हैदराबाद (एजेंसी)। स्पाइस जेट के विमान की बुधवार रात हैदराबाद हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में लैंडिंग करायी गयी। यह विमान गोवा से हैदराबाद आ रहा था। स्पाइस जेट के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि गोवा से हैदराबाद की स्पाइस जेट की राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। स्पाइस जेट के एसजी3735 विमान के पायलट ने विमान से धुआं निकलते देखा जिसके बाद तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को सूचित किया। बता दें कि बुधवार की रात को एयरक्राफ्ट ने हैदराबाद हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग की। जानकारी के मुताबिक सभी यात्री सुरक्षित हैं। डीजीसीए की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बाद विमान यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार से बाहर निकाला गया। इस दौरान एक यात्री के पैर में हल्की स्क्रैच आ गयी। हैदराबाद एयरपोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक क्यू400 एयरक्राफ्ट वीटी-एसक्यूबी में 80 यात्री सवार थे। उक्त विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के कारण बुधवार की नौ विमानों को डायवर्ट करना पड़ा। यह घटना रात के करीब 11 बजे की है।

छत्तीसगढ़ खनन मामले में ईडी ने आईएएस अधिकारी समेत तीन को किया गिरफ्तार

रायपुर (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति से संबंधित धन शोधन रोकथाम मामले में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के आईएएस समीर विश्नोई, इंद्रमणि समूह के सुनील अग्रवाल और फरार आरोपी सूर्यकांत तिवारी के चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी को गिरफ्तार किया। सूत्रों ने कहा कि आईएएस रानू साहू कथित तौर पर लापता थी और उसे ईडी के सामने पेश होना होगा। ईडी अधिकारियों ने बुधवार को विश्नोई से खदानों से मिले 25 रुपये प्रति टन कोयले के कथित कमीशन के संबंध में पूछताछ की। ईडी ने छत्तीसगढ़ में लगातार दो दिनों तक छापेमारी की और करीब चार करोड़ रुपये बरामद किये।

राष्ट्रपति ने त्रिपुरा में दो रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अगरतला (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दो ट्रेनों- अगरतला-गुवाहाटी-कोलकाता स्पेशल एक्सप्रेस और जन शताब्दी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी, जो अगरतला से मणिपुर के खोंगसांग तक चलेगी। राष्ट्रपति ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के साथ राजधानी के बाहरी इलाके अगरतला रेलवे स्टेशन पर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) की दो ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अगरतला-खोंगसांग जन शताब्दी एक्सप्रेस और अगरतला-कोलकाता एक्सप्रेस को अगरतला रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखायी। त्रिपुरा को असम, पश्चिम बंगाल और मणिपुर से जोड़नेवाली ट्रेनें पूर्वोत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देंगी। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सब्यसाची डे ने कहा कि देश के बाकी हिस्सों के साथ त्रिपुरा की रेल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए, गुवाहाटी-कोलकाता-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन को

सप्ताह में एक बार त्रिपुरा की राजधानी अगरतला तक बढ़ाया गया है। एक्सप्रेस ट्रेन 14 डिब्बों की संरचना के साथ चलेगी। अपने नियमित संचालन के दौरान, एक्सप्रेस ट्रेन (अगरतला-कोलकाता) प्रत्येक बुधवार की सुबह अगरतला से प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर को कोलकाता पहुंचेगी। वापसी की दिशा में, ट्रेन प्रत्येक रविवार को कोलकाता से प्रस्थान करेगी और मंगलवार शाम को अगरतला पहुंचेगी। सीपीआरओ ने कहा कि अगरतला से जिरीबाम से मणिपुर के खोंगसांग तक जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में तीन बार सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। 110 किलोमीटर लंबी जिरीबाम-इंफाल नयी लाइन परियोजना के तहत इस खंड का नवनिर्मित निर्माण किया गया है। डे ने कहा कि ट्रेन यात्रा (अगरतला से खोंगसांग) यात्रा का समय आधे से भी कम होगा क्योंकि यात्रा का समय लगभग सात घंटे होगा जो 300 किलोमीटर की दूरी को लगभग 15 घंटे या सड़क मार्ग से कवर करेगा। जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों के लिए नवीनतम सुविधाओं के साथ नए लिंक हॉफमैन बुश कोच होंगे, उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में एक विस्टाडोम कोच भी जोड़ा गया है ताकि यात्री यात्रा के दौरान पहाड़ी क्षेत्र के सुरम्य दृश्यों को देख सकें। पारदर्शी कांच की खिड़कियों और छतों वाले विस्टाडोम कोच में अत्याधुनिक कांच की खिड़कियां और सभी कांच की छतें हैं, जो आकाश, पहाड़ों, सुरंगों, पुलों, पहाड़ियों, चाय बागानों और हरे-भरे जंगलों के दृश्य यात्रियों को प्रदान करती हैं।

सीरिया में विस्फोट 18 सैनिकों की मौत

दमिश्क (एजेंसी)। सीरिया की राजधानी के बाहरी इलाके में गुरुवार तड़के एक सैन्य बस में हुए विस्फोट में 18 सैनिकों की मौत हो गयी और 27 अन्य घायल हो गये। एक सैन्य सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि विस्फोट एक उपकरण के कारण हुआ, जिसे पहले बस के नीचे लगा दिया गया था। सभी घायलों को निकट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस विस्फोट की जिम्मेदारी लेने का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया है।

चंबा में बोले प्रधानमंत्री मोदी -

डबल इंजन की ताकत ने हिमाचल के विकास को तेजी से आगे बढ़ाया

शिमला (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के दौरे के क्रम में गुरुवार को चंबा में 800 करोड़ रुपये की जलविद्युत परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 48 मेगावाट की चांजू-3 पनबिजली परियोजना और 30.5 मेगावाट की देवथल-चांजू जल विद्युत परियोजना की आधारशिला रखी। हिमाचल के लिए लगभग तीन हजार करोड़ की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तृतीय चरण का भी शुभारंभ भी किया। संबोधन में पीएम ने कहा कि आज, चंबा और यहां के विभिन्न गांवों को इन परियोजनाओं का उपहार मिल रहा है जो उन्हें सड़क संपर्क, बिजली और रोजगार प्रदान करेंगे।

पीएम ने चंबा के राजमा की प्रशंसा की : पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि दो दिन पहले महाकाल और आज मणिमहेश के सानिध्य में आया हूं। चंबा में राजमा का मदरा एक अद्भुत अनुभव है। कहते थे कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी कभी पहाड़ के काम नहीं आती। आज हमने उस बात को बदल दिया। अब यहां का पानी भी काम आएगा और यहां की जवानी भी जी जान से अपनी विकास की यात्रा को आगे बढ़ाएगी।

डबल इंजन की ताकत ने हिमाचल के विकास को डबल तेजी से आगे बढ़ाया : पीएम मोदी ने कहा कि जब देश की आजादी के 100 साल होंगे तो हिमाचल भी अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा। इसलिए आने वाले 25 वर्षों का एक-एक दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत की आजादी का अमृतकाल शुरू हो चुका है, जिसमें हमें विकसित भारत का संकल्प पूरा करना है। आने वाले कुछ महीनों में हिमाचल की स्थापना के भी 75 वर्ष पूरे होने वाले हैं। आज हिमाचल के पास डबल इंजन सरकार की ताकत है। इस डबल इंजन की ताकत ने हिमाचल के विकास को डबल तेजी से आगे बढ़ाया है। डबल इंजन की सरकार की प्राथमिकता ये है कि लोगों के जीवन को आसान कैसे बनाएं। इसलिए हम जनजातीय क्षेत्रों, पहाड़ी क्षेत्रों पर सबसे अधिक बल दे रहे हैं। हमारी सरकार ने सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने का फैसला लिया। यह निर्णय दिखाता है कि इस सरकार को आदिवासी लोगों की परवाह है।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मनोज यादव
विधायक प्रतिनिधि, गारू।

इमरान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान की सरकार ने गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की है। यह याचिका पीटीआई अध्यक्ष द्वारा इस्लामाबाद में लंबा जुलूस निकालने का आह्वान को लेकर दायर की गयी है। अपनी याचिका में संघीय सरकार ने शीर्ष अदालत से कहा है कि पीटीआई प्रमुख इस्लामाबाद की ओर जुलूस निकालने की घोषणा कर रहे हैं, जो अदालत के आदेश का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि इमरान खान इस्लामाबाद पर हमला करने की घोषणा कर रहे हैं। याचिका में शीर्ष अदालत से अनुरोध किया गया है कि वह पीटीआई प्रमुख को धरना और प्रदर्शन से संबंधित उसके आदेशों का पालन करने का निर्देश दे।

पाकिस्तान में बस में आग लगने से 18 लोगों की मौत

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के जमशोरो जिले में खराब एयर कंडीशनिंग सिस्टम के कारण एक यात्री बस में आग लगने से आठ बच्चों सहित कम से कम 18 लोगों की मौत हो गयी और 28 अन्य घायल हो गये। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि यह घटना उस समय हुई जब बस जिले के नूरीआबाद इलाके में पहुंची। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में पता चला है कि आग वाहन के एयर कंडीशनिंग सिस्टम में खराबी के कारण लगी थी। यात्री बस कराची से दादू जिले के खैरपुर नाथन शाह इलाके की ओर जा रही थी। पुलिस, बचाव दल और दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे, आग पर काबू पाया और पीड़ितों और घायलों को जमशोरो के लियाकत यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़ितों में नौ महिलाएं और आठ बच्चे शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने आशंका जतायी कि मरनेवालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई घायल गंभीर रूप से जल गये थे और उनकी हालत गंभीर थी।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

राजीव कुमार
स्वच्छ भारत मिशन का ब्लॉक कोर्डिनेटर, लातेहार।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

प्रकाश नगेसिया
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सोनवार, लातेहार।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

रामदास यादव
उपप्रमुख, गारू।

स्पाइसी विलेज परिवार की ओर से 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के 29 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक अखबार के 29वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

हंसराज प्रसाद शिवपुरी
युवा समाजसेवी, लातेहार।

सुप्रीम कोर्ट में बोले पी. चिदंबरम –

किस तरह से आया नोटबंदी का प्रस्ताव, कैसे हुआ टीवी पर ऐलान

- आरएनएम

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार द्वारा आठ नवम्बर, 2016 को की गयी नोटबंदी के खिलाफ दायर की गयी एक याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय में 12 अक्टूबर को सुनवाई हुई। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक से हलफनामे के जरिये जवाब मांगा है। न्यायालय ने अपनी सुनवाई में कहा कि हम यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर यह मामला केवल अकादमिक कवायद तो नहीं था। इस मामले में याचिकाकर्ता के वकील पी. चिदंबरम ने न्यायालय में दलील दी कि नोटबंदी को लेकर रिजर्व बैंक को केंद्र द्वारा लिखे गये पत्र और आरबीआई की सिफारिश आदि से जुड़े दस्तावेज मांगे जायें। न्यायालय में याचिकाकर्ता की तरफ से पी चिदंबरम ने दलील में कहा कि नोटबंदी के चलते कई लोगों की नौकरी चली गयी।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार को नोटबंदी करनी ही थी, तो इसके लिये पहले से बैकअप प्लान होना चाहिए था और रिजर्व कैश होना चाहिए था। इस फैसले को लेने के लिए सरकार ने क्या विचार-विमर्श किया या फिर विवेक का इस्तेमाल किया गया? ऐसे में इससे जुड़े दस्तावेजों का निरीक्षण होना चाहिए। आरबीआई को सरकार ने जिस तरह की सलाह दी, उसे देखा जाना चाहिए। पी चिदंबरम ने कहा कि इससे जुड़े दस्तावेज संसद में भी प्रस्तुत नहीं किये गये।

अदालत में पी चिदंबरम ने और क्या कहा-

- इस मामले की सुनवाई पांच जजों की बेंच ने की। इसमें जस्टिस एस अब्दुल नजीर, बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी. रामसुब्रमण्यम और बीवी नागरत्न शामिल हैं।
- पी चिदंबरम ने अदालत में कहा कि सात नवम्बर को केंद्र सरकार ने नोटबंदी को लेकर रिजर्व बैंक को पत्र के जरिये उस समय चलन में रहे 500 और 1000 रुपये के नोटों को बंद करने की सिफारिश मांगी थी।
- आठ नवम्बर को पत्र मिलने के 24 घंटे से भी कम समय के बाद आरबीआई ने आरबीआई बोर्ड में प्रभावी रूप से गवर्नर, चार डिप्टी गवर्नर, केंद्र सरकार द्वारा नामित चार अधिकारी और एक नामित सरकारी अधिकारियों के बीच दिल्ली में बैठक हुई। इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें नोटबंदी से जुड़ी सिफारिश की गयी थी।
- चिदंबरम ने कहा कि आम तौर पर आरबीआई से पारित हुए प्रस्ताव या सिफारिश कैबिनेट को भेजे जाते हैं, लेकिन कैबिनेट मीटिंग रूम में इस पर पहले से ही बैठक कर रही थी।
- चिदंबरम ने अदालत को बताया कि कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव के मिलने के कुछ ही मिनटों में पास कर दिया गया और नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया।
- उन्होंने कहा कि एक तरफ कैबिनेट मंत्री, प्रधान मंत्री मोदी का कैबिनेट रूम में इंतजार कर रहे थे, तो वहीं दूसरी तरफ पीएम लगभग आठ बजे टेलीविजन पर नोटबंदी की घोषणा करने चले जाते हैं।
- चिदंबरम ने आगे बताया कि कैबिनेट मंत्रियों को रूम में ही इंतजार करने के लिए कहकर नरेंद्र मोदी चले गये टीवी पर नोटबंदी का ऐलान करने चले गये।
- पी. चिदंबरम ने अदालत में कहा कि सरकार को इस तरह का ऐसा आदेश पारित करने से पहले एक या दो दिन में इस पर विचार करना चाहिए था। यह सब महज 24 घंटे में किया गया।
- केंद्र ने नोटबंदी को लेकर बताया कि इसका उद्देश्य फेक करेंसी, काला धन और आतंकी फंडिंग के लिए इस्तेमाल की जानेवाली नकली नोटों को रोकना था।
- चिदंबरम ने कहा कि नोटबंदी का उद्देश्य जहां तक टेरर फंडिंग को रोकना था, लेकिन नोटबंदी लागू होने के हफ्तों के अंदर जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में दो आतंकियों के शवों पर दो हजार रुपये के नकली नोट मिले। चिदंबरम ने अदालत में आरबीआई की उन रिपोर्टों का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि 99 फीसदी से अधिक प्रतिबंधित नोट वापस आ गये।

न्यूज गैलरी

रिसालदार बाबा का पांच दिवसीय सालाना उर्स शुरू

रांची । रांची में हजरत कुतुबूद्दीन रिसालदार बाबा का पाँच दिवसीय सालाना उर्स मुबारक गुरुवार से शुरू हो गया । पहले दिन हजरत कुतुबूद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह ट्रस्ट के सदर राउफ गद्दी के घर से चादर निकली और बाबा के दरगाह मे चादर पोशी की गई। इस दौरान हजरत कुतुबूद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी और कई अक'ीदतमंद उपस्थित थे।

पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के चयन प्रक्रिया में बीएयू के छः छात्र लेंगे भाग

रांची । बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कोषांग ने पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर की राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कुल छः छात्रों को नामांकित किया है । यूनिवर्सिटी एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ बीके झा ने बताया कि इस छः सदस्यीय दल में विश्वविद्यालय के 5 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है । जिनमें अनिपा लकड़ा, विंकल, अनल बोस, जयंती कुमारी, प्रद्युम्न महतो और सौर्या दत्ता शामिल है । सभी छात्र विनोवा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में आयोजित राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे। चयनित एनएसएस स्वंयसेवक छात्रों को विश्वविद्यालय में आयोजित एनएसएस फ्लैग समारोह में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने एनएसएस झंडा दिखाकर विदा किया और चयन प्रक्रिया में सफल होने की शुभकामना दी । मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल, डीन पीजी डॉ एमके गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ एन कुदादा, डीएसडब्लू डॉ डीके शाही, एसोसिएट डीन डीके रुसिया तथा शिक्षकों में डॉ अरबिंद कुमार, डॉ उत्तम कुमार एवं डॉ आरपी मांझी आदि भी मौजूद थे।

एयरटेल के वेयरहाउस में लगी भीषण आग

रांची । रांची के नामकुम के बरगावां स्थित एयरटेल के वेयरहाउस में अचानक भीषण आग लग गयी जिससे लाखों का नुकसान हुआ है । अग्निशमन विभाग की छह दमकल गाड़ियों ने काफी मशक्क्त कर आग पर काबू पाया । आगलगी कि घटना से पूरे इलाके में काफी देर तक अफरा तफरी मची रही। ये वेयरहाउस एयरटेल कंपनी का हेड ऑफिस है जहां पर एयरटेल का सिम और टावर का निर्माण किया जाता है । देर रात यह भीषण आग कैसे लगी इसके कारण का अब तक नहीं पता चल पाया है।

सांसद ने किया वृक्षारोपण

रांची। रांची सांसद संजय सेठ आस्था रीजेंसी (पंडरा) में वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए । रांची सांसद ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह चलाया जाना है। इसके तहत आस्था रीजेंसी (पंडरा) में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ जिसमें उन्होने हिस्सा लिया । इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक ज्ञानरंजन सारंगी, उप महाप्रबंधक सोनालिका, लल्लन श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता मौजूद रहे।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए विश्वविद्यालय सदैव प्रयासरत : कुलपति

रांची। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में गुरुवार को अकादमिक, प्रशासनिक और परीक्षा से संबंधित विषयों पर संवाद करने के लिए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, निदेशक और समन्वयकों की बैठक आयोजित हुई। कुलपति ने सर्वप्रथम सभी विभागाध्यक्षों से वर्तमान सत्र के लिए स्नातक में नामांकन से संबंधित अद्यतन जानकारी ली और शैक्षणिक कार्यक्रम प्रारंभ करने की बात कही। उन्होंने उच्च शिक्षा में राजभवन व झारखंड सरकार के सहयोग को सराहते हुए कहा कि डीएसपीएमयू भी शिक्षा की गुणवत्ता में हमेशा अग्रणी योगदान देने की दिशा में प्रत्यनशील रहेगा। डॉ शांडिल्य ने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि विश्वविद्यालय परिवार उच्च शिक्षा के गुणवत्ता के लिए अपना योगदान दे रहा है, और यह प्रयास जारी रहेगा। डॉ शांडिल्य ने कहा कि प्रत्येक विभागाध्यक्ष को अपने विभाग से संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए पूर्ण स्वतंत्रता एवं अधिकार प्रदत्त है। वे नियमानुसार अपने विभागों से संबंधित कार्यों का संचालन करें। उन्होंने नई शिक्षा नीति से संबंधित सिलेबस के आधार पर अद्यतन रहने पर बल दिया। वहीं, टीआरएल विभाग के शोधरत विद्यार्थियों के लिए शोध गाइड की कठिनाई को नियमानुसार हल करने की बात कही।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा दिन

शिविर में लोगों को योजनाओं की दी गयी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अंतर्गत दूसरे दिन रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों एवं नगर निगम क्षेत्र के वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के 11 प्रखंड और नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 और 4 में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रखंडों में नोडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। आप की योजना ,आपकी सरकार, आपके द्वार अंतर्गत ओरमांझी प्रखंड के ग्राम पंचायत हेंदेबिलि में उप विकास आयुक्त रांची श्री विशाल सागर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की

गई। उन्होंने सभी स्टॉल का भ्रमण कर प्राप्त आवेदनों की विस्तृत जानकारी ली। डीडीसी द्वारा योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती-साड़ी लूंगी, कंबल, मनरेगा योजना स्वीकृति पत्र ,बाबासाहेब अंबेडकर आवास योजना स्वीकृति पत्र इत्यादि का भी वितरण किया गया। आप की योजना किस सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन निम्न प्रखंड के पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गयाः 1. लुपुंग पंचायत, अनगड़ा, 2. कांची पंचातय, बुण्डू, 3. गुरगाई पंचायत, बुढ़मू, 4. काटमकुली पंचायत, कांके, 5. तुमांग पंचायत, खलारी, 6. तिगोई अंबाटोली, माण्डर, 7. महिलौंग पंचायत, नामकुम, 8. हेंदेबिली पंचायत, ओरमांझी, 9. गुडू पंचायत, रातू, 10. सिल्ली पंचायत, सिल्ली, 11. आराहॉगा पंचायत, तमाड़, 12. वार्ड नंबर 3 और 4 (रांची नगर निगम क्षेत्र)

9335 प्राप्त हुए, 4757 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

गुरुवार को विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में आयोजित आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुल 9335 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 4757 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया 4571 आवेदन के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है, जबकि 7 आवेदन अस्वीकृत किए गए।

दीवाली पर श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज का रांची आगमन 19 अक्टूबर को

नवीन मेल संवाददाता

रांची। संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची दिनांक 19 अक्टूबर 2022 बुधवार को विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज, हरमु रोड स्थित सत्संग भवन पहुंचेगें संत शिरोमणी सदानंद जी महाराज। संत सदानंद जी महाराज अपने जीवन के जनसेवा के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के बाद रांची आ रहे है। इस को लेकर उनके शिष्यों मे विशेष उत्साह है। हिन्दुओ के सबसे बडे पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, रूप चौदस, छोटी दिपावली, काली पूजा, दीपावली,गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं भाई दूज के सुअवसर स्वामी श्री सदानंद जी महाराज अपने शिष्यों को बधाई देने बुधवार दिनांक 19 अक्टूबर 2022 को 03 बजे सुन्दरगढ़ से सड़क मार्ग से चलकर शिवगंज, हरमु रोड स्थित सत्संग भवन विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचेगे।

जल सहियाओं की मांगें पूरी करे सरकार, नहीं तो चरणबद्ध आंदोलन करेंगे : कैलाश गिरि

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश ग्राम जलसहिया संघ की कार्यकारिणी की बैठक ऑक्सीजन पार्क, मोराबादी मैदान, रांची में जयंती कुमारी कि अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में जल सहियाओं की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, संगठन के विस्तार और आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गयी। सभा को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश संयोजक कैलाश गिरि ने जल सहियाओं के बकाया मानदेय का भुगतान जल्द से जल्द करने तथा उचित मनदेय सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने अगर ऐसा नहीं होता है तो संघ चरणबद्ध तरीके से अंदोलन करने को बाध्य होगा एवं मुख्यमंत्री आवास व राज्यपाल भवन का घेराव करेगी। वहीं, प्रदेश मुख्य सलाहकर उमेश कुमार तुरी, ललन पांडे, विनोद पांडे, साबरीन खातून, पूजा ने कहा कि सरकार जल सहियाओं की मांग पर चुप्पी धारण किए हुए हैं। झारखंड में सरकारों के साथ उचित नीतियों में भी बदलाव किया जा रहा है, जिसे हम सहन नहीं करेंगे। वक्ताओं ने कहा अब जल सहिया पूरे परिवार के साथ आंदोलन में शामिल होंगी। इस मौके पर रोजी परवीन, मुन्नी देवी, रीमा देवी, कल्पना देवी, फातिमा जीनत, जरीना खातून, सरिता देवी, टोनी देवी सहित प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभा का संचलन प्रदेश सचिव लक्ष्मी पांडे ने किया।

ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के तत्वावधान प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। टीआरटीसी, चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है । बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के सातवें दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों द्वारा टोंटो ब्लॉक के सिरिंगसिया (18) एवं सगरकत्ता (18) ग्राम के, 36 और खूंटपानी ब्लॉक के रोरो (20) ओर पेटापेटी (20) ग्राम के 40 , कुल 76 प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण लवकुश कुमार व चंद्रेस्वर ओझा ने किया जिसमें आरती पात्रा, गुरूवारी पान व जुलियानी कोड़ा का विशेष सहयोग रहा, मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमखियों के रखरखाव, निर्वहन, मधुमक्खीयों के भोज्य पदार्थ तथा मधुमक्खी पालन के लिए सुयोग्य वातावरण तथा कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बताया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।

लंबित कांडो के अनुसंधान को लेकर पुलिस मुख्यालय ने दिया टारगेट

रांची। झारखंड भर में लंबे समय से लंबित केस के अनुसंधान की मॉनिटरिंग और केस निष्पादन के लिए पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को सभी जिलों के एसपी व जोनल डीआईजी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की। पूर्व में डीजीपी नीरज सिन्हा के आदेश पर इसके लिए हाई लेबल कमिटी बनाई गई थी। डीजीपी नीरज सिन्हा के आदेश पर गठित टीम को 31 दिसंबर तक कांडों के निष्पादन का टारगेट दिया गया है। गुरुवार को कमेटी ने सभी जिलों के एसपी से लंबित कांडों की जानकारी ली। वहीं आदेश दिया कि यही केस जांच पदाधिकारियों के द्वारा प्रभार नहीं दिए जाने के कारण लंबित हैं, तो जल्द से जल्द नए अनुसंधान पदाधिकारियों को केस का प्रभार दिलाएं। साथ ही जिलावार केस की मानिटरिंग के लिए जोनल डीआईजी और जिलों के एसपी को एक टीम बनाने का निर्देश दिया गया है। यह टीम जिलावार कांडों के लंबे समय से लंबित रहने की वजह तलाश कर अनुसंधान पूरा कराएगी। गुरुवार को समीक्षा में कमेटी के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। गौरतलब है कि राज्य में जुलाई महीने तक पांच साल से लंबे अरसे से 3302 केस लंबित थे, वहीं 591केस 10 वर्ष से अधिक अरसे से लंबित हैं। अभियोजन स्वीकृति के कारण भी 448 कांडों का अनुसंधान लंबित है।

चंद्रमा को अर्घ्य देकर सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य का वर मांगा

रांची। पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ गुरुवार को सुहागिनों ने करवा चौथ का व्रत रखा। पंजाबी समुदाय की ओर से लाला लाजपत राय स्कूल, पंजाबी भवन, रातू रोड स्थित राधाकृष्ण मंदिर आदि स्थानों पर करवा चौथ की सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया था। वहीं, मारवाड़ी समुदाय में करवा चौथ की पारिवारिक स्तर पर पूजा की गई। सुबह सरगी खाकर दिनभर निर्जला व्रत रखा गया। इसके बाद शाम को पूजा-अर्चना की गई। पंजाबी भवन में शाम 4 बजे से सामूहिक पूजा शुरू हुई। यहां लगभग 35 महिलाएं सोलह श्रृंगार और पारंपरिक परिधान में पूजा में शामिल हुईं। महिलाओं ने वीरों कुड़ी की कथा सुनी। पूजा के बाद बड़े-बुजुर्गों के पैर छूकर उनके आशीर्वाद लिए गए।

मतदाता जागरूकता मंच को सक्रिय करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के० रवि कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता मंच को सक्रिय करने के उद्देश्य से गुरुवार को सभी विभाग के वी ए एफ नोडल ऑफिसर्स के लिए एक कार्यशाला का आयोजन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सभाकक्ष में कि गई। इस कार्यशाला के दौरान सभी वीएएफ नोडल ऑफिसर्स को शहरी क्षेत्र में चुनावी भागीदारी के प्रति उदासीनता को समाप्त करने के लिए अलग - अलग तरह के ऐक्टिविटीज को करने के लिए मार्गदर्शक पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी। भारत में मतदाता बनने, वोट के मूल्य को समझने, और नई पीढ़ी को निर्वाचन कि सभी गतिविधियों से अवगत कैसे कराया जाए इसे मतदाता जागरूकता फोरम के माध्यम से समझाया गया और ये पूरा प्रशिक्षण झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के० रवि कुमार द्वारा दिया गया ।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पिछले कई दिनों से इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे जिले के मास्टर ट्रेनरों के लिए चलाए जा रहे हैं ताकि आने वाले चुनाव में मास्टर ट्रेनर इस प्रशिक्षण से लाभान्वित होकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों की भागीदारी और खासकर के युवाओं को चुनाव से जोड़ सकें।

प्रशिक्षण के दौरान वी ए एफ की गतिविधियों का कैलेंडर का भी उद्घाटन झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया। इस कैलेंडर में पंजीकरण और नाम जांच, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ, मतपत्र तैयार करना ,क्विज, राज्य भाषा दिवस, और फ्लोर गेम शामिल हैं।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,लोहरदगा

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.09.2022 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 278985 Lohardaga (22-23) : D (अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस) में अंकित कार्य के क्रमांक–4, 5 एवं 6 में निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

4.	वेब–साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	18.10.2022 मध्याह्न 12:00 बजे तक।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	13.10.2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे से।
6.	वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि	20.10.2022 पूर्वाह्न 12:30 बजे से।

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 279825 Lohardaga(22-23).D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.09.2022 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 278981 (Lohardaga)22-23(D) (अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस) में अंकित कार्य के क्रमांक–4, 5 एवं 6 में निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

4.	वेब–साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	18.10.2022 मध्याह्न 12:00 बजे तक।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	13.10.2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे से।
6.	वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि	20.10.2022 पूर्वाह्न 12:30 बजे से।

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 279823 (Lohardaga)22-23*D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

शुद्धि- पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.09.2022 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 278978 (Lohardaga)22-23(D) (अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस) में अंकित कार्य के क्रमांक–4, 5 एवं 6 में निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

4.	वेब–साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	18.10.2022 मध्याह्न 12:00 बजे तक।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	13.10.2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे से।
6.	वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि	20.10.2022 पूर्वाह्न 12:30 बजे से।

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 279804 Lohardaga(22-23)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.09.2022 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 278977 (Lohardaga)22-23(D) (अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस) में अंकित कार्य के क्रमांक–4, 5 एवं 6 में निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

4.	वेब–साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	18.10.2022 मध्याह्न 12:00 बजे तक।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	13.10.2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे से।
6.	वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि	20.10.2022 पूर्वाह्न 12:30 बजे से।

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 279803 (Lohardaga) 22-23 (D)

पृष्ठ एक के शेष

आमजनों को योजनाओं से...

मजदूरी का भुगतान ससमय हो यह सुनिश्चित करें। ध्यान रखें कि मजदूर वर्ग को वेजेज में देर नहीं हो अन्यथा मनरेगा के प्रति लोगों का रुझान घटेगा। मजदूर वर्ग को और रोज कमाना और खाना पड़ता है। मजदूर रोज अनाज खरीदते हैं तभी उनके घर चूल्हे जलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पदाधिकारी जिस दिन गांव या पंचायत में शिविर लगाते हैं उसी दिन गांव में पांच योजनाओं का शिलान्यास अवश्य करें ताकि रोजगार का सृजन शीघ्र प्रारंभ हो सके। मनरेगा के मेजर कॉम्पोनेंट पर कार्य करना सुनिश्चित करें। राज्य में 1 लाख कुआं 50 हजार पशु शेड तथा तालाब की खुदाई का काम किया जाना है। इन योजनाओं को मूर्त रूप दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान के दूसरे चरण में 7 से 8 लाख लाभुकों को हरा राशन कार्ड से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरूआत हुई है। इस योजना को सरल प्रक्रिया के साथ प्रारंभ किया गया। पदाधिकारी जब भी क्षेत्र भ्रमण में जायें रोजगार सृजन को लेकर प्रक्रिया में और क्या सुधार हो सकता है इसका सुझाव हमें दें। अधिक से अधिक रोजगार सृजन सरकार की प्राथमिकता है।

हड़िया-दारू बेचने के काम से जुड़ी महिलाओं को उन्हें फूलो-झानो आशीर्वाद योजना से जोड़ें : मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसी माताएं-बहने जो हड़िया-दारू बेचने के काम से जुड़ी हैं उन्हें फूलो-झानो आशीर्वाद योजना से जोड़कर स्वाबलंबी बनायें। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर ऐसी माताओं-बहनों को चिन्हित कर योजना से जोड़ने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना प्रभावकारी योजना है। लाभुकों को पशुधन योजना के प्रति जागरूक करें। पशुपालन झारखंड का परंपरागत व्यवसाय रहा है। यह कार्य सहजता के साथ किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पदाधिकारी ग्रामीणों के विश्वास को हकीकत में बदलने का काम करें। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के पहले चरण के अनुभव का लाभ लें।

क्षेत्र भ्रमण कर अभियान का निरंतर अनुश्रवण करें वरीय पदाधिकारी : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के तहत आयोजित किये जानेवाले कार्यक्रमों का सघन पर्यवेक्षण तथा उपायुक्तों को सतत मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जो वरीय पदाधिकारी नामित हैं वे क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का निरंतर अनुश्रवण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक महीने तक ही नहीं बल्कि आगे भी निरंतर चलती रहेगी। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव हिमानी पांडे, सचिव आराधना पटनायक, सचिव केके सोन, सचिव सुनील कुमार, सचिव राहुल कुमार पुरवार, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव राहुल शर्मा, सचिव के. रवि कुमार, सचिव राजेश कुमार शर्मा, सचिव अब्बुबकर सिद्धकी., सचिव प्रवीण टोप्पो, सचिव प्रशांत कुमार, सचिव के. श्रीनिवासन, सचिव कृपानंद झा, सचिव मनोज कुमार एवं सचिव विप्रा भाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं सभी जिलों के उपायुक्त उपस्थित थे।

राज्यपाल रमेश बैस व केंद्रीय...

रहा है। उन्होंने कहा कि नये भारत में कौशल विकास ही समृद्धि का टिकट है। केंद्रीय उद्यमिता एवं कौशल विकास राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि इस बार जनजातीय युवाओं के लिए विविध तरह के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। ग्रामीण क्षेत्र के युवा इच्छा के अनुसार ट्रेनिंग लेकर निजी व्यवसाय कर सकें और रोजगार देनेवाले बन सकें। उन्होंने बताया कि फिलहाल देशभर में पांच हजार से अधिक कोर्से संचालित किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के द्वारा संसदीय संकुल विकास परियोजना के तहत जनजाति क्षेत्रों से पलायन को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीण उद्यमिता और कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जनजाति लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम चलता जा रहा है।

मोदी ने चौथी वंदे भारत...

बढ़ावा देने और यात्रा का एक आरामदायक और तेज माध्यम प्रदान करने में मदद मिलेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री के ऊना के पेखुबेला हेलीपैड पहुंचने पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री बाद में राज्य के दो जिलों में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने और आधारशिला रखने के बाद ऊना और चंबा जिलों में दो जनसभाओं को संबोधित किया। पिछले पांच साल में प्रधानमंत्री का हिमाचल प्रदेश का यह नौवां दौरा है। हिमाचल प्रदेश में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होनेवाले हैं। वहीं, किराये की बात करें तो अगर आप चेयर कार में दिल्ली से चंडीगढ़ की यात्रा करते हैं तो आपको 805 रुपये देने होंगे। वहीं, एग्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1495 रुपये है। आपकी यात्रा 2:50 घंटे में पूरी हो जायेगी। वंदे भारत अंब अंदौरा और नयी दिल्ली से हफ्ते में छह दिन, बुधवार छोड़कर चलेगी। ट्रेन अंबाला, चंडीगढ़, आनंदपुर साहिब और हिमाचल प्रदेश के ऊना स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन में आप चेयर कार या एग्जीक्यूटिव चेयर कार से सफर कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के दोनों जजों की...

से अपनी पसंद और अनुच्छेद-14 और 19 का मामला है। इन क्षेत्रों की लड़कियां पहले घर का काम करती हैं, फिर स्कूल जाती हैं। मेरे मन में सबसे बड़ा सवाल था बालिकाओं की शिक्षा। क्या हम उनके जीवन को बेहतर बना रहे हैं? मेरे मन में यही सवाल था। मैंने पांच फरवरी के सरकारी आदेश को निरस्त करते हुए प्रतिबंध हटाने के आदेश दिये हैं। मैंने सम्मानपूर्वक मतभेद किया है। यह केवल अनुच्छेद-19 और 25 से संबंधित मामला था। यह पसंद की बात है, कुछ ज्यादा नहीं और कुछ कम नहीं।

कुछ यादें राष्ट्रीय नवीन मेल की

वेद प्रकाश वाजपेयी से पहली मुलाकात : साल 96 की आखिरी सर्दी या 97 की शुरूआती सर्दी के दिन थे। मैं 11 बजे राष्ट्रीय नवीन मेल के ऑफिस में पहुंच चुका था। कोई 12 से एक के बीच विनोद बंधु आते हैं। उनके साथ बढ़ी दाढ़ी, औसत कद वाले एक व्यक्ति भी थे। उन्होंने हरा कोट पहन रखा था। बंधु जी ने मुझे अपने चैंबर में बुलाया और सामने बैठे व्यक्ति से परिचय कराते हुए कहा, 'ये हैं, वेदप्रकाश वाजपेयी।' इस नाम और इनकी लेखन शैली से बिहार के काफी लोग परिचित थे, उनमें मैं भी था। फिर बंधु जी ने मेरे बारे में बताया कि मैं यहां जनरल डेस्क का प्रभारी हूं। इसके बाद उन्होंने कुछ खास पूछा तो मैंने अपनी एक रिपोर्ट उनकी ओर बढ़ा दी। बंधु जी ने इसे वेद जी को दे दिया और नजर डालने के लिए कहा। वेद जी ने रिपोर्ट पढ़ी और कहा कि पहले दो शब्द छोड़कर बाकी सही है। पहले दो शब्द को गलत कहने से मेरे लिए अजीब स्थिति हो गई। लगा कि संपादक जब पहली रिपोर्ट पर यह टिप्पणी कर दे तो आगे जाने क्या होगा।। मेरी स्थिति देख उन्होंने कहा, 'यहां कार्यालय संवाददाता नहीं बल्कि प्रभात सुमन होना चाहिए।' उस वक्त रिपोर्टर अपनी खबर में हेडिंग नहीं लगाता था और कार्यालय संवाददाता ही लिख कर देता था। वेद जी ने हेडिंग लगाई और कहा कि खबर पेज वन के लिए भेज दीजिए। यह खबर पटना से डालटनगंज आ रही सरकारी बस में लूट और हत्या की थी। इसी बस में कुछ मेडिकल रिप्रेजेंटिव भी थे। इन्हीं लोगों ने पूरी कहानी मुझे बताई थी। वेद जी से आखिरी बार अक्टूबर 2001 में मुलाकात हुई। मैं उस वक्त अमर उजाला, जालंधर में था। डालटनगंज जाते ही सबसे पहले वेद जी से मिलने नवीन मेल के ऑफिस जाता था। इस दौरान वे वहीं रहने लगे थे। जब मुलाकात हुई तो वे कुछ ज्यादा ही कमजोर लग रहे थे। कुछ दिन पहले ही उनके सिर का ऑपरेशन हुआ था। उस समय उनके पैर में चोट लगी हुई थी। जब मैंने उनसे कहा कि ये क्या कर लिया है, सर। तो उनका जवाब था, 'अब कोई टोकने वाला भी तो नहीं है। आप जालंधर चले गए संजय रांची चला गया।' उनका मूड कुछ ज्यादा ही उखड़ा या यूं कहें उद्विग्न लग रहा था। मुझे क्या पता था कि यह आखिरी मुलाकात है। मार्च 2000 में जब मैं

प्रधान संपादक सुरेश कुमार बजाज और स्व. वेद प्रकाश वाजपेयी

डालटनगंज आया तो मुझे गॉल ब्लाडर में स्टोन का ऑपरेशन कराना था। उस वक्त तक वे अपने भैया के यहां नवादा जा चुके थे। रांची से जब मैं ऑपरेशन करा के लौटा तो 26 मार्च को खबर मिली की वेद जी अब इस दुनिया में नहीं रहें।

बाबा नागार्जुन की मौत और वेद जी का विह्वल होना : पांच नवंबर 1998 को वेद जी का फोन आया। उन्होंने कहा, 'सुमन जी जल्दी घर आइए। बाबा नहीं रहे। साथ में बाबा की कविता वाली किताब भी ले आइयेगा।' दस मिनट के अंदर मैं उनके पास था। वे बहुत ही गमगीन मुद्रा में बैठे थे। बाबा को याद करते हुए कभी भावुक हो रहे थे तो कभी आंसू पोंछने का प्रयास। उन्हीं के साथ ऑफिस आया। वेद जी ने कहा कि बाबा के ऊपर विशेष पेज निकालना है। मैं मुख्य लेख लिखूंगा और उस पेज का बॉटम लिखेंगे। मैंने कहा कि सर, मैं बाबा के बारे में बहुत नहीं जानता। पहले कुछ कविताएं और उनका कुछ साहित्य पढ़ा था और अब आपने कई किताबें पढ़वाई हैं। उस पर उनका जवाब था जितना पढ़ा है उसी पर लिखिए। वेद जी का कहा टालना संभव नहीं था। मैंने लिखा तो उनकी टिप्पणी थी 'कल आपके और मेरे लेख की सबसे ज्यादा चर्चा होगी।' हुआ भी ऐसा ही। ऑफिस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहर के लोगों ने इन दोनों लेखों की खूब चर्चा की।

वेद जी का क्रिकेट प्रेम : मैंने राष्ट्रीय नवीन मेल में क्रिकेट की एक टीम बना रखी थी। वेद जी कोच थे, इस टीम के। 26 जनवरी 2000 को राष्ट्रीय नवीन मेल एकादश बनाम शेष पत्रकार एकादश का मैच था। इस मैच के पूर्व उन्होंने कहा कि यह मैच हमें जरूर जीतना है। सुमन जी आप पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। उनकी कही बात सच हुई है। हमलोग मैच जीते ही नहीं, बल्कि मैंने काफी अच्छा खेल दिखाया और मैन ऑफ द मैच रहा।

– प्रभात मिश्रा

हर तबके की आवाज व विश्वसनीय खबरों का स्तम्भ है राष्ट्रीय नवीन मेल

पलामू में 14 अक्टूबर 1994 से लगातार 28 साल तक हर तबके की आवाज बनकर राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपना कीर्तिमान स्थापित किया है। शहर में घटित होने वाली सभी खबरों पर पैनी नजर रखने वाले शायद ही अन्य कोई समाचार पत्र होगी,जितना राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपना लोहा मनवाया है। 28 साल में अनगिनत प्रतिभा को तराश चुकी है और अभी भी निरंतर ये कार्य जारी है। राज्य गठन के बाद से लगातार सरकार और जनता के बीच एक सामंजस्य बनकर खड़ी है।आज मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है,जिसपर राष्ट्रीय नवीन मेल खरा उतरा है। हर अहम मुद्दे में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान समय में भी विश्वसनीयता का आधार राष्ट्रीय नवीन मेल ही है। समय बदलता चला जा रहा है, लेकिन निष्पक्ष और पारदर्शी खबरों का आधार और माध्यम आज भी अखबार को ही माना जाता है। खबरों की अधिकृत और वास्तविक सूचना का आधार समाचार पत्र को ही माना जाता है। आज भी इस अखबार में प्रेरणादायी और मोटिवेशन खबरों को ज्यादा स्पेस दिया जाता है। पाठकों की अपेक्षा भी रहती है कि उनकी समस्याओं का समाधान अखबार के माध्यम से हो तो इन विषयों को भी तवज्जो दी जाए। समाज हित के विषय सतत और अनवरत प्रकाशित किए जाने चाहिए। आज के समय में ये सरकार और जनता के बीच सेतू का कार्य कर रहा है। आम समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ साथ ज्वलंत विषयों पर भी फोकस करने में इसकी कोई सानी नही है।

किन किन मुद्दों पर प्रमुखता दिखाई : शहर में पेयजल की स्थिति के विषय पर जनहित में निगम को जगाने का प्रयास किया। वही, प्रशासन का अतिक्रमण पर ध्यानाकर्षण करवाया और इस मुद्दे पर प्रशासन को जगाने के लिए पहल भी किया। शहर में बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए सकारात्मक पहल की। आमजन की जरूरतों, शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक समाचार प्रकाशित किया जाता है। शहर में आवारा पशुओं की समस्या पर ध्यानाकर्षण करते हुए इस विषय के समाधान के लिए समाचारों के माध्यम से बड़ी पहल की।

28 साल का सफर पूरा किया : राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार आज 29 वें साल में प्रवेश कर गया है। सन 1994 की जब इस अखबार की नींव आज ही के दिन प्रधान संपादक सुरेश बजाज के द्वारा रखी गई थी। उस समय यह इकलौता अखबार पलामू से निकलती थी। लेकिन आज ये अखबार रांची से भी प्रकाशित हो रही है। शुरूआत में ये ब्लैक एंड व्हाइट में प्रकाशित होती थी। वक्त की मांग पर रंगीन में भी प्रकाशित निकलने लगा। इस अखबार की ही देन है कि इस अखबार से जुड़कर कई लोग पत्रकार बने। आज वे कई संस्थानो में संपादक, उप संपादक व ब्यूरो चीफ की भूमिका निभा रहे हैं। इसकी शुरूआत रांची रोड स्थित कार्यालय से हुई थी। 28 वर्षो के सफर में राष्ट्रीय नवीन मेल ने कई उतार चढ़ाव देखा । लेकिन समय बीतता गया और अपने मजबूत इरादों के साथ अडिग रहा। यहां कार्य कर चुके पत्रकार आज अमर उजाला, द पायोनियर, प्रभात खबर, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, रांची एक्सप्रेस, आजाद सिपाही, राष्ट्रीय खबर, सन्मार्ग समेत अन्य कई संस्थानो में काबिज है। इस अखबार की ख्याति पूरब में रांची, हजारीबाग, बोकारो, उतर में गया, जहानाबाद, आरा, पश्चिम में डेहरी से सासाराम व विंढमगंज से रेणुकूट तक एवं दक्षिण में सरगुजा जिला तक थी। आज इसकी ख्याति झारखंड के कोने कोने में है। यह अखबार कई लोगो को उनकी प्रतिभा निखारने का मौका दिया। अखबार ने अपने पूरे प्रकाशन यात्रा में हमेशा नई प्रतिभाओं को उचित स्थान देने का प्रयास किया है। जहां एक ओर पत्रकारिता जगत में कुछ नामचीन चुंनिन्दा पत्रकारों की तूती बोलती है और उभरते लोगों को अत्यंत संघर्ष के बावजूद उचित स्थान नहीं मिलता। लेकिन राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रारम्भिक वर्षों से ही प्रतिभाओं को उभारकर पत्रकारिता के प्रति अपने जवाबदेही का निर्वाह किया है। सामाजिक सरोकारों के प्रति अखबार प्रबंधन ने पूरी श्रद्धा के साथ पूरा करने का प्रयास हमेशा किया है।

आज भी पत्रकारों की पहली पसंद बनी : आज के दौर में भी युवा पत्रकार की पहली पसंद राष्ट्रीय नवीन मेल ही बना हुआ है। यहां कार्यरत सभी पत्रकार को समय समय पर प्रशिक्षण देने का भी कार्य किया जाता है। यहां के पत्रकारों की कई रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने भी संज्ञान ले चुके है। होली,विश्वकर्मा पूजा,दीवाली जैसे पर्व पर पूरे धूमधाम से उत्सव का आयोजन किया जाता है। संपादक ओम प्रकाश अमेन्द्र के नेतृत्व में कर्मचारियों के हितों का भी ख्याल बखूबी से रखा जाता है। जिससे सभी कर्मचारियों में अपनापन की भावना बनी रहती है। जिस कारण पत्रकारिता में अपना भविष्य बनाने वालों का पहली प्राथमिकता राष्ट्रीय नवीन मेल बना हुआ है।

❖ अमर नाथ सोनी

राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने पत्रकारों की फौज खड़ी की है

स्थानीय निवासी राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार आज 29 वें साल में प्रवेश कर गया है। अपने 28 सालों का सफर सफलता पूर्वक तय कर चुका है। राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपनी प्रकाशन की निरंतरता को बनाए रखते हुए 29 वें वर्ष में प्रवेश किया है। राष्ट्रीय नवीन मेल की शुरूआत पलामू के मेदिनीनगर स्थित रेड़मा से हुई थी। इस दौरान राष्ट्रीय नवीन मेल ने कई उतार चढ़ाव देखा । लेकिन समय बीतता गया और अपने मजबूत इरादों के साथ अडिग रहा। बात है सन 1994 की जब इस अखबार की नींव आज ही के दिन रखी गई थी। मतलब 14 अक्टूबर 1994 उस समय यह अखबार पलामू से निकलती थी। लेकिन आज ये अखबार रांची से भी प्रकाशित हो रही है। शुरूआत में इसका कलर ब्लैक एंड व्हाइट थी। वक्त की मांग पर दो साल पहले यह रंगीन में निकलने लगा। इस अखबार की ही देन है कि इससे जुड़कर कई लोग पत्रकार बने। आज वे कई संस्थानो में संपादक, उप संपादक व ब्यूरो चीफ की भूमिका निभा रहे हैं। पांकी के भी कई नामचीन पत्रकार पूर्व में राष्ट्रीय नवीन मेल से ही जुड़कर अपनी शुरूआत किये थे। इस अखबार की ख्याति पूरब में रांची, हजारीबाग, बोकारो, उतर में गया, जहानाबाद, आरा, पश्चिम में डेहरी से सासाराम व विंढमगंज से रेणुकूट तक एवं दक्षिण में सरगुजा जिला तक थी। आज इसकी ख्याति झारखंड के कोने कोने में है। यह अखबार कई लोगो को उनकी प्रतिभा निखारने का मौका दिया। अखबार ने अपने पूरे प्रकाशन यात्रा में हमेशा नई प्रतिभाओं को उचित स्थान देने का प्रयास किया है। जहां एक ओर पत्रकारिता जगत में कुछ नामचीन चुंनिन्दा पत्रकारों की तूती बोलती है और उभरते लोगों को अत्यंत संघर्ष के बावजूद उचित स्थान नहीं मिलता। लेकिन राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रारम्भिक वर्षों से ही प्रतिभाओं को उभारकर पत्रकारिता के प्रति अपने जवाबदेही का निर्वाह किया है। सामाजिक सरोकारों के प्रति अखबार प्रबंधन ने पूरी श्रद्धा के साथ पूरा करने का प्रयास हमेशा किया है। भविष्य में

राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार लोकतंत्र के इस चौथे स्तम्भ को और भी अधिक संवारने के लिए अपने सुधि पाठकों को सामाजिक सरोकार,जन मुद्दों को अधिक वरीयता देने का प्रयास किया जाता रहेगा।

❖ अखिलेश ठाकुर

इस संस्थान के पत्रकार देश विदेश में अपना जौहर दिखा रहे हैं

राष्ट्रीय नवीन मेल अपनी स्थापना के 28 वें साल का सफर तय कर 29 वें साल में प्रवेश कर गया। समय के साथ इसकी ख्याति और भी बढ़ती गईऔर भी मजबूत होता चला गया। यह संस्था पलामू के पत्रकारों के लिए ट्रेनिंग का सेंटर रहा है। यही कारण है कि राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में काम करने वाले पत्रकार आज के समय में देश विदेश में अपने जौहर दिखा रहे हैं। यह समाचार पत्र पत्रकारिता से जुड़े लगभग सभी प्रमुख मुद्दों को उठाती रही है। आज हम 28 साल पहले की कल्पना नहीं कर सकते कि इस अखबार के माध्यम से जो खबर छपती थी । उस खबर को पढ़ने के लिए पलामू सहित झारखंड बिहार के लोग लालायित रहते थे। इसने लोकल खबर को प्राथमिकता दी । इसने अपने कार्यकर्ताओं के बदौलत पलामू के हर गांव और कस्बों में राष्ट्रीय नवीन मेल पहुंचने लगा। इसके कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाई है। इसी का परिणाम है कि लोग आज भी इस अखबार की खबर को पढ़ने के लिए विवश है। इसने कम समय में ही काफी लोकप्रियता हासिल कर ली। और लोगों की चाहत बन गयी। इस समाचार पत्र में माध्यम से लोगों को राजनैतिक, सामाजिक, क्राइम के अतिरिक्त हास्य और मनोरंजन भी प्रस्तुत की जाती थी। इस समाचार पत्र के माध्यम से गांव व कस्बों समाचार से जुड़ी ज्यादा खबरें प्रकाशित होती थी।और आज भी लोकल खबर को प्राथमिकता के साथ छापा जाता है। मुख्य संपादक सुरेश बजाज की मेहनत और लगन के कारण यह 28 वर्षों तक लगातार प्रकाशित होता रहा। इसमें प्रकाशित खबरे लोगों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। परंतु अपनी लेखनी और समाचार के कारण यह आम लोगों में लोकप्रिय हो गया।

❖ ओपी प्रजापति

पलामूवासियों के लिए नित्य नूतन अहसास है 'राष्ट्रीय नवीन मेल'

पलामू जिला के मेदिनीनगर से 28 वर्ष पूर्व 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के रूप में दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशित होना कोई सामान्य सी बात नहीं थी,वरन यहां के सुधिजनों के बहुप्रतीक्षित सपने का साकार होना था। धीरे धीरे उन सपनों के पंख लगे और तब से लेकर अबतक बिना रूके उड़ान जारी है। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के विगत लगभग तीन दशक की यात्रा पर दृष्टि डालें तो पता चलता है कि अखबार ने इतिहास रचा है,वर्तमान को गढ़ा है और भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। समस्त पलामू प्रमंडल ने इस अखबार को समाचार की विश्वसनीयता के साथ अपनत्व के भाव से अपनाया। यहां के लोगों ने इसे उपलब्धि एवं गौरव के रूप में आत्मसात किया।

स्थानीय समाचारों की गुणवत्ता सहित प्रमुखता : 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के प्रकाशन से स्थानीय समाचारों को प्रमुखता मिलने लगी। समाचारों की गुणवत्ता इसकी खासियत रहती थी। इसमें कई समाचार जनहित से जुड़े होते थे, जो प्रशासन का ध्यान खींचने में सफल होते थे। फलतः स्वतः इसके समाधान के मार्ग खुल जाते थे। आज भी अखबार अपने पुराने साख को बचाये हुए है।

पाठकों की पहली पसंद : राष्ट्रीय नवीन मेल' के प्रकाशन के पूर्व दूसरे शहरों से प्रकाशित अनेक अखबार यहां आते रहे थे। मगर प्रकाशन के साथ ही यह अखबार यहां के लोगों की पहली पसंद बन गया। पाठक दूसरे अखबार चाहे जितना पढ़ लें, किन्तु राष्ट्रीय नवीन मेल पढ़े बिना उन्हें चैन नहीं मिलता। कहना न होगा कि शीघ्र ही सुधि पाठकों के लिए 'राष्ट्रीय नवीन मेल' दैनिक जरूरत बन गयी।

राष्ट्रीय नवीन मेल पत्रकारिता की नर्सरी : राष्ट्रीय नवीन मेल' ने न सिर्फ समाचारों को प्रकाशित किया,बल्कि अपनी नर्सरी में नये पत्रकारों को भी गढ़ा। लेखन को उत्सुक नव अंकुरित प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें सक्षम संवाददाता व पत्रकार बनाया। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' से सीखकर निकले अनेकानेक संवाददाता व पत्रकारों का आज दूसरे शहरों व राज्यों में डंका बज रहा है। राष्ट्रीय नवीन मेल के इस योगदान की चर्चा समय समय पर होती रहती है।

पलामू की सकारात्मक छवि : राष्ट्रीय नवीन मेल के प्रकाशन से पलामू की सकारात्मक छवि उभारने में मदद मिली। इसके पहले पलामू को सुखाड़ व नक्सलवाद के गढ़ के रूप में जाना जाता था। पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने पलामू प्रमंडल में विद्यमान प्राकृतिक सौन्दर्य, स्वाधीनता संग्राम में योगदान, संविधान निर्माण में सहभागिता व यहां के लोगों की जिंदादिली को प्रमुखता से स्थान दिया। इससे बाहर के लोगों को पलामू के बारे में सही समझ बनाने में मदद मिली तथा वे यहां की विशेषताओं को जान पाये। आज जब राष्ट्रीय नवीन मेल अपने प्रकाशन के 29 वें वर्ष में प्रवेश कर गया है, तब भी यह पाठकों को नित्य नूतन अहसास कराने में सफल हो रहा है। किसी भी अखबार के लिए इससे बेहतर बात क्या हो सकती है।अंत में मेरी ओर से अखबार से जुड़े सभी कलमकारों, महानुभावों व पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

❖ परशुराम तिवारी
शिक्षक सह लेखक

साहित्य संवर्द्धन में अमूल्य योगदान

पलामू में साहित्य लिखने वाले रचनाकारों की कमी नहीं थी। मगर उन्हें उस जमाने में यथोचित मंच सुलभ नहीं हो पा रहा था। जिससे उनकी रचनाएं छपकर पाठकों तक नहीं पहुंच पा रही थी। राष्ट्रीय नवीन मेल के आने से साहित्यकारों को उचित मंच और भरपूर स्थान मिला। इससे साहित्यिक प्रतिभाओं को निखरने का पूरा अवसर मिला। रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के साथ साहित्य समृद्धि में राष्ट्रीय नवीन मेल के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता।

राष्ट्रीय नवीन मेल के स्वर्णिम 28 वर्ष का सफर

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार आज अपने 28 सालो का सफर सफलता पूर्वक तय करने के बाद अब 29 वें साल में प्रवेश कर गया है। राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपनी प्रकाशन की निरंतरता को बनाए रखते हुए 29 में प्रवेश किया है। राष्ट्रीय नवीन मेल की शुरूआत पलामू के मेदिनीनगर स्थित रेडमा से हुई थी। इस दौरान राष्ट्रीय नवीन मेल ने कई उतार चढ़ाव देखा लेकिन समय बीतता गया और अपने मजबूत इरादों के साथ अडिग रहा। बात है सन 1994 की जब इस अखबार की नींव आज ही के दिन रखी गई थी। मतलब 14 अक्टूबर 1994, उस समय यह अखबार पलामू से निकलती थी। लेकिन आज ये अखबार रांची से भी प्रकाशित हो रही है। शुरूआत में इसका कलेवर ब्लैक एंड व्हाइट में थी। वक्त की मांग पर सात साल पहले यह रंगीन में निकलने लगा। अपने 28 सालों के स्वर्णिम सफर में राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने पत्रकारिता का सर्वोच्च मानदंड प्रस्तुत किया है। आज के परिप्रेक्ष्य में पत्रकारिता जगत के मायने व भूमिका बदली है ऐसे में खबरों के चयन, अखबार की भूमिका और अखबार संचालन के पुराने तौर तरीके पीछे से छूट गए हैं। इन सबके बीच जन सरोकार के मुद्दे और आम ग्रामीण भारत की असल तस्वीर के सुधि पाठकों तक पहुंचाने का हर सम्भव प्रयास किया गया है। उभरते प्रतिभाओं को उचित मंच देकर मानवीय मूल्यों, पारदर्शी व भेदभाव रहित पत्रकारिता ही उद्देश्य रहे हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल उस दौर से झारखंड में कलम क्रांति की बीज बोने का काम किया जब खबरों को आम जन तक पहूंचाने के लिए अन्य नगण्य की स्थिति में थे, तब से संघर्ष चल रहा। इस अखबार की ही देन है कि इस अखबार से जुड़कर कई लोग पत्रकार बने। आज वे कई संस्थानो में संपादक, उप संपादक व ब्यूरो चीफ की भूमिका निभा रहे हैं। लोहरदगा के भी कई नामचीन पत्रकार पूर्व में राष्ट्रीय नवीन मेल से ही जुड़कर अपनी शुरूआत किये थे, आज वे द पायोनियर, हिंदुस्तान, प्रभात खबर, रांची एक्सप्रेस, सन्मार्ग समेत अन्य कई संस्थानो में काबिज है। इस अखबार की ख्याति पूरब में रांची, हजारीबाग, बोकारो, उतर में गया, जहानाबाद, आरा, पश्चिम में डेहरी से सासाराम व विंढमगंज से रेणुकूट तक एवं दक्षिण में सरगुजा जिला तक थी। आज इसकी ख्याति झारखंड के कोने कोने में है। यह अखबार कई लोगो को उनकी प्रतिभा निखारने के मौका दिया। कई पत्रकारों को मंच प्रदान कर जीवन में बड़ी पारी खेलने का अवसर अखबार विभिन्न लोगों को अवसर दे चुका है। सामाजिक सरोकारों के प्रति अखबार प्रबंधन ने पूरी श्रद्धा के साथ पूरा करने का प्रयास हमेशा किया है। भविष्य में भी राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार लोकतंत्र के इस चौथे स्तम्भ को और भी अधिक संवारने के लिए अपने सुधि पाठकों को सामाजिक सरोकार,जन मुद्दों को अधिक वरीयता देने का प्रयास किया जाता रहेगा। पत्रकारिता की पहुंच हर आम व्यक्ति से जुड़े ना कि नामचीन लोगों की मुट्ठी में इसकी चावी हो, ऐसे धारणा रही है। आज के दौर में मीडिया संस्थान के समक्ष विशेषकर प्रिंट मीडिया के पास कई चुनौतियां हैं इसके लिये सभी परिवार से जुड़े पत्रकार व कर्मियों को भी कमर कसकर संघर्ष व निरन्तर परिश्रम का रास्ता अख्तियार करने को हर कदम पर तैयार रहना होगा। किसी भी सफल संस्थान के लिए बहुत कुछ आहूत करनी होती है इसे सभी गांठ बांध लें। आने वाले समय में अतीत में परिश्रम के फसल काटने के दिन साबित हो। अपने काम पर फोकस कर आगे की ओर सकारात्मक विचारों से हर दिन के टास्क पूरा करने की जरूरत है। सभी को खूब मेहनत करने की ललक बढ़े और सभी अपनी जिम्मेदारी व जवाबदेही को समझकर अपना शत प्रतिशत देने का प्रयास करें यही अपेक्षा है। स्वर्णिम भविष्य सभी मेहनतकश लोगों का राह देख रही है। सभी लक्ष्य पर केंद्रित रहें। राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार के हर सदस्य व उनसे संबंधित लोगो को आगामी वर्ष में खुशी समृद्धि व सफलता लेकर आये। सभी को अनन्त शुभकामनाएं।

आज के परिप्रेक्ष्य में पत्रकारिता जगत के मायने व भूमिका बदली है ऐसे में खबरों के चयन, अखबार की भूमिका और अखबार संचालन के पुराने तौर तरीके पीछे से छूट गए हैं। इन सबके बीच जन सरोकार के मुद्दे और आम ग्रामीण भारत की असल तस्वीर के सुधि पाठकों तक पहुंचाने का हर सम्भव प्रयास किया गया है। उभरते प्रतिभाओं को उचित मंच देकर मानवीय मूल्यों, पारदर्शी व भेदभाव रहित पत्रकारिता ही उद्देश्य रहे हैं।

❖ राहुल कौशल